राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

10 अमेरिका में संकटः फिर मंडरा रहा शटडाउन का खतरा, सांसदों में नहीं ...

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में अश्विन के चयन पर इरफान पठान ... 11

वर्ष : 11 | अंक : 131 | पटना,गुरुवार, 21 सितंबर, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम अधिकतम तापमान 36°C
न्यूनतम तापमान 29.0°C

हां 30%
नहीं 50%
कह नहीं सकते 10%

बाजार

सोना 59,340
चांदी 55,350
सेंसेक्स 63,327
निफ्टी 18,816

संक्षिप्त खबरें

सांसदों को दी गई संविधान की प्रति में धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द गायब : अधीर

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने बुधवार को आरोप लगाया कि नये संसद भवन के उद्घाटन के दिन सांसदों को दी गई संविधान की प्रति में प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द गायब थे। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि प्रति में संविधान की प्रस्तावना का मूल संस्करण था और ये शब्द बाद में संवैधानिक संशोधनों के बाद इसमें जोड़े गए थे। उन्होंने कहा, यह मूल प्रस्तावना के अनुसार है। संशोधन बाद में किए गए। मामले को गंभीर करार देते हुए चौधरी ने कहा कि शब्दों को बड़ी ही चालाकी से हटा दिया गया है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार की मंशा पर संदेह व्यक्त किया। चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, संविधान की प्रस्तावना की जो प्रति हम नये भवन में ले गए, उसमें धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द शामिल नहीं हैं। उन्हें चतुराई से हटा दिया गया है॥ यह एक गंभीर मामला है और हम इस मुद्दे को उठाएंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्हें यह पता है कि ये शब्द बाद में 1976 में संविधान में जोड़े गए थे। उन्होंने कहा, ह्यह्यमेरे लिए यह एक गंभीर मुद्दा है। मुझे उनकी मंशा पर संदेह है, क्योंकि इस पर उनका दिल साफ नहीं लगता।लोकसभा में सदन के कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि अगर कोई आज संविधान की प्रति देता है, तो वह आज का संस्करण होना चाहिए।

भारत ने अपने नागरिकों के लिए जारी किया परामर्श, कनाडा प्रवास में बरतें सावधानी

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने कनाडा में बढ़ती भारत विरोधी गतिविधियों और राजनीतिक समर्थन प्राप्त अपराधों तथा हिंसा को देखते हुए वहां मौजूद और यात्रा करने की सोच रहे भारतीय नागरिकों को परामर्श जारी कर अत्यधिक सावधानी बरतने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि कनाडा में भारतीय राजनयिकों और भारत के खिलाफ चल रहे एजेंडे का विरोध करने वाले भारतीयों को निशाना बनाया जा रहा है। ऐसे में भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे कनाडा के उन क्षेत्रों और संभावित स्थानों की यात्रा करने से बचें जहां ऐसी घटनाएं हुई हैं।

अंत्येष्टि में शामिल होने जा रहे चार लोगों की सड़क हादसे में मौत

सुरेंद्रनगर। गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में दसाडा को जैनाबाद से जोड़ने वाले राजकीय राजमार्ग पर बुधवार सुबह एक कार और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। दसाडा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मोरबी जिले के चार लोग अहमदाबाद के कुकवाव गांव में एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे, तभी सुबह करीब आठ बजे उनकी कार को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। अधिकारी के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि कार दूर सड़क किनारे एक खेत में जा गिरी और उसमें सवार सभी लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस के अनुसार, मृतकों की उम्र 22 से 35 साल के बीच थी।

संसद और विधानसभा सब जगह महिलाओं को मिलना चाहिए आरक्षण : नीतीश

बोलें- हम तो शुरू से ही महिला आरक्षण के पक्षधर रहे हैं

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित नारी शक्ति वंदन विधेयक का समर्थन किया है। साथ ही इसे स्वागत योग्य कदम बताया है। हालांकि मुख्यमंत्री ने इस बिल को लेकर केन्द्र सरकार की नीयत पर सवाल उठाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संसद और विधानसभा सब जगह महिलाओं को आरक्षण मिलना चाहिए लेकिन दिक्कत है कि ये लोग तो लागू करेंगे नहीं। यह तो बहुत पहले हो जाना चाहिए था। मुख्यमंत्री बुधवार को मुख्य सचिवालय का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम तो शुरू से ही महिला आरक्षण के पक्षधर रहे हैं। संसद में मेरा दिया गया भाषण देख लीजिए। महिलाओं को सबसे पहले 50 प्रतिशत का आरक्षण हमने ही दिया। वर्ष 2006 में पंचायती राज संस्थाओं में और वर्ष 2007 में नगर निकायों में हमने महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। हमने बड़ी संख्या में बहाली भी शुरू की। प्रारंभिक शिक्षक नियोजन में महिलाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण हमने दिया। बाद में सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत सीट आरक्षित कर दी गई। पुलिस में भी महिलाओं को 35 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया। आज बिहार में पुलिस में जितनी भागीदारी महिलाओं की है उतनी

देश में कहीं नहीं है। स्वयं सहायता समूह में बड़ी संख्या में महिलाएं जीविका दीदियों के माध्यम से शामिल हुईं। महिलाओं के लिए बिहार में काफी काम किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर 10 साल पर जनगणना होनी चाहिए थी लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। यह हमेशा समय पर होना चाहिए। हमने कहा कि इसमें जाति आधारित गणना भी होनी चाहिए।

एससी-एसटी, पिछड़ा-अतिपिछड़ा महिलाओं को मिले आरक्षण : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमारी मांग है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2008 से वर्ष 2012-13 तक हम मुख्य सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में 9:30 बजे आया करते थे, अभी अपने आवासीय कार्यालय से ही कार्य का निष्पादन करते हैं। हमें जानकारी मिली है कि सचिवालय में लोग अपने कार्यालय देर से आ रहे हैं तो हम इसका निरीक्षण करने आए हैं। अब हम सप्ताह में तीन दिन मुख्य सचिवालय स्थित कार्यालय और दो दिन मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित कार्यालय आएंगे और निरीक्षण करेंगे, उसके बाद अपने आवासीय कार्यालय में बैठेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ मौजूद थे।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम : लोकसभा में 454 सांसदों ने बिल के पक्ष में और 2 सांसदों ने खिलाफ में किया वोट

महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा में पारित

लोस में 60 सदस्यों ने विधेयक पर चर्चा में लिया भाग

प्रातः किरण

नई दिल्ली। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत सीटें देने वाला महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा में पारित हुआ। 454 सांसदों ने बिल के पक्ष में और 2 सांसदों ने इसके खिलाफ वोट किया। सदन में कांग्रेस, सपा, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने विधेयक का समर्थन किया। हालांकि, असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने विधेयक का विरोध किया। सदन में ओवैसी समेत एआईएमआईएम के दो सदस्य हैं।

27 महिला सदस्यों ने लिया बहस में हिस्सा : कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने विधेयक पर चर्चा की शुरूआत की। राहुल गांधी, गृह मंत्री अमित शाह, महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी समेत कुल 60 सदस्यों ने इस विधेयक पर चर्चा में भाग लिया। इनमें 27 महिला सदस्य शामिल हैं। विधेयक पारित किए जाने के दौरान सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि इस अभूतपूर्व समर्थन के साथ बिल पारित होने पर खुशी हुई। मैं सभी पार्टियों के सांसदों को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने इस विधेयक के समर्थन में मतदान किया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक कानून है, जो महिला सशक्तिकरण को और बढ़ावा देगा और हमारी राजनीतिक प्रक्रिया में महिलाओं की और भी अधिक भागीदारी को सक्षम करेगा।

जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी कीजिए: राहुल

इससे पहले विधेयक पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को आज पारित कीजिए और लागू कीजिए। परिसीमन और जनगणना की कोई जरूरत नहीं है। सीधे 33 फीसदी आरक्षण महिलाओं को दे दीजिए। आप जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी कीजिए। अगर आपने जारी नहीं किए तो हम जारी कर डालेंगे। कांग्रेस सांसद ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक बहुत महत्वपूर्ण है। इस बिल को तुरंत ही लागू किया जाना चाहिए। राहुल ने कहा कि वे इस विधेयक के समर्थन में हैं, लेकिन ओबीसी आरक्षण के बिना महिला आरक्षण अधूरा रहेगा।

यह एक बड़ा कदम है, लेकिन मेरे लिए यह अधूरा है, क्योंकि ओबीसी महिलाओं के एक बड़े हिस्से के लिए आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। इस देश में केंद्र सरकार में 90 सचिव हैं और उनमें से सिर्फ तीन ही अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं और यही पांच फीसदी लोग बजट को कंट्रोल करते हैं। यह ओबीसी समुदाय का अपमान है। उन्होंने कहा कि भारत की महिलाओं को सत्ता हस्तांतरित करने की दिशा में सबसे बड़ा कदम था पंचायती राज, जहां उन्हें आरक्षण दिया गया और बड़े पैमाने पर राजनीतिक व्यवस्था में प्रवेश करने की अनुमति दी गई। नए संसद भवन को लेकर कही यह बात राहुल ने संसद भवन के बारे में कहा कि यह एक अच्छी इमारत है। इसकी दीवारों पर सुंदर मोर बने हैं, लेकिन मैं इस भवन में भारत के राष्ट्रपति को भी देखना पसंद करूंगा। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार कई मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश करती है। इसमें से एक मुद्दा है जातिगत जनगणना। मुझे बिल्कुल समझ नहीं आता कि क्या कारण है कि जैसे ही विपक्ष जातिगत जनगणना का मुद्दा उठाता है, भाजपा अन्य मुद्दों को लाकर अचानक ध्यान भटकाने की कोशिश करती है, ताकि ओबीसी समुदाय और भारत के लोग दूसरी तरफ देखने लगें।

हम विधेयक को फंसने नहीं देंगे, पक्का प्रबंध कर रहे हैं

इस पर केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने विपक्ष से कहा कि क्या आप चाहते हैं कि तुरंत दे दें और सुप्रीम कोर्ट में मामला फंस जाए, लेकिन तकनीकी बातें हैं। इस विधेयक को हम अब फंसने नहीं देंगे। महिलाओं को इंतजार नहीं करना पड़े, इसका पक्का प्रबंध कर रहे हैं। हम नहीं चाहते कि लोग जनहित याचिकाएं लगाएं। उनके पास न तो नीति थी, न नीयत थी, न नेतृत्व था। हमारे पास नीति भी है, नीयत भी है और मोदी जी जैसा नेतृत्व भी है।

यह युग बदलने वाला विधेयक है : शाह

नई दिल्ली। लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने संकेत दिया कि संसद से पास होने के बाद यह विधेयक 2029 के बाद अमल में आएगा। उन्होंने कहा कि यह युग बदलने वाला विधेयक है। मेरी पार्टी और मेरे नेता प्रधानमंत्री मोदी के लिए महिला आरक्षण राजनीति का मुद्दा नहीं, मान्यता का सवाल है। तपती धूप में मई के महीने में पटवारी से लेकर मुख्यमंत्री तक पूरी सरकार गांव-गांव में जाती थीं, ताकि बच्चियों को स्कूलों में पंजीकृत कर सकें। जब प्रधानमंत्री मोदी गुजरात प्रांत में भाजपा संगठन में महासचिव थे, तब वडोदरा कार्यकारिणी में यह फैसला हुआ कि संगठनात्मक पदों में एक तिहाई आरक्षण महिलाओं को दिया जाओगे। गर्व से कह सकता हूं कि ऐसा करने वाली हमारी पहली पार्टी है। इससे पहले उन्होंने कहा कि कल का दिन भारतीय संसद के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। कल के दिन वर्षों से जो लंबित था, वो महिलाओं को अधिकार देने का बिल सदन में पेश हुआ। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साधुवाद देना चाहता हूं। इस बिल के पारित होने से महिलाओं के अधिकारों की लंबी लड़ाई खत्म हो जाएगी। जी 20 के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने महिला नेतृत्व वाले विकास का विजन पूरी दुनिया के सामने रखा।

उन्होंने कहा कि कुछ पार्टियों के लिए महिला सशक्तिकरण एक राजनीतिक एजेंडा हो सकता है, कुछ पार्टियों के लिए महिला सशक्तिकरण का नारा चुनाव जीतने का एक हथियार हो सकता है लेकिन भाजपा के लिए महिला सशक्तिकरण राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि मान्यता का सवाल है। शाह ने कहा कि कोई जवाब को अपने दिल से न लगा ले। एक ऐसा मौका है, जिसमें समग्र देश और समग्र विश्व को यह संदेश देने की जरूरत है कि मोदी जी के नेतृत्व में महिलाओं को आरक्षण दिया जा रहा है। यह पांचवां प्रयास है। यह विधेयक पहली बार नहीं आया है। यह संविधान संशोधन विधेयक पहली बार नहीं आया। क्यों मोदी जी को यह विधेयक लाना पड़ा? किसके कारण पारित नहीं हो सका था? क्या प्रयास अधूरे थे, मंशा अधूरी थी? सबसे पहले 1996 में यह विधेयक आया देवेगौड़ा जी के कार्यकाल में। इसका श्रेय कांग्रेस को देना हो तो दे दीजिए। तब कांग्रेस विपक्ष में थी। विधेयक को सदन में रखने के बाद संयुक्त समिति को दे दिया गया। नौ दिसंबर 1996 को समिति ने रिपोर्ट दे दी, लेकिन विधेयक सदन में पारित नहीं हो सका। जब 11वीं लोकसभा भंग हो गई तो विधेयक विलोपित हो गया। अधीर रंजन जी ने कहा कि विधेयक लंबित है, हमारा ही विधेयक रखा हुआ है, जबकि विधेयक लंबित नहीं था, जिंदा नहीं था। जब लोकसभा भंग हो जाती है तो अनुच्छेद 107 के तहत लंबित विधेयक विलोपित हो जाते हैं। ये मुझसे दस साल का हिसाब मांग रहे हैं, लेकिन अपने साठ साल का हिसाब नहीं देते। यह विधेयक चार बार आया, पारित नहीं हुआ। हर बार इस देश की मातृशक्ति को इस सदन ने निराश किया। हमारी मंशा पर सवाल उठाए गए। सामान्य, एससी, एसटी में एक तिहाई सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया : उन्होंने कहा कि आरक्षण के प्रावधान अनुच्छेद 330 और 332 में हैं। ये दोनों अनुच्छेद एससी-एसटी आरक्षण के लिए हैं। अभी विद्यमान संविधान में तीन श्रेणी में सांसद चुनकर आते हैं। एक सामान्य श्रेणी से हैं, जिसमें ओबीसी भी शामिल होते हैं। दूसरी श्रेणी एससी और तीसरी एसटी है। इन तीनों श्रेणियों में हमने महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया है। संविधान संशोधन विधेयक में 330 अ और 332 अ के माध्यम से महिला आरक्षण का प्रावधान किया है। सामान्य, एससी, एसटी में एक तिहाई सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है।

शाह ने कहा, सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने भूमिका बनाना शुरू कर दी है कि इसे समर्थन मत करो क्योंकि परिसीमन की बात कही जा रही है। इसका समर्थन मत करो क्योंकि मुस्लिम आरक्षण नहीं है। ...मेरा उनसे कहना है कि समर्थन नहीं करोगे तो क्या जल्दी आरक्षण आ जाएगा? तब भी तो 2029 के बाद आएगा। एक बार श्रीगणेश तो करो। गणेश चतुर्थी के दिन यह विधेयक आया है। एक बार शुरूआत तो करो।

महिला आरक्षण विधेयक लैंगिक न्याय के लिए हमारे दौर की सबसे परिवर्तनकारी क्रांति : मुर्मू

प्रातः किरण

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सरकार द्वारा लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला विधेयक पेश किए जाने के एक दिन बाद बुधवार को कहा कि यह लैंगिक न्याय के लिए हमारे दौर की सबसे परिवर्तनकारी क्रांति होगा। मुर्मू यहां विज्ञान भवन में एशिया प्रशांत के राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों के द्विवार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद लोगों को संबोधित कर रही थीं। महिला आरक्षण विधेयक नये संसद भवन में मंगलवार को पेश किया गया पहला विधेयक था। राष्ट्रपति ने कहा, हमने स्थानीय निकाय के चुनावों में महिलाओं के लिए न्यूनतम 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया है। एक और सुखद संयोग है कि राज्य विधानसभाओं और देश की संसद में महिलाओं के लिए ऐसा ही आरक्षण देने वाला एक प्रस्ताव अब आगे बढ़ रहा है। यह लैंगिक न्याय के लिए हमारे दौर की सबसे परिवर्तनकारी क्रांति होगा। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) 20-21 सितंबर को एशिया पैसिफिक फोरम (एपीएफ) के साथ मिलकर इस सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। इसमें भारत और विदेश के 1,300 से अधिक प्रतिनिधियों के हिस्सा लेने की संभावना है। राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों के वैश्विक गठबंधन की सचिव अमीना बोयाच, एपीएफ की अध्यक्ष डू-इन सोंग और एनएचआरसी के अध्यक्ष न्यायधीश (सेवानिवृत्त) अरुण कुमार मिश्रा भी इस मौके पर उपस्थित रहे। एनएचआरसी ने पहले बताया था कि एपीएफ सदस्य देशों के साझा हित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए बुधवार को 28वीं वार्षिक आम बैठक भी करेगा।सम्मेलन में देश में मानवाधिकारों की रक्षा में शामिल केंद्र तथा राज्य सरकारों, राज्य मानवाधिकार आयोगों और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ ही विभिन्न देशों के एनएचआरआई के वरिष्ठ अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं।

महिला आरक्षण विधेयक को जल्द से जल्द लागू किया जाए : सोनिया

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आज लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन करते हुए कहा इसके रास्ते की सभी रुकावटों को दूर करते हुए जल्दी से जल्दी लागू करने की माँग की। श्री सोनिया गांधी ने संविधान (128वाँ संशोधन) विधेयक 2023 चर्चा की शुरूआत में अपने पति और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को याद करते हुए कहा कि खुद उनकी जिंदगी का यह बहुत मार्मिक क्षण है। पहली दफा स्थानीय निकायों में स्त्री की भागीदारी तय करने वाला संविधान संशोधन उनके जीवन साथी राजीव गांधी ही लाए थे, जो राज्यसभा में सात वोटों से गिर गया था। बाद में प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने ही पारित कराया। आज उसी का नतीजा है कि देशभर के स्थानीय निकायों के जरिए हमारे पास 15 लाख चुनी हुई महिला नेता हैं। राजीव गांधी का सपना अभी तक आधा ही पूरा हुआ है। उन्होंने इस विधेयक को लागू करने में होने वाली देरी पर सवाल उठाते हुए कहा, मगर एक चिंता भी है, मैं एक सवाल पूछना चाहती हूं कि बीते 13 सालों से भारतीय स्त्रियां अपनी राजनीतिक जिम्मेदारी का इंतजार कर रही हैं और अब उन्हें कुछ और साल इंतजार करने के लिए कहा जा रहा है। क्या भारत की स्त्रियों के साथ यह बर्ताव उचित है। कांग्रेस नेता ने कहा की उनकी पार्टी की मांग है कि इस विधेयक को फौरन अमल में लाया जाए और इसके साथ ही जातीय जनगणना कराकर एससी, एसटी, ओबीसी की महिलाओं के आरक्षण की व्यवस्था की जाए।

हर फैसला चुनाव देखकर नहीं किया जाता : अनुप्रिया

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सरकार पर महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक आगामी लोकसभा चुनाव में फायदा पाने के लिए लाने के विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि संसद में हर फैसला चुनाव को देखकर नहीं किया जाता। लोकसभा में महिला आरक्षण से संबंधित संविधान (128वां संशोधन) विधेयक, 2023 पर चर्चा के दौरान हस्तक्षेप करते हुए केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि विधेयक में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटा की मांग करने वाली कांग्रेस ने 2010 में उसके नेतृत्व वाली सरकार के समय इस विधेयक को लाये जाने के दौरान ओबीसी कोटे की बात क्यों नहीं की थी। उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा, कांग्रेस को क्या नया-नया यह ख्याल आया है। पटेल ने हालांकि कहा कि ओबीसी को आरक्षण का यह विषय महत्वपूर्ण है और उन्हें विश्वास है कि पिछले नौ वर्ष में इस वर्ग के उत्थान के लिए अनेक निर्णय लेने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस दिशा में भी निश्चित रूप से विचार कर रहे होंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 27 साल से महिला आरक्षण कानून बनाने के प्रयास किये जाते रहे हैं जो सफल नहीं हो सके, लेकिन मोदी सरकार इसे तार्किक परिणति तक पहुंचाएगी।

ओबीसी और अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए अलग कोटा हो : डिंपल

नई दिल्ली/एजेंसी। समाजवादी पार्टी की सदस्य डिंपल यादव ने बुधवार को लोकसभा में सरकार से आग्रह किया कि महिलाओं के लिए आरक्षण के प्रावधान वाले नारीशक्ति वंदन विधेयक में अनुसूचित जाति और अनुसूसित जनजाति (एससी/एसटी) के साथ ही अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) तथा अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं के लिए अलग कोटा निर्धारित किया जाए। डिंपल ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने के प्रावधान वाले ह्यसंविधान (एक सौ अट्ठाईसवां संशोधन) विधेयक, 2023 पर निचले सदन में चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन तलाक की बात की और ऐसे में उनसे उम्मीद की जाती है कि आरक्षण विधेयक में अल्पसंख्यक महिलाओं को भी शामिल किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी से लोकसभा सदस्य डिंपल ने यह सवाल भी किया कि चुनाव से ठीक पहले सरकार को महिलाओं की याद क्यों आई? उन्होंने यह सवाल किया, क्या आरक्षण अगले लोकसभा चुनाव और आगामी विधानसभा चुनाव में लागू हो पाएगा या नहीं? डिंपल यादव ने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि जाति जनगणना कब होगी और परिसीमन कब होगा।

संबोधन राज्यसभा में भारत की गौरवशाली अंतरिक्ष यात्रा चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग विषय पर चर्चा की शुरूआत में बोलें सभापति जगदीप धनखड़

चंद्रयान-3 की सफलता से इसरो ने अंतरिक्ष अन्वेषण के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया : उपराष्ट्रपति

प्रातः किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस बात पर जोर दिया कि सफल चंद्रयान-3 मिशन ने अंतरिक्ष अन्वेषण के इतिहास में भारत की अंतरिक्ष एजेंसी का नाम दर्ज करा दिया है। राज्यसभा में बुधवार को चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग से चिह्नित भारत की गौरवशाली अंतरिक्ष यात्रा विषय पर चर्चा की शुरूआत में सभापति जगदीप धनखड़ ने इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित किया कि चंद्रयान-3 की सफलता ने भारत को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग कराने वाले पहले देश के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि के साथ भारत 2025 तक चंद्रमा पर मनुष्यों को भेजने के लिए अमेरिकी नेतृत्व वाली बहुपक्षीय पहल आर्टेमिस समझौते का सदस्य बन गया है। छह दशकों से अधिक की भारतीय अंतरिक्ष यात्रा का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने रेखांकित किया कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम ने विदेशी प्रक्षेपण वाहनों पर निर्भरता से स्वदेशी प्रक्षेपण क्षमताओं के साथ पूर्ण आत्मनिर्भरता प्राप्त करने में परिवर्तन देखा है। उन्होंने कहा कि भारत ने न केवल अपने उपग्रहों को लॉन्च करने की क्षमता

विकसित की है, बल्कि अन्य देशों के लिए उपग्रहों को लॉन्च करने के लिए अपनी सेवाओं का विस्तार भी किया है।

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत की सॉफ्ट लैंडिंग ऐतिहासिक क्षण : पीयूष

राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारतीय चंद्रयान 3 की सॉफ्ट लैंडिंग विश्व इतिहास में ऐतिहासिक क्षण है जो सदियों तक की याद रहेगा। श्री गोयल ने राज्यसभा में भारत की गौरवशाली अंतरिक्ष यात्रा चंद्रयान-3 के सफल सॉफ्ट लैंडिंग पर चर्चा आरंभ करते हुए कहा कि चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग न केवल देश का प्रत्येक व्यक्ति गौरव से भरा हुआ है बल्कि इसने जी20 के दौरान आए विदेशियों को भी प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की सफलता यह साबित करती है कि भारत आप बड़ी-बड़ी चुनौतियों का सामना करने और उनसे निपटने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रोत्साहन और भरोसे से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वैज्ञानिकों ने यह करिश्मा कर दिखाया है। इस उपलब्धि में भारत के मेक इन इंडिया अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

चंद्रयान-3 की सफलता पिछले 60 साल की कड़ी मेहनत का फल : कांग्रेस

कांग्रेस के जयराम रमेश ने चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि सरकार चंद्रयान-3 की सफलता को ऐसा प्रचारित कर रही है कि यह यात्रा वर्ष 2014 से आरंभ हुई है। उन्होंने महान वैज्ञानिक होमी भाभा का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम उनके निर्देशन में शुरू हुआ और वहीं इसके प्रेरणा स्रोत रहे। उन्होंने कहा कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम दुनिया का एकमात्र कार्यक्रम है जो नागरिक कार्यक्रम है जबकि दुनिया के अन्य कार्यक्रम सेना के निर्देशन में है। उन्होंने वैज्ञानिक सतीश धवन का उल्लेख करते हुए कहा कि इसरो का आधुनिक ढांचा और अंतरिक्ष भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की संरचना उनके त्याग के कारण बनी है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष कार्यक्रम हमेशा से प्रधानमंत्री कार्यालय के अधीन रहा है और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी समेत सभी ने इसकी उपयोगिता को समझा है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता पिछले 60 साल की कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयास हैं।

संक्षिप्त खबरें

पुलिस नें चोरी की चार बाइक बरामद कर लौटाया

मसौढी.। ऑपरेशन मुस्कान के तहत मसौढ़ी अनुमंडल की पुलिस ने एक बेहतरीन पहल की है। बीते माह के दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से चोरी हुई बाइक बरामद कर पुलिस ने उनके ऑनर के हवाले किया। बुधवार को चार बाइक के मलिक को बुला कर दिए गए। अपने चोरी हुए बाइक को पाकर लोगों में खुशी है और पुलिस के प्रति अब भरोसा जता रहे हैं। ए एस पी शुभम आर्य ने बताया कि इस तरह की पहल प्रत्येक माह की जाएगी। शिकायत मिलते ही तुरंत पुलिस एक्शन में आएगी और जल्द कार्रवाई की जाएगी। और अपराधियों को पकड़ा जाएगा जिससे चोरी की घटना पर अंकुश लगाया जाएगा।

आसपास की दुकान के गिरे शटर

पटना सिटी (प्राकि)। नगर निगम के अजीमाबाद अंचल के द्वारा शेरशाह पथ के मीना बाजार रोड के उत्तर की ओर अतिक्रमण हटाने का काम किया जा रहा था। वहीं दक्षिण की ओर की दुकानों के शटर गिर चुके थे। वहीं दुकान के बाहर मिट्टी, ईंट व पत्थर आदि की मदद से बनाए गए शेड, बांस और चचरी से बने शेड को लोग खोलने और हटाने में मशगूल दिखे। इस दौरान मीना बाजार के जल्ला रोड मोड़ से लेकर सादिकपुर पुलिस चौकी मोड़ तक सड़क के दोनों और अतिक्रमण नहीं होने के कारण सड़क चौड़ी दिख रही थी और वाहनों का गुजरना भी आराम से हो रहा था।

वाहन की टक्कर से घायल की इलाज के दौरान हुई मौत

पटना सिटी (प्राकि)। चौक थाना क्षेत्र के अशोक राजपथ पर पूरब दरवाजा के पास वहां दुर्घटना तयमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल युवक की मौत इलाज के दौरान नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हो गई। थानाध्यक्ष गौरीशंकर गुप्ता ने बताया कि कौआखोह कैमाशिकोह का रहने वाला 24 वर्षीय गणेश पटवा उर्फ विक्की को बीते मंगलवार की देर रात तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दिया था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के इमरजेंसी में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक का पोस्टमार्टम एनएमसी में करा बुधवार को शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

बिना लाइसेंस के विश्वकर्मा विसर्जन शोभायात्रा में 4 डीजे व वाहन जब्त, एफआईआर

पटना सिटी (प्राकि)। आलमगंज थाना की पुलिस ने विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर विभिन्न प्रतिष्ठान, संस्थान से लेकर सार्वजनिक स्थान पर विश्वकर्मा जी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना कर इन प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए विभिन्न थाना क्षेत्र से शोभायात्रा निकाला गया। भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के विसर्जन को आलमगंज थाना क्षेत्र स्थित भद्र घाट पहुंचा। यहां जांचोपरांत बिना अनुमति और लाइसेंस के डीजे के साथ आए विश्वकर्मा जी की प्रतिमा विसर्जन जुलूस पर पुलिस ने कार्रवाई की है। इस दौरान जुलूस के साथ रहे चार डीजे को वाहन सहित जब्त किया गया है। आलमगंज थाना के थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि इस संबंध में डीजे मालिक एवं अन्य के विरुद्ध आलमगंज थाना में 19 सितंबर को कांड 858, धारा 147, 149, 188, 290 भादवि एवं 09 बिहार कंट्रोल ऑफ द यूज एंड प्ले ऑफ लाउडस्पीकर एक्ट 1955 के तहत अंकित किया गया है।

ऋषि पंचमी पर सप्तऋषि की हुई पूजा-अर्चना

पटना सिटी (प्राकि)। ऋषि पंचमी का त्योहार परंपरागत तरीके से बुधवार को मनाया गया। व्रती महिलाओं ने गंगा स्नान के बाद सप्तऋषि की पूजा का अनुष्ठान किया। श्री बड़ी पटनदेवी मंदिर में महंत विजय शंकर गिरि व विकास गिरि व सिद्धपीठ छोटी पटनदेवी में आचार्य अनंत अभिषेक द्विवेदी व विवेक द्विवेदी की देखरेख में सप्तऋषि की पूजा हुई। पूजा-अर्चना व अन्य धार्मिक अनुष्ठान को पूरा कर समृद्धि की कामना की गई। महर्षि अंगिरा की जयंती पर गुरुवाणी प्रचार सेवा केंद्र में आयोजित हुई. जिसकी अध्यक्षता प्रो लाल मोहर उपाध्याय ने करते हुए महर्षि अंगिरा के संदेशों को प्रासंगिक बताया।

मांगों को ले नगर निगम कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल आज से

निगमकर्मियों ने आमसभा कर निकाला कैंडल जुलूस

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना नगर निगम कर्मियों ने हड़ताल की सफलता के लिए बुधवार को नगर निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन कर आमसभा किया। इसके बाद शाम में केंडिल मार्च निकाला। पटना नगर निगम संयुक्त कर्मचारी समन्वय समिति के बैनर तले निगम मुख्यालय पर रोषपूर्ण प्रदर्शन कर सभा की गई। इसे संबोधित करते हुए समन्वय समिति के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह ने कहा कि हम सबों ने सारे विकल्प खुले रखे थे, लेकिन नगर निगम प्रशासन ने अब सारे रास्ते बंद कर दिए। हमने उनके बुलावे पर तीन दौर की वार्ता की, मगर अड़ियल रुख के कारण असफल रहा। लेकिन वह एक ही राग अलाप रहे हैं कि स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम के सामने रैंकिंग में पिछड़ जाएंगे। उन्हें जिन कर्मचारियों के सफाई के बल पर रैंकिंग में ऊपर आना है, उन्हीं के प्रति इनका रवैया दमनात्मक है। कार्यकारी अध्यक्ष रामजतन प्रसाद ने कहा कि वार्ता को बुलाकर नगर आयुक्त अपना भी और समन्वय समिति का सिर्फ समय बर्बाद करते हैं। सिर्फ 30 रुपए वृद्धि का हवाला देते हुए हड़ताल पर नहीं जाने का अनुरोध करते हैं। लेकिन इस बार हम मुगालते में नहीं आने वाले हैं। हड़ताल कल से निश्चित है।संयोजक नंदकिशोर दास ने कहा कि जिस सफाई मित्र का पैर धोकर प्रधानमंत्री माथा लगाते हैं, उन्हीं सफाई मित्रों का लगातार नगर निगम में शोषण हो रहा है। सहसंयोजक मंगल पासवान ने कहा कि अवकाशप्राप्त कर्मियों को भी सेवांत लाभ का बकाया अंतरराशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्हें वेतन पेंशन के लिए लगातार नगर निगम का चक्कर लगाना पड़ रहा है।इस स्थिति में अवकाशप्राप्त कर्मियों की स्थिति भी दयनीय होती जा रही है। प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार ने कहा कि दैनिक मजदूरों के नियमितीकरण, आउटसोर्स व्यवस्था की समाप्ति और आउटसोर्सिंग के कर्मियों को निगम कर्मी में सामंजन के साथ ही समान काम का समान वेतन लागू किया जाए। एक ही काम के लिए तीन तरह का वेतन मंजूर नहीं है। सभा को कोषाध्यक्ष नीरज वर्मा, मानती देवी, सुजीत पासवान, देवेन्द्र प्रसाद, मुकेश ठाकुर, शीत राम, प्रदीप राम, सूरज राम, केशो कुमार, निरंजन कुमार,रामसिंह,देवनाथ राम,रितेश कुमार, प्रभात कुमार, देवेन्द्र प्रसाद, रमाकांत मंडल सहित आदि ने संबोधित किया। सभा के बाद निगमकर्मियों ने मौर्यलोक से डाकबंगला होते हुए बुद्ध स्मृति पार्क तक कैंडिल जुलूस निकाला। पार्षद निगम की उन गाड़ियों को जहां-तहां गड्ढे में डाल दे रहे हैं या किसी निजी जमीन पर खड़ा करवा दे रहे हैं। यार्ड से गाड़ी निकाल कर जहां-तहां लगाने से इनकी मंशा स्पष्ट है कि ये गाड़ी को स्वयं क्षति पहुंचा कर कर्मियों को बदनाम करेंगे।

भाकपा ने शुरू की ब्रांच, अंचल व जिला सम्मेलन की तैयारी

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। भाजपा हटाओ देश बचाओ, भाजपा हटाओ संविधान बचाओ के नारे के तहत आयोजित रैली एवं ब्रांच, अंचल व जिला सम्मेलन की तैयारी के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पटना साहिब की ओर से कोष संग्रह अभियान की शुरूआत की गई। बुधवार को मालसलामी के बोरी दास की भट्ठी से किया गया। दुकानदारों ने उत्साह के साथ सहयोग किया। अभियान में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव विश्वजीत कुमार, जिला कार्यकारिणी सदस्य देवरत्न प्रसाद, पटना साहिब अंचल के सचिव शंभू शरण प्रसाद, पटना साहिब अंचल के सदस्य शेषनाथ मेहता, श्रीकांत पासवान, पुटुस ठाकुर एवं पार्टी के युवा नेता अभय शर्मा शामिल थे। ज्ञातव्य हो कि भाकपा का प्रतिवर्ष सांगठनिक सम्मेलन होता है। इसमें ब्रांच से लेकर राज्य तक की कमेटी का गठन होता है।

निषेधाज्ञा के बाद भी मौर्य लोक परिसर में आमसभा

प्रात :किरण संवाददाता

पटना (प्राकि)। नगर निगम के कर्मचारियों के द्वारा अपनी मांगों को लेकर 21 सितंबर से हड़ताल की घोषणा की गई थी। इसके पूर्व कर्मचारी यूनियन के द्वारा परिसर में आमसभा करने की घोषणा भी की गई थी। नगर आयुक्त के द्वारा इसकी सूचना जिला प्रशासन को दिए जाने के बाद पटना सदर के एसडीओ ने एक पत्र जारी किया था।

इसमें मौर्य लोक परिसर में निषेधाज्ञा के तहत धारा 144 लागू किए जाने की बात कही गई थी। जारी पत्र में कहा गया था कि मौर्यलोक परिसर में न केवल पटना नगर निगम का मुख्यालय है, बल्कि यहां विभिन्न बैंक, कार्यालय, दुकान और अन्य संस्थान भी कार्यरत है। ऐसे में कर्मचारियों के द्वारा परिसर में धरना, प्रदर्शन या आमसभा किया जाना आम जनता और अन्य लोगों के कार्यों में दखलअंदाजी देना है। इसलिए मौर्य लोक परिसर में धारा 144 लागू करते हुए किसी भी तरह का धरना, प्रदर्शन एवं आम सभा किए जाने को निषेधित किया जाता है। इसके बावजूद नगर निगम कर्मचारी यूनियन के बैनर तले कर्मचारियों ने बुधवार को यहां न केवल जुटने का काम किया, बल्कि अपनी मांगों के समर्थन में नाराबाजी करते हुए नेताओं ने आमसभा कर अपनी बातों को रखने का काम किया। इस दौरान यहां मौजूद पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी भी अपने को किंकर्तव्यविमूढ़ दिखे।

राज्यस्तरीय इंटर स्कूल स्विमिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता चार से

इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी व बिहार स्विमिंग एसो. ने किया है आयोजन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की पटना सिटी शाखा बिहार स्विमिंग एसोसिएशन के साथ मिलकर राज्य स्तरीय इंटर स्कूल स्विमिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया है। इस संबंध में बुधवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान सिटी शाखा के अध्यक्ष गोविंद कानोडिया ने बताया कि चार अक्टूबर दिन बुधवार को पूर्वाह्न नौ बजे से पटना के गोल्फ क्लब परिसर में अवस्थित स्विमिंग पूल में राज्य स्तरीय इंटर स्कूल स्विमिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

इसका उद्घाटन कला, संस्कृति एवं खेल मंत्री जितेंद्र राय ने करने की सहमति प्रदान कर दी है। श्री कानोडिया ने बताया कि इस चैंपियनशिप के नियमों का विस्तृत रूप से विवरणिका एवं इंट्री फॉर्म बिहार के करीब सौ विद्यालयों को भेजा गया है। इसके अलावा अनेक विद्यालयों को ई-मेल एवं सोशल मीडिया के माध्यम से भी जानकारी भेजी गई है। प्रतियोगिता बिहार राज्य में पहली बार आयोजित की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि स्कूल के छात्रों में संतरण की खोज की जा सके एवं छात्रों में उनके अंदर छुपे हुए संतरण क्षमता की पहचान की जा सके। इसमें स्कूल के माध्यम से ही छात्र भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के संयोजक रंजीत कुमार विमल ने बताया कि इसमें दो ग्रुप रखा गया है। पहले ग्रुप में 14 से 16 वर्ष के छात्र, जिनका जन्म वर्ष 2007 से 2009 छात्र एवं छात्राओं के लिए है और दूसरे ग्रुप में 11 से 13 वर्ष यानी 2010 से 2012 में जन्मे छात्र-छात्राओं के लिए रखा गया है। प्रेस वार्ता के दौरान आयोजन कमेटी के सदस्य अभिज्ञान विमल, सरोज जायसवाल और श्वेता कनोडिया आदि मौजूद रहीं।

मीना बाजार से सादिकपुर तक चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नगर निगम के अजीमाबाद अंचल के द्वारा बुधवार को भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस बार अभियान का केंद्र नगर निगम पटना सिटी और अजीमाबाद अंचल के मीना बाजार कार्यालय के आसपास कायम अतिक्रमण के खिलाफ चला। कार्यपालक पदाधिकारी मो नुरूल हक शिवानी खुद कार्यालय में बैठकर इसकी मॉनिटरिंग करते रहे। दंडाधिकारी मो बेलाल अहमद और नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ दल के प्रभारी संजय सिंह पुलिस बल और निगम कर्मियों के साथ जेसीबी और हाइवा लेकर निकल पड़े। शुरूआत नगर निगम कार्यालय के सामने से हुई। इस दौरान दुकान के बाहर और नाले के ऊपर बनाए गए सीढ़ी व प्लेटफार्म और नाला के ऊपर निकाले गए करकट आदि को तोड़ा गया। इस दौरान नगर निगम कार्यालय के पूरब और उत्तर कोने पर अवस्थित अतिक्रमणकारियों ने टीम की कार्रवाई और तेवर को देखते हुए आनन-फानन में बांस-बल्ला और शेड को हटाने का काम किया। देखते-देखते पश्चिम दरवाजा तक सड़क के दोनों और रहे अतिक्रमणकारियों ने अपना-अपना सामान बांस-बल्ला से लेकर चौकी, टेबल, गुमटी सब हटा लिया। यही कारण रहा कि यहां से जब अतिक्रमण हटाने का दल पूरब की ओर पुलिस चौकी तक पहुंचा, तब तक उस सड़क के दोनों और अतिक्रमण नहीं मिला। कुछ अवैध होर्डिंग और बैनर लगा था, इसे तोड़कर जब्त किया गया। पूरी कार्रवाई के दौरान लोगों की लगी भीड़ को तितर-बितर करने के लिए और विरोध कर रहे लोगों को खदेड़ने के लिए पुलिस ने हल्का बल का प्रयोग भी किया। अभियान समाप्त होने के दौरान कल 32 हजार सौ रुपया बतौर जुमार्ना अतिक्रमणकारियों से वसूल किया गया।

राजाओं के राजा का हुआ भव्य आरती

कथावाचिका सुश्री लीला भारती ने श्री गणेश की जन्म व विवाह की कथा कही

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चौक स्थित श्री सनातन धर्म सभा भवन में श्री गणेश उत्सव पटना सिटी मंडल द्वारा आयोजित गणेश चतुर्थी के षष्ठम महोत्सव के दूसरे दिन भगवान गणेश की प्रतिमा का पूजन सुबह की गई। गणेश पूजन में मुख्य जजमान के रूप में मंडल के महासचिव विकास कुमार मौड़ीवाल एवं संजय मिश्रा सपत्नीक थे। वहीं शाम को गणेश पुराण कथा के दौरान कथावाचिका सुश्री लीला भारती ने भगवान गणेश की जन्म एवं विवाह की कथा कही। साथ ही उन्होंने कहा कि इंसान को हमेशा सच बोलना चाहिए, चाहे परिस्थिति जो भी हो। जो इंसान सत्यव्रत का पालन करता है, वह इंसान ही सफलता की ऊंचाई पर पहुंचता है। रात में श्री गणेश की भव्य आरती उतारी गई। महोत्सव को सफल बनाने में अध्यक्ष डा टीपी गोलवारा, विकास कुमार मौड़ीवाल, अरुण कुमार मिश्रा, शशिशेखर रस्तोगी, शिव प्रसाद मोदी, भगवती प्रसाद मोदी, पप्पू मोदी, सुजीत कसेरा, जयकृष्ण चन्द्रवंशी, जनार्दन अग्रवाल, संजय केसरी, गजेंद्र बूबना, नवीन रस्तोगी, पंकज रामायणी, विकास गुप्ता, बाबा विवेक द्विवेदी आदि सक्रिय थे।

छात्रों को दें बेहतर शैक्षणिक माहौल : नंदकिशोर

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। महाराजगंज स्थित राजकीयकृत उच्च विद्यालय में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक विधायक सह अध्यक्ष नंदकिशोर यादव की अध्यक्षता में हुई। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ रामानुज शर्मा ने संचालन किया। बैठक में विधायक ने विद्यालय में कायम कमियों को दूर कर विद्यार्थियों को विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक माहौल देने की बात कही। बैठक में विद्यालय कमेटी के सात सदस्यीय कमेटी गठित हुई। इसमें सदस्य आशा कुमारी, रामबाबू, कविता देवी आदि उपस्थित थे। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय में नवम व दशम वर्ग में 251 नामित छात्र हैं। सरकार की ओर से विद्यालय को प्लस टू का दर्जा इसी वर्ष से दिया गया है। इसके लिए 120 सीट निर्धारित की गई है। बैठक में प्राचार्य ने विद्यालय भवन का रंग-रोगन और मरम्मत कराने का प्रस्ताव दिया। इस पर सदस्यों ने मंजूरी प्रदान कर दी।

डेंगू के समय बगैर डॉक्टरी सलाह कोई दवा नहीं लें : डॉ कृष्णा पांडेय

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

आरएमआरआई ने नाइपर हाजीपुर के साथ मिल कर राष्ट्रीय औषधि सतर्कता सप्ताह का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों को दवा के प्रयोग के प्रति सावधानी एवं जागरुकता प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए संस्थान के निदेशक डॉक्टर कृष्णा पांडेय ने मरीजों को दवा के उपयोग के प्रति बरतने वाली सावधानी के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी दवा का प्रयोग बिना चिकित्सक के परामर्श के नहीं किया जाना चाहिए। खासकर डेंगू के समय में बगैर चिकित्सक के परामर्श के बिना कोई भी दवा नहीं लेनी चाहिए। ऐसा नहीं होने पर इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इसलिए राष्ट्रीय औषधि सतर्कता सप्ताह मनाने का उद्देश्य तभी सफल होगा, जब हम औषधि के प्रयोग के प्रति जागरूक तथा संवेदनशील होंगे। आजकल लोग डायरिया, डिसेंट्री, बुखार, सर्दी व खांसी होने पर सीधे दवा की दुकान में जाकर हाल पर दवा लेकर खा लेते हैं। इससे कभी-कभी उनकी परेशानियां और बढ़ जाया करती हैं। यदि दवा कहीं रिएक्शन कर गया, तो यह सेवन करने वाले व्यक्ति के लिए जानलेवा भी हो सकता है। वैसे भी किसी भी मरीज को बिना चिकित्सीय सलाह के दवा नहीं लिया जाना चाहिए। इसके शरीर पर दुष्परिणाम भी अक्सरहां देखने को मिलता है। नाइपर की ओर से प्रोफेसर ढिंगरा तथा प्रोफेसर कृष्णमूर्ति ने विस्तृत रूप से मरीजों और मौजूद लोगों को जानकारी दी। नाइपर हाजीपुर के पी एचडी तथा मास्टर डिग्री के छात्रों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में आरएमआरआई के सभी वैज्ञानिक एवं तकनीकी कर्मचारी उपस्थित थे।

शिया समुदाय ने निकाला 72 अलम का जुलूस

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। गुलजारबाग स्थित इमामबांदी वफ्फ इस्टेट में हजरत इमामे हुसैन और उनके 72 अंसारों की शहादत पर बुधवार को 72 अलम का जुलूस निकाला गया। शिया समुदाय की ओर से बुधवार की रात निकाले जीनत ए अजा, दस्ताजे सज्जादिया की ओर से आयोजित कार्यक्रम में झांसी से आए मौलाना सैयद नावेद आब्दी की तकरीर हुई। इसके बाद आजमगढ़ के मौलाना सैयद मो मेहंदी साहिब ने कर्बला की शहादत को पेश किया। तकरीर के बाद इमाम हुसैन का ताबूत, दुलदुल व झूला के साथ 72 अलम का जुलूस निकाला गया। मजसिल के बाद अंजुमने पंजेतनी, अंजुमने अब्बासिया, अंजुमने हुसैनिया की ओर से नौहाखानी की गई। इसके बाद नजफ अब्बास ने सलाम पेश किया। आयोजन में अंजुमन के सदस्य सैयद जिया उर्फ पन्ना, सरबर इमाम, दिलावर हुसैन, सैयद मेहंदी हुसैन, शाहब हुसैन, अनीस हसन, टीम सेवा के सैयद हसन अली सहित बड़ी संख्या में जायरीन मौजूद थे। आयोजकों ने बताया कि बिहार मेन इस तरह का इकलौता आयोजन है। इसमें प्रदेश भर के जायरीन शामिल होते हैं।

दनियावां प्रखंड की योजनाओं का एसडीओ ने की समीक्षा

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। अनुमंडल पदाधिकारी गुंजन सिंह ने दनियावां प्रखंड में संबंधित पदाधिकारी के साथ बैठक की। इसमें यहां के प्रखंड विकास पदाधिकारी को पीएमएवाई (जी) एवं आवास प्लस में लाभार्थियों के अपूर्ण आवास को जल्द से पूरा कराने का निर्देश दिया गया।

इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत शिविर लगाने के साथ ही पुराने लाभार्थियों के जीवन प्रामाणीकरण करने का निर्देश भी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को आधार सीडिंग समय से पूरा कराने, नए राशन कार्ड को निर्गमन की जांच, प्रवासी मजदूर का राशन कार्ड बनाने और जनवितरण विक्रेताओं के दुकान का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। एलएसबीए के तहत हर घर कचरा संग्रहण एवं उनसे चार्ज की वसूली की स्थिति की भी समीक्षा की गई। घर-घर कचरा का संग्रहण एवं चार्ज वसूली की स्थिति को असंतोषजनक पाए जाने पर प्रखंड समन्वयक, दनियावां से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया है।

महिला आरक्षण बिल पर महागठबंधन के नेताओं की ओछी मानसिकता : प्रभाकर

पटना। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने नारी शक्ति वंदन विधेयक को लेकर महागठबंधन के नेताओं की ओर से की जा रही बयानबाजी को ओछी मानसिकता का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की आत्मा में ही ठगी रची-बसी है। इसलिए आचार, विचार और व्यवहार में ठगी दिख जाती है।

यह सब हर वस्तु और क्रियाकलाप को ठग की नजर से देखते हैं। श्री मिश्र ने कहा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक की सराहना सिर्फ देश की महिलाएं ही नहीं कर रहीं, बल्कि पुरुष वर्ग भी प्रशंसा कर रहे हैं। लेकिन, महागठबंधन के नेताओं के दिमाग में अभी भी किंतु-परंतु घुसा है। यह विरोध की राजनीति का परिचायक है। जो कुछ नहीं करता, उसे सब कुछ में कमी नजर आती है। कांग्रेस ने वर्षों तक महिला आरक्षण बिल को लटकाया। कारण यह था कि वह खुद नहीं चाहती थी, लोकसभा और विधानसभाओं में महिला आरक्षण लागू हो। लेकिन, पीएम नरेंद्र मोदी ने मजबूत इच्छाशक्ति दिखाई और बिल को सदन के पटल पर रखा।

पटना-हावड़ा वंदेमातरम का उद्घाटन 24 को

पटना साहिब स्टेशन स्वागत का विधायक नंदकिशोर व नेताओं की अपील

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। पटना और हावड़ा के बीच चलने वाली वंदे मातरम ट्रेन का उद्घाटन 24 सितंबर को दोपहर 12.30 बजे पटना जंक्शन पर किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑनलाइन बटन दबा कर इसका उद्घाटन करेंगे। इस दौरान मौके पर सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, रामकृपाल यादव, विधायक नंदकिशोर यादव, अरुण कुमार सिन्हा, पूर्व मध्य रेलवे के जीएम, दानापुर के डीआरएम सहित अन्य अधिकारी भी पटना जंक्शन पर मौजूद रहेंगे। वहीं यह ट्रेन 24 सितंबर को करीब 12.40 में पटना साहिब स्टेशन पर ठहराव लेगी। पूरी संभावना है कि यहां स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव, विभिन्न वार्ड के पार्षद, बीजेपी एवं अन्य दलों के नेतागण और कार्यकर्ता सहित प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के पदाधिकारीगण, सदस्य, गुरुद्वारा बाललीला के स्थानीय प्रबंधन से जुड़े बाबा गुरविंदर सिंह आदि भाग लेंगे और ट्रेन के ठहराव लेने पर उसे ट्रेन के चालक दल के सदस्यों एवं गार्ड का स्वागत किया जाएगा। पटना-हावड़ा के बीच चलने वाले इस महत्वपूर्ण वंदे मातरम ट्रेन का ठहराव पटना साहिब स्टेशन पर दिए जाने से हर तबका व्यवसायी, उद्यमी, धार्मिक आदि से जुड़े लोग खासा खुश हैं। पूरी संभावना है कि पटना साहिब से बड़ी संख्या में यात्री यहां से अपनी यात्रा की शुरूआत और समापन भी करेंगे। स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव, वार्ड पार्षद तारा देवी, विनोद कुमार, मुन्ना जायसवाल, अंजली राय, गायत्री देवी, पूर्व पार्षद अवधेश कुमार सिन्हा, धर्मेंद्र मुन्ना, स्मिता रानी, रोशन मेहता, पटना सिटी व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रदीप सिंह यादव, भगवती प्रसाद मोदी, नारायण राठी, दिलीप कुमार, तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, कनीय उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सचिव हरबंश सिंह, सेवादार कल्याण समिति के अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह बंटी, पूर्व अध्यक्ष बलराम सिंह आदि ने सभी स्थानीय सिख सहित लोगों से अपील की है कि खुशी की बात है कि देश के प्रधानमंत्री व रेल मंत्रालय ने एक द्रुत गति से चलने वाली ट्रेन का ठहराव पटना साहिब स्टशन पर दिया है। हम सबों को उस दिन पटना साहिब स्टेशन पर चल कर इसके लिए प्रधानमंत्री और रेल मंत्रालय के प्रति आभार जताते हुए उस ट्रेन का स्वागत किया जाना चाहिए।

विभिन्न मांगों को लेकर वार्ड सदस्यों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

प्रात :किरण संवाददाता

पूर्णिया/धमदाहा । धमदाहा प्रखंड मुख्यालय स्थित उच्च विद्यालय क्रीड़ा मैदान में त्रिस्तरीय पंचायत के सैकड़ो की संख्या में वार्ड सदस्य पहुंचकर अपनी 9 सूत्री मांग को लेकर धमदाहा प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौपा। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सूत्री मांग को लेकर एवं वार्ड सदस्यों के बीच काफी बातचीत के बाद ने बताया कि आपकी 9 सूत्री मांग को लेकर सरकार तक पहुंचा दिया जाएगा। इस दौरान धमदाहा प्रखंड क्षेत्र के 20 पंचायत से आए वार्ड सदस्य ने बिहार सरकार के विरोध में जमकर नारे लगाए। वार्ड सदस्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष कन्हैया कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष रणजीत झा, कोषाध्यक्ष दिलखुश कुमार, ज्योति कुमारी की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम निकाल गया। धमदाहा उच्च विद्यालय खेल मैदान में एकत्रित होकर धमदाहा प्रखंड कार्यालय पहुंचा जहां सभी वार्ड सदस्यों ने कहा सरकार के द्वारा वार्ड सदस्यों के मान सम्मान एवं उसके अधिकार का हनन किया जा रहा है।

पांच दिवसीय गणेशोत्सव का हो रहा आयोजन, भव्य मेला का आनंद ले रहे लोग

पूर्णिया/ केनगर । नगर पंचायत चम्पानगर के दूर्गा मंदिर चम्पानगर के प्रांगण में 80 फीट ऊंची पूजा पंडाल में 10 फीट के भव्य गणपति प्रतिमा को प्राण प्रतिष्ठा से स्थापित कर पांच दिवसीय गणपति महोत्सव का शुभारंभ किया गया। पूजा शुभारंभ का कार्य 19 सितम्बर की दोपहर बाद दो पंडित ब्राह्मण के द्वारा यजमान बने श्रवण साह को वैदिक संस्कृति से पूजा कराया गया और पूजा उपरांत भगवान श्री गणेश जी के प्रतिमा को आरती दिखाई गई तथा गणपति महोत्सव का शुभारंभ किया गया। पूजा शुभारंभ मौके पर दर्जनों भक्तों द्धारा गणपति बप्पा मोरया के अलावे अन्य जयकारे लगाए गए।उल्लेखनीय है की चम्पानगर युवा संघ द्धारा आयोजित पांच दिवशीय गणपति महोत्सव को लेकर पूजा पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

महिला आरक्षण बिल पर सियासी बयानबाजी तेज, आरोप-प्रत्यारोप जारी

मुख्यमंत्री के नारी सशक्तिकरण मॉडल से प्रेरित है महिला आरक्षण बिल : श्रवण

महिला आरक्षण बिल का निर्णय स्वागत योग्य : जयंत राज

पटना। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में अब तक जो निर्णायक पहल किये गये हैं उसी का अनुकरण करते हुए केंद्र की मोदी सरकार ने महिला आरक्षण बिल लाने का निर्णय लिया है। बुधवार को जदयू मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पत्रकारों द्वारा महिला आरक्षण बिल के संबंध में पूछे गए सवाल पर मंत्री ने कहा कि यह बिल पूरी तरह से मुख्यमंत्री के नारी सशक्तिकरण माडल से प्रेरित है। बिहार के अंदर नीतीश कुमार ने नगर निकाय एवं पंचायती राज में 50 फीसदी का आरक्षण का प्रावधान कर महिलाओं को उनका हक और सम्मान देने का काम किये। श्री श्रवण कुमार ने कहा कि महिला आरक्षण बिल में दलित, आदिवासी एवं पिछड़े वर्ग की महिलाओं का भी ख्याल रखा जाना चाहिए। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए आगे कहा कि अगर इंडिया गठबंधन का गठन नहीं होता और भारतीय जनता पार्टी को केन्द्र की सत्ता जाने का भय नहीं रहता तो शायद महिला आरक्षण बिल को नहीं लाया जाता। कार्यक्रम में मंत्री जयंत राज ने बताया कि यह बिहार के लिए गर्व की बात है कि आज देश में सबसे अधिक महिला पुलिसकर्मी बिहार में कार्यरत है। मुख्यमंत्री ने सरकारी नौकरियों में भी बिहार की महिलाओं को 35 फीसदी आरक्षण देने का ऐतिहासिक काम किये। महिलाओं के सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षणिक उत्थान में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भूमिका सर्वोपरि है। श्री जयंत राज ने कहा कि महिला आरक्षण बिल में इस बात का उल्लेख है कि इसमें परिसीमन की बात लागू किया जाएगा और बगैर जनगणना के परिसीमन मुमकिन नहीं है, केन्द्र सरकार जनगणना कराने में लगातार विलंब कर रही है यानी महिला आरक्षण बिल अमल में कब तक लाया जाएगा इसका कोई समय निर्धारित नहीं है। हमारी मांग है कि जल्द से जल्द इसको अमल में लाया जाए।

महिला आरक्षण बिल मोदी सरकार का ऐतिहासिक कदम : ऋतुराज

पटना। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने महिला आरक्षण बिल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विशेष सत्र बुलाकर संसद की पटल पर महिला आरक्षण बिल पेश किया गया। भारतीय जनता पार्टी हमेशा से महिलाओं को उनका हक दिलाने और उन्हें सशक्त करने की पहल करते आई है। महिला उत्थान के इसी विचार पर अडिग रहते हुए 1998, 1999, 2002 और 2003 में अटल जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण बिल पेश किया लेकिन कांग्रेस, राजद और सपा सहित तमाम दलों ने हमेशा इस बिल का घोर विरोध किया था। ऋतुराज ने कहा कि आज 27 सालों बाद जब पूरा देश इसके पक्ष में है, तो बहती गंगा में हाथ धोने के लिए घमंडिया गठबंधन और उसमें शामिल तमाम दल क्रेडिट लेने की होड़ में सबसे आगे खड़े हैं, लेकिन वो ये भूल रहे हैं कि महिलाओं के हित में लाये गए इस बिल का सबसे कड़ा और असंसदीय तरीके से विरोध उनलोगों ने ही किया था। उन्होंने कहा कि बिहार में जदयू महिला आरक्षण बिल के समर्थन में है, लेकिन राजद और उनके नेता अलग राग अलाप रहे हैं। महिला सशक्तिकरण के खिलाफ राजद का ये राग नया नहीं है। 1998 में राजद सांसद सुरेंद्र यादव ने तत्कालीन गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के हाथों से बिल की कॉपी छीनकर संसद की पटल पर फाड़ दिया था। 2010 में लालू प्रसाद यादव ने कहा था कि ये बिल मेरी लाश पर पास होगा। श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार और देश की महिलाएँ बहुत समझदार हैं। उन्हें अपनी हितकारी पार्टियों और मौकापरस्त पार्टियों में अंतर समझ आता है। कभी महिला आरक्षण बिल का पुरजोर विरोध करने वाली पार्टियाँ महिला वोट बैंक साध कर अपना अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ रही हैं।

महिला आरक्षण बिल, मात्र एक छलावा एवं चुनावी स्टंट : कांग्रेस

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता एवं रिसर्च विभाग के चेयरमैन आनन्द माधव ने एक बयान जारी कर कहा है कि महिला आरक्षण बिल जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम कहा गया है वह महिलाओं के साथ किया गया एक मजाक है। यह महिलाओं के साथ एक छलावा के अलावे और कुछ नहीं है। बिल के मसौदे के अनुसार इसे पारित होने के बाद जनगणना होगा फिर संसदीय चुनाव क्षेत्रों का परिसीमन तब ही इसे लागू किया जायेगा। यह तो स्पष्ट है कि 2024 आम चुनाव के पहले तो इसका लागू होना असंभव है। शायद भाजपा को लगा होगा कि इस बिल के भरोसे 2024 एवं 2029 दोनों चुनावों में उनकी नैया पार लग जायेगी। अन्यथा 9 वर्षों तक इन्हें महिला बिल की याद क्यों नहीं आई। लेकिन भारत की महिलायें इतनी बेवकूफ नहीं है, वह भली भाँति इस बात को समझ रही है कि उन्हें ठगा गया है। भाजपा को शायद यह भी लगा होगा कि इंडिया गठबंधन के लोग इसका विरोध करेंगे, लेकिन वह भूल गये कि कांग्रेस पार्टी ने ही यह बिल लाया था तथा राज्य सभा से पारित भी कराया था। महिला आरक्षण स्वर्गीय राजीव गांधी जी का सपना रहा जिसके प्रति प्रतिबद्धता कांग्रेस के नेताओं ने बार बार दुहराया है चाहे वह सोनिया गाँधी हो या राहुल गाँधी। सोनिया जी ने इस बिल को अपना बिल कहा। इंडिया गठबंधन के तमाम दलों ने इसके प्रति अपना समर्थन जारी किया। हाँ संशोधन की बात अवश्य की जिससे की इसमें ओबीसी की महिलाओं को उचित हिस्सेदारी मिल सके। सच तो यह है कि आनन फानन में संसद का विशेष सत्र बुला कर महिला आरक्षण बिल के नाम पर भाजपा सरकार लोगों को भटकाना चाहती है। श्री आनन्द ने कहा कि महिला बिल का नाम लोकलुभावन रख देने मात्र से सब सही नहीं हो जाता, दिल साफ होना चाहिये। भाजपा सरकार अगर चाहती तो इसे तुरंत प्रभाव से लागू कर सकती थी, लेकिन अपने प्रोपेगेंडा के लिये शायद इसमें भी सरकार कोई बहाना ढूँढ रही है, जबकि इंडिया गठबंधन इसे तत्काल प्रभाव से लागू करने की बात कर रही है।

तत्काल प्रभाव से लागू हो महिला आरक्षण : दीपांकर

पटना। भाकपा माले महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि महिला आरक्षण बिल तत्काल प्रभाव से लागू होना चाहिए और आगामी लोकसभा चुनाव में महिलाओं को इसका फायदा मिलना चाहिए. लेकिन मोदी सरकार केवल चुनावी कार्ड खेलना चाहती है। संवाददाता सम्मेलन में उनके अलावा ऐपवा की महासचिव मीना तिवारी, भाकपा-माले के पोलित ब्यूरो के सदस्य धीरेन्द्र झा व स्कीम वर्करों की नेता शशि यादव भी उपस्थित थे। मीना तिवारी ने कहा कि देश की महिलाएं कम से कम तीन दशकों से महिला आरक्षण की मांग को लेकर संघर्षरत हैं। संसद के नए भवन में कल जो बिल पेश किया गया, वह एक बार फिर महिलाओं को धोखा देने वाला है। यह बिल कब लागू होगा, किसी को पता ही नहीं। दरअसल, महिला आरक्षण को लागू करने की कोई मंशा सरकार की है ही नहीं। का. दीपंकर ने आगे कहा कि महिला आरक्षण बिल के बारे में कहा गया है कि यह जनगणना और तदनुरूप परिसीमन के बाद लागू होगा। महिला आरक्षण बिल का नाम नारी शक्ति वंदन अधिनियमय दिया गया है, यह देश व महिलाओं को उल्लू बनाने का काम है. आजादी के 75 सालों बाद भी प्रतिनिधि संस्थाओं में महिलाओं की बेहद कम उपस्थिति है। ऐसे में इसे तत्काल लागू किए जाने की जरूरत थी। लेकिन सरकार ऐसा नहीं कर रही है। अभी भी वक्त है कि संसद में बिल इस तरह पास किया जाए ताकि वह तत्काल प्रभाव से लागू हो सके। महिला आरक्षण लागू करने के लिए जनगणना की कोई जरूरत नहीं है। यह फैक्ट है कि 50 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व बहुत कम है। यदि सरकार चुनावी कार्ड नहीं खेलना चाहती तो वह 2024 के चुनाव में ही लागू हो जाता। राज्यसभा, विधानसभाओं को आखिर क्यों बाहर रखा गया है? यह हर जगह लागू होना चाहिए। एक तरफ सरकार हर बात में ओबीसी की बात करती है, लेकिन बिल में इसकी कोई चर्चा नहीं। तीन तलाक पर पीठ थपथपाने वाली सरकार मुस्लिम महिलाओं के आरक्षण पर कुछ नहीं बोल नहीं रही है। बिल में संपूर्णता में विभिन्न तबकों का प्रतिनिधत्व दिखना चाहिए।

केन्द्र का महिला आरक्षण बिल कहीं जुमला ना हो जाए : जदयू

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता और विधानपार्षद नीरज कुमार, प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा और प्रदेश प्रवक्ता अनुप्रिया ने केंद्र सरकार द्वारा संसद में पेश महिला आरक्षण बिल को जदयू के समर्थन की बात कही है, लेकिन पार्टी प्रवक्ताओं ने इस बिल को लागू करने को लेकर केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार की नीयत पर सवाल उठाए हैं। पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि संसद में पेश ये बिल कब से लागू होगा इस बारे में बीजेपी ने कोई जानकारी नहीं दी है, जबकि साल 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद केंद्र की बीजेपी सरकार की विदाई तय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने संसद में महिला आरक्षण बिल को लेकर अपनी राय स्पष्ट शब्दों में जाहिर कर दी है। प्रवक्ताओं ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संसद में इस बात को लेकर भी शंका जाहिर की है कि, पूर्व के बीजेपी के झूठे नारों की तरह ये बिल भी कहीं जुमला ना हो जाए। उन्होंने कहा कि बीजेपी को आज महिला आरक्षण की याद आयी है, जबकि साल 2014 के लोकसभा चुनाव में उसने महिला सशक्तिकरण से जुड़े चुनावी मेनिफेस्टो के 23 बिंदुओं में से महिला आरक्षण विषय को पहला स्थान दिया था। पार्टी प्रवक्ताओं ने बीजेपी से सवाल पूछते हुए कहा कि आज नौ सालों तक केंद्र सरकार इस बिल को दबाकर क्यों बैठी थी? उन्होंने कहा कि अब जबकि साल 2024 का लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है, तब बीजेपी को महिला आरक्षण बिल की याद आ रही है? पार्टी प्रवक्ताओं ने गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी को यह भी बताना चाहिए कि उन्होंने बतौर मुख्यमंत्री रहते गुजरात में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए क्या काम किया? उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 35 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की। पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि आज महिला पुलिस बलों की 26 फीसदी से अधिक भागीदारी के साथ बिहार महिला पुलिस के मामले में देश में अव्वल है।

तालिमी मरकज व विकास मित्र के मानदेय को दोगुना किया जाना स्वागतयोग्य कदम : एजाज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने महागठबंधन सरकार के द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में बिहार महादलित विकास मिशन के अंतर्गत कार्यरत विकास मित्र, तालीमी मरकज एवं शिक्षा सेवक का मानदेय दुगुना किये जाने का स्वागत करते हुए कहा कि उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने अपने प्रण-पत्र में इन सभी का मानदेय दुगुना करने का प्रण लिया था। हाल ही में रविदास जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भी विकास मित्रों को महागठबंधन सरकार द्वारा मानदेय दुगुना करने का विश्वास दिलाया था। तालीमी मरकज एवं शिक्षा सेवकों के संगठनों को जो भरोसा दिलाया था उसको सरजमीन पर उतारकर महागठबंधन सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव अपने संकल्पों के साथ सुनवाई और कार्रवाई के प्रति गंभीर हैं, और इसके लिए पूरी सजगता के साथ सरकार के स्तर से कार्य की जा रही है। एजाज ने आगे कहा कि बिहार में जब से महागठबंधन की सरकार बनी है निरंतर नौकरियां और रोजगार दी जा रही हैं। साथ ही जो सरकारी सेवक हैं ,उनके मानदेय के साथ-साथ उनको हर तरह की सुविधाएं सरकार के स्तर से मुहैया करायी जा रही है । इन्होंने कहा कि बिहार में सरकार सभी वर्गों के हितों का ख्याल करते हुए अनुसूचित जाति, अति पिछड़ा ,पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए कार्रवाई कर रही है। साथ ही महागठबंधन की सरकार पूरी तरह से जनता और जनता के हितों के लिए कार्य कर रही है।

तालिमी मरकज एवं विकास मित्र के मानदेय में दोगुना वृद्धि का निर्णय सराहनीय : उमेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बिहार कैबिनेट द्वारा तालिमी मरकज एवं विकास मित्र के मानदेय में दोगुना वृद्धि का निर्णय स्वागतयोग्य और सराहनीय है। सरकार का यह निर्णय निश्चित रूप से विकास मित्र एवं तालिमी मरकज के परिवारों को आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विकास मित्र का मानदेय जो पहले प्रतिमाह 13 हजार 700 रुपए था उसे बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दिया गया है और तालिमी मरकज के 11 हजार रुपये प्रतिमाह वाले मानदेय को दोगुना बढ़ाकर 22 हजार रुपये कर दिया गया है। सैप बल के भी सभी स्तर के कर्मियों के मानदेय में 15 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। बिहार सरकार के इस निर्णय से पूरे प्रदेश में हर्ष और उत्साह का माहौल है। इसके साथ ही कैबिनेट ने दूसरे चरण में बिहार में 69 हजार 692 शिक्षकों की बहाली का भी फैसला लिया है। कक्षा 6 से 8 के लिए 31 हजार 982 पदों के सृजन की स्वीकृति कैबिनेट में दी गयी है। वही कक्षा 9-10 के लिए 18 हजार 880 और कक्षा 11 से 12 के लिए 18 हजार 830 पदों को स्वीकृति प्रदान की गई है। रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को निश्चित ही इससे खासा लाभ मिलने वाला है। युवाओं की बेहतरी के लिए प्रदेश की सरकार पूरी ईमानदारी से निरन्तर कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि बिहार के सुनहरे भविष्य के लिए प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाना आज समय की मांग है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इसके अलावे भी मंगलवार को हुए कैबिनेट बैठक में कई ऐसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं जो आने वाले दिनों में प्रदेश के लिए लाभकारी साबित होंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुनः एक बार यह सिद्ध कर दिया कि उन्हें विकास पुरूष क्यों कहा जाता है। बिहार के जनता की आशा और आकांक्षा को ध्यान में रखकर ही मुख्यमंत्री हरेक निर्णय लेते हैं। मुख्यमंत्री की छवि आज एक ऐसे नेता के तौर पर विकसित हो चुकी है कि वो जो कहते हैं वो करते हैं। सामाजिक न्याय के साथ प्रदेश का सर्वांगीण विकास ही हमारे नेता नीतीश कुमार का एकमात्र एजेंडा है।

पिछड़े और अतिपिछड़े समाज की महिलाओं को अलग से आरक्षण दिए बिना महिला सशक्तिकरण का संकल्प अधूरा : राजीव

पटना। केंद्र सरकार से महिला आरक्षण बिल में पिछड़े-अतिपिछड़े समाज की महिलाओं के आरक्षण पर विचार करने का अनुरोध करते हुए जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता राजीव रंजन ने आज कहा है कि बिहार की तर्ज पर महिलाओं को लोकसभा व विधानसभा में आरक्षण देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा लाया गया बिल देर से उठाया गया सही कदम है। लेकिन पिछड़े और अतिपिछड़े समाज की महिलाओं को अलग से आरक्षण दिए बिना इस बिल का उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता है। इसलिए केंद्र से अनुरोध है कि बिहार की तर्ज पर बने इस बिल में बिहार की ही तरह पिछड़े और अतिपिछड़े समाज की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण देने का प्रावधान जोड़ने पर विचार जरुर करे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार शुरूआत से ही आधी आबादी को उनका हक दिलाने के लिए कृतसंकल्पित रही है। बिहार देश का पहला राज्य रहा है जिसने 2006 से ही पंचायत व नगर निकाय के चुनावों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया हुआ है। लेकिन साथ ही साथ राज्य सरकार ने पिछड़े व अतिपिछड़े समाज की महिलाओं के विकास पर विशेष फोकस करते हुए उन्हें अलग से भी आरक्षण का लाभ दिया है। हमारा मानना है कि समाज के पिछड़े, अतिपिछड़े तबके की महिलाओं को सशक्त किए बिना महिला सशक्तिकरण का संकल्प अधूरा रह जाता है। इसलिए केंद्र सरकार को भी महिला आरक्षण बिल में इस दिशा के कुछ प्रावधान जरूर तय करने चाहिए। जदयू महासचिव ने कहा कि केंद्र को स्वयं सोचना चाहिए कि पिछड़े-अतिपिछड़े समाज की संख्या देश में सबसे ज्यादा है, इसके बावजूद अभी तक इस समाज को वह न्याय नहीं मिल सका है जिसका वह हकदार है। उन्हें सोचना चाहिए कि जिस समाज को खुद संविधान ने सभी मानकों पर पिछड़ा-अतिपिछड़ा करार दिया हुआ उन्हें विशेष तवज्जो क्यों नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अवसर मिलने पर पूरा समाज तरक्की करता है।

महिला आरक्षण बिल का आना सौभाग्य की बात : चिराग

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने महिला आरक्षण बिल का समर्थन करते हुए कहा कि 2 दिन पहले जब पुरानी संसद में और मौजूदा संविधान सदन में अपना अंतिम संबोधन कर रहा था । उसे वक्त इस बात की जानकारी नहीं थी, कि जब नई संसद में जाएंगे तो उस संसद में जो पहले संबोधन होगा वह देश की आधी आबादी से जुड़ा होगा। आगे श्री चिराग ने कहा कि यकीनन ये हम सभी के लिए बहुत सौभाग्य की बात है । यह मांग लम्बे समय से हर राजनीतिक दल करता रहा, लेकिन हर दल ने इस पर राजनीति भी खूब की इस कानून को बेहतर बनाने की आड मे लगातार इस बिल को लटकाया गया। इस बिल को संसद में आने से रोका गया लिहाजा यही कारण है कि पिछले 27 सालों से ये बिल अपने मूल स्वरूप में नहीं आ पाया क्योंकि इस पर राजनीति होती रही। आगे श्री चिराग ने कहा कि संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर ने कहा था किसी भी समाज और किसी भी देश के विकास के मापदंड को अगर परखना है तो वहां की महिलाओं के विकास को आपको देखना होगा। हमारे देश का बेहतर उदाहरण और क्या हो सकता है ,हमारे देश के सर्वोच्च पद पर न सिर्फ एक महिला बैठी है बल्कि अनुसूचित जाति जनजाति से आने वाली महिला हमारे देश की राष्ट्रपति है। चिराग ने विरोधी दलों से सवालिया लहजे में पूछा कि अगर देरी की इतना ही चिंता थी तो फिर 27 सालों में क्यों नहीं यह कानून आ गया था। इसको सशक्त करने की आड़ में रोका गया था।

भारतीय संविधान को बदलना चाहती है मोदी सरकार: भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि केन्द्र की भाजपा नेतृत्व वाली मोदी सरकार द्वारा सांसदों के बीच वितरित किये गए भारतीय संविधान से समाजवादी-धर्मनिरपेक्ष शब्द हटा दिए गए हैं। इससे साबित होता है कि मोदी सरकार भारतीय संविधान को बदलना चाहती है और आरएसएस के संविधान को देश पर थोपना चाहती है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मोदी सरकार द्वारा भारतीय संविधान की उद्देशिका से धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द हटाये जाने की तीखे शब्दों में निंदा करती है। भाकपा राज्य सचिव ने बयान जारी कर कहा कि मोदी सरकार द्वारा सांसदों के बीच वितरित की गई भारतीय संविधान की अंग्रेजी प्रतियों में दो शब्द धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी गायब हैं। जबकि संविधान का 42वां संशोधन कर 1976 में संविधान की उद्देशिका में दो शब्द धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द जोड़ा गया था। उन्होंने कहा कि संविधान में बिना कोई संशोधन किए ही मोदी सरकार ने धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द हटा दिया है।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी इसकी निंदा करती है और संविधान में धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द जोड़ने की मांग करती है। साथ ही सांसदों के बीच वितरित की गई संविधान की प्रतियां वापस लेने और देश की जनता से माफी मांगने की मांग करती है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि मोदी सरकार राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के एजेंडे को लागू कर रही है। आरएसएस शुरू से ही भारतीय संविधान को बदलने की मांग करता रहा है। देश की जनता मोदी सरकार द्वारा भारतीय संविधान बदलने की कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं करेगी और 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से हटाकर बदला लेगी।

एमएसएमई ने किया उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

पटना। एमएसएमई पटना द्वारा उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निदेशक प्रदीप कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एमएसएमई विकास कार्यालय के सहायक निदेशक संजीव आजाद ने एमएसएमई के क्रियाकलापों के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए उद्यमिता पर लोगों को जानकारी दिया। सहायक निदेशक सम्राट मुरलीधर झा ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के बारे में उपस्थित लोगों को बताया। श्री अंकेश कुमार ने उद्योग लगाने पर विशेष बल देते हुए लोगों को बताया कि इससे बेरोजगारी की समस्या का समाधान संभव है। श्रीमती उषा तिवारी ने उपस्थित महिलाओं को उद्यमी बनने पर जोर दिया। नमामि गंगे के जिला परियोजना पदाधिकारी दीपेंद्र मणि ने भी उद्योग में असीम संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारियां दी। गंगा देवी महिला महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर सजला शैल ने भी महिलाओं को उद्योग के क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय की डॉक्टर विद्या एवं डॉक्टर सोनम सिंह ने भी उद्योग के बारे में चर्चा की। इस कार्यक्रम में लगभग 70 / 80 लोग उपस्थित थे।

उद्यानिक फसलों के विकास के लिए जिलावार तैयार की जाएगी कार्ययोजना:मंत्री

दक्षिण बिहार के जिलों में शुष्क बागवानी के विकास हेतु किया जायेगा विशेष प्रावधान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

कृषि विभाग द्वारा बुधवार को बामेती सभागार में बिहार में सीड हब तथा बीज उत्पादन एवं उद्यानिक फसलों से संबंधित परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस दौरान कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत ने कहा कि जामुन, कटहल, बेल, नींबू का गुणवत्तापूर्ण पौधे बिहार में कम होते जा रहे है। इसे नये क्षेत्र में बढ़ावा देने की आवश्यकता है। प्रत्येक जिला के जरूरत के अनुसार पौधे की उपलब्धता हेतु कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने निदेश दिया कि मखाना के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि किया जाये। उद्यानिक फसलों से किसानों की आय में वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं का लाभ नये किसानों तक पहुँचाया जाये। अधिकारियों को अपने कर्तव्य का निर्वहन करने की आवश्यकता है, जिससे बिहार का विकास हो सके। मुख्यमंत्री के कृषि सलाहकार डॉ मंगला राय ने कहा कि अपनी कमजोरियों को जाने और उसको दूर करें। उन्होंने अधिकारियों को अपने जिला में नये-नये कार्य करने को कहा। फसलों का चयन जिला के भौगोलिक स्थिति एवं जलवायु के अनुसार किया जाये। उन्होंने तकनीकी आधारित तथा ज्ञानपरक विकास के माध्यम से बागवानी के क्षेत्र में कार्य करने का सलाह दिया। कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि राज्य में लगभग 13 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में उद्यानिक फसलों की खेती की जाती है, जिसमें बढ़ोतरी की अपार संभावनाएँ है। राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान 19 प्रतिशत है, जिसमें बागवानी का योगदान लगभग 30 प्रतिशत है। बिहार में कृषि को नये ऊचाईयों तक पहुँचाना है।

राज्य में अब तक तीन कृषि रोड मैप के कार्यान्वयन के माध्यम से काफी काम किया है, किन्तु और आगे तक पहुँचने हेतु और काम करना होगा। इसके लिए उद्यानिक फसलें महत्वपूर्ण घटक साबित होगा। उन्होंने निदेश दिया कि बाजार की माँग की आधार पर योजना बनाई जाये। सब्जी का आच्छादन क्षेत्र, उत्पादन एवं निर्यात को बढ़ाने की बहुत संभावनाएँ है। अन्य राज्यों में उद्यानिक फसलों के विकास से वहाँ के किसानों की स्थिति सुदृढ हुई है। इस क्रम में दक्षिण बिहार में आँवला तथा अमरूद का क्षेत्र विस्तार करना होगा। अभी तक उद्यानिक फसलों की खेती मुख्यतः उतरी बिहार तक ही सीमित थी, परन्तु इसे दक्षिण बिहार के शुष्क क्षेत्रों में भी प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में केला के उत्पादन के लिए अपार क्षमता है, विशेषकर पारम्परिक केला के प्रभेदों के क्षेत्र विस्तार तथा इसकी खेती को विकसित करने की आवश्यकता है। राज्य का विशिष्ट केला मालभोग, चीनियाँ तथा बतीसा जैसे प्रभेदों के पौध रोपन सामग्री का प्रोटोकॉल तैयार करते हुए विकसित करने की जवाबदेही कृषि विश्वविद्यालयों को दी गई है, ताकि आने वाले दिनों में इसका क्षेत्र विस्तार किया जा सके। इन प्रभेदों के केला में पनामा बिल्ट रोग नहीं लगता है, जो कि जी 09 प्रभेदों में पनामा बिल्ट एक समस्याँ है। मालभोग और बतीसा स्वादिष्ट होने के कारण इसकी माँग अधिक है। साथ ही, जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर फसल विविधीकरण पर जोर देना होगा। मखाना के क्षेत्र विस्तार पर कार्रवाई की जानी है। कार्यक्रम में कृषि विभाग के सचिव कृषि निदेशक डॉ आलोक रंजन घोष, संयुक्त सचिव अनिल कुमार झा, संयुक्त सचिव संजय कुमार सिंह, निदेशक, उद्यान अभिषेक कुमार, संयुक्त सचिव शैलेन्द्र कुमार, अपर निदेशक (शष्य) धनंजयपति त्रिपाठी, डॉ संजय कुमार, निदेशक, भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, मऊ सहित विभागीय मुख्यालय एवं क्षेत्र के पदाधिकारीगण तथा कृषि वैज्ञानिकगण उपस्थित थे।

पटना और हावड़ा के बीच वंदे भारत ट्रेन के परिचालन का शुभारंभ 24 को

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से दिखाएंगे हरी झंडी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पटना और हावड़ा के मध्य अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 24 सितंबर को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से पटना-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन के परिचालन का शुभारंभ किया जायेगा। विदित हो कि वंदे भारत ट्रेन देश में रेल यात्रा के उच्च स्तर को स्थापित करने और ट्रेनों की गति को बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना है। प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए भारतीय रेलवे ने नवीनतम तकनीक का प्रयोग कर पूर्णतः स्वदेशी सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन का निर्माण किया है। आकर्षक एरोडाइनमिक डिजायन, बेहतरीन आंतरिक साज-सज्जा, अत्याधुनिक सुविधाएं, आरामदायक यात्रा, सुरक्षा प्रबंधन और संरक्षित सफर के मापदण्डों के साथ वंदे भारत एक लोकप्रिय ट्रेन साबित हुई है।

वंदे भारत ट्रेन की प्रमुख विशेषताएं :

160 किलोमीटर प्रति घंटा की अधिकतम स्पीड, टक्कररोधी कवच प्रणाली से सुसज्जित, उत्कृष्ट परिचालन क्षमता के तहत वंदे भारत ट्रेन दोनों दिशाओं में संचालित की जा सकती है, इसमें इंजन रिवर्सल की आवश्यकता नहीं होती है।, व्हील माउन्टेड डिस्क ब्रेक का उपयोग, जिससे ब्रेक लगाने के उपरांत ट्रेन न्यूनतम दूरी तय कर रूक जाती है। गार्ड और ड्राइवर को बात करने के लिए रिकार्डिंग सुविधा युक्त संचार व्यवस्था। यात्रियों की सुविधा हेतु पूरी ट्रेन ऑनबोर्ड वाई-फाई प्रणाली से सुसज्जित। प्रत्येक सीट के नीचे मोबाईल फोन एवं लैपटॉप चार्ज करने हेतु प्वाइंट। जीपीएस आधारित पेसेंजर इंफोर्मेशन सिस्टम, 180 डिग्री घुमने वाली आरामदायक सीट, बेहतर एयर कंडीशनिंग नियंत्रण सिस्टम, दिव्यांगजनों के अनुकूल शौचालय सहित अन्य सुविधाएं, ट्रेन से बाहर का दृश्य अच्छे से दिखाई दे इसके लिए बड़े-बड़े ग्लास लगाए गए हैं, यात्रियों की सुरक्षा के लिए वंदे भारत ट्रेन में स्वचालित तकनीक से बंद व खुलने वाले दरवाजे । ये दरवाजे तब तक नहीं खुलेंगे जब तक ट्रेन पूरी तरह से रुक न जाए। बेहतर सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, फायर सिस्टम, आपातकालीन खिड़कियां, आपातकाल में यात्रियों को गार्ड व ड्राइवर से बात करने लिए टॉक बैक सिस्टम

नए वंदे भारत रेक में हुआ काफी सुधार :

सीट के झुकाव के कोण को 17.31डिग्री से बढ़ाकर 19.37 डिग्री किया गया। कुशन की कठोरता में सुधार, एग्जीक्यूटिव चेयर कार में सीट का रंग लाल से बदलकर सुखद नीला किया गया। एग्जीक्यूटिव चेयर कार श्रेणी की अंतिम सीटों के लिए मैगजीन बैग्स की व्यवस्था। सीटों के नीचे मोबाइल चार्जिंग पॉइंट तक बेहतर पहुंच। शौचालयों में पानी के छींटों से बचने के लिए वॉश बेसिन की गहराई बढ़ायी गयी, शौचालयों में प्रकाश व्यवस्था को 1.5 वॉट से बढ़ाकर 2.5 वॉट किया गया, बेहतर पकड़ के लिए शौचालय के हैंडल को अतिरिक्त मोड़ दिया गया, शौचालय पैनलों के लिए मानकीकृत रंग और सभी जगह एक समान रंग, कोचों में पैनलों की बेहतर सुंदरता और मजबूती के लिए बेहतर ऊपरी ट्रिम पैनल, आपातकालीन स्थिति में आसान पहुंच के लिए बेहतर हैमर बॉक्स कवर, पैनल पृष्ठभूमि से मेल करता हुआ बॉर्डरलेस आपातकालीन टॉक बैक यूनिट (आपातकालीन स्थिति में ड्राइवर के साथ बातचीत करने के लिए)। आपातकालीन स्थिति में बेहतर दृश्यता के लिए डिब्बों में अग्निशामक यंत्रों के लिए कब्जायुक्त पारदर्शी दरवाजा असेंबली,कम पारदर्शिता के साथ अधिक टिकाउ एवं बेहतर रोलर ब्लाइंड फैब्रिक, आसान रखरखाव के लिए ट्रेलर कोचों में विद्युत रखरखाव दरवाजे के लिए बेहतर पकड़ वाले दरवाजे,लोको पायलट के लिए आसान संचालन और पहुंच के लिए ड्राइवर कंट्रोल पैनल में आपातकालीन स्टॉप पुश बटन में परिवर्तन, कोचों के अंदर बेहतर एयरोसोल आधारित फायर डिटेक्शन एवं अग्निशमान प्रणाली,जहां लैंडस्केप और ओएचई ऊंचे स्थान पर हैं उन क्षेत्रों में हाई राइज पेंटोग्राफ।

संक्षिप्त खबरें

हसनपुर में कचरा प्रबंधन इकाई का निर्माण कार्य शुरू

हसनपुर, समस्तीपुर। हसनपुर प्रखंड के हसनपुर पंचायत में कचरा प्रबंधन इकाई के निर्माण कार्य शुरू किया गया। राजस्व पदाधिकारी सुधांशु मधुकर ने बताया कि कचरा प्रबंधन इकाई बन जाने से पंचायत वासियों को काफी सुविधा होगी। मौके पर आरओ सुधांशु मधुकर, बीपीआरओ नूतन कुमारी, सत्यनारायण यादव, बलराम पासवान आदि मौजूद थे।

मारपीट की घटना में आधे दर्जन लोग हुए गंभीर रूप से जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट कई धटना में आधे दर्जन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी जख्मी को ईलाज के लिए पीएचसी में भर्ती कराया गया। वहीं पीएचसी के प्रभारी डॉक्टर बीके ठाकुर ने बताया कि अफसाना खातून को गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया गया है। वहीं थानाध्यक्ष अध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

14 लीटर विदेशी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मिजार्पुर गांव से गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस में 14 लीटर विदेशी शराब के साथ 2 कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान मिजार्पुर गांव निवासी गन्नौर दास के पुत्र मदन दास एवं मदन दास के पुत्र अभिषेक दास के रूप में हुई है। वहीं थानाध्यक्ष राजन कुमार ने बताया प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार कारोबारी को न्यायिक हिरासत में समस्तीपुर भेज दिया गया है।

एक घर में हुई हजारों रुपए की चोरी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में 2 दिन पूर्व एक घर में हजारों रुपए के सामन की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था। वहीं गृहस्वामी राकेश दास ने कल्याणपुर थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी कर लेने का आवेदन दिया है। वहीं थाना अध्यक्ष ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

नाच देखने के दौरान हुई मारपीट, पीड़ित ने थाने में दिया आवेदन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के महिषी में नाच देखने के दौरान हुई मारपीट की घटना को लेकर पीड़ित ने थाने में आवेदन दिया। बताया गया कि कृष्ण कुमार और दीपक कुमार सड़क किनारे खड़े होकर नाच देख रहे थे। तभी चार-पांच मोटरसाइकिल पर 8-9 की संख्या में सवार जो नशे में धुत था कृष्ण कुमार के पैर पर मोटरसाइकिल चढा दिया एवं उल्टे गाली गलौज करते हुए पिस्टल के बट से नाक एवं जबरा पर मारा। उसका भाई बचाने आया तो उसके साथ भी बेहरमी से मारपीट किया। तथा गर्दन से सोने का हनुमानी चक्ति व 950 रुपया लेकर पिस्टल लहराते हुए फरार हो गया।

उत्पाद विभाग की छापेमारी में 54 कार्टन विदेशी शराब बरामद

उत्पाद विभाग के द्वारा बुधवार को की गई छापेमारी में कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अजना से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया गया है। हालांकि इस दौरान कारोबारी भागने में सफल रहा। जिसकी गिरफ्तारी के लिए उत्पाद विभाग की टीम की छापेमारी कर रही है। छापेमारी में उत्पाद विभाग की टीम ने 54 कार्टन विदेशी शराब बरामद किया है। वहीं उत्पाद विभाग की टीम के शराब कारोबारी की पहचान कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अजना गांव निवासी लखन राम के रूप में बताई गई है। उसी के घर के बांस के बीट से विदेशी शराब बरामद किया गया है। वहीं इसको लेकर मद्य निषेध एवं उत्पाद अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार चौधरी ने बताया कि शराब बरामदगी के बाद मामला दर्ज किया गया है।

नवीनगर मे 9 स्नातकोत्तर योग्यताधारी शिक्षक बनाए गए

औरंगाबाद। जिला मे शिक्षा विभाग ने बड़े पैमाने पर स्नातकोत्तर योग्यताधारी प्रशिक्षित शिक्षकों को प्रधानाध्यापक के पद पर पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक के रूप मे पदस्थापित किया है।नवीनगर प्रखंड मे 9 स्नातकोत्तर योग्यताधारी प्रशिक्षित शिक्षक पूर्णकालिक रूप से प्रधानाध्यापक बने हैं। जिनमें मध्य विद्यालय चंद्रगढ़ मे राजेश कुमार सिंह,मध्य विद्यालय पाढ़ी मे सुरेंद्र कुमार,मध्य विद्यालय गुरदी मे प्रहलाद प्रसाद, मध्य विद्यालय इटवा मे दिलीप कुमार, मध्य विद्यालय सिकरिया मे ललन प्रसाद सिंह, मध्य विद्यालय गोगो मे राजबिहारी प्रसाद, मध्य विद्यालय सरातु मे महेंद्र मोची ,मध्य विद्यालय रेगानिया मे सिरध्वज सिंह और रजबरिया कला मे जयचंद राम को प्रधानाध्यापक बनाया गया है।

सत्राची सम्मान से सम्मानित किए गये समाजवादी : सच्चिदानन्द

प्रात : किरण संवाददाता,
ब्रह्मानन्द ठाकुर

मुजफ्फरपुर। जाने-माने समाजवादी चिंतक व लेखक सच्चिदानन्द सिन्हा को आज सत्राची फाउंडेशन द्वारा सत्राची सम्मान से सम्मानित किया गया। मिठनपुरा स्थित होटल मयूर में आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता पटना कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर तरुण कुमार एवं संचालन सत्राची पत्रिका के प्रधान सम्पादक कमलेश वर्मा ने की।समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा के पूर्व सांसद शिवानन्द तिवारी एवं मुख्य वक्ता पत्रकार एवं रंगकर्मी अनीश अंकुर रहे। सच्चिदा बाबू को सम्मान स्वरूप स्मृतिचिह्न , प्रशस्ति-पत्र ,अंगवस्त्र एवं 51 हजार रुपये का चेक भेंट किया गया। श्री सिन्हा ने यह कहते हुए सम्मान राशि सत्राची फाउंडेशन को सौंप दिया कि उन्हें इस राशि की जरूरत नहीं है। सत्राची फाउंडेशन इस राशि को गरीब किंतु मेधावी छात्राओं की शिक्षा पर खर्च करे तो बेहतर होगा।। सम्मान समारोह में अपनी भावना व्यक्त करते हुए सच्चिदा बाबू ने कहा कि वे नितांत सामान्य आदमी हैं। उन्होंने अबतक ऐसा कोई बड़ा काम नहीं किया है जिसके लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया है। उन्होंने सम्मान राशि सत्राची फाउंडेशन को सौंपते हुए कहा कि मुझे सम्मान स्वरूप जो स्मृति चिह्न दिया गया है उसके एक तरफ पढ़ती हुई लड़की की छवि अंकित है।अत इस राशि का उपयोग गरीब और मेधावी लड़कियों की पढ़ाई में किया जाए। कार्यक्रम की शुरूआत गीतकार डाक्टर कुमार विरल द्वारा सच्चिदा बाबू लिखित आंदोलन गीत ह्य बिकाता बिकाता बिकाय लागल बा ,अब कर्जा में देशवा बिकाय लागल बा की प्रस्तुति से की गई । समारोह स्थल पर सच्चिदा बाबू की आंदोलन गीत पर केन्द्रित चित्रकार विमल विश्वास द्वारा निर्मित कविता पोस्टर और सच्चिदानन्द सिन्हा की पुस्तकों की प्रदर्शनी आकर्अषण का केन्केद्र रहीं। समारोह में रूप मे पूर्व राज्यसभा सांसद शिवानन्द तिवारी ने कहा कि पूंजीवाद आज उपभोक्तावाद को बड़ी तेजी से बढ़ावा दे रही है।अत्यधिक उपभोग की आपाधापी में इंसानियत खत्म ह्रो रहा है।उन्होंने कहा कि सच्चिदा बाबू से उनका परिचय उनकी पुस्तक , उपभोक्तावादी संस्कृति का संजाल के माध्यम से हुआ। मुख्यवक्ता अनीश अंकुर ने सच्चिदा बाबू की पुस्तकों एवं उनसे लिए गये साक्षात्कार के आधार पर कहा कि सच्चिदा बाबू निर्वाध औद्योगीकरण के पक्ष में कभी नहीं रहे।वे प्रकृति के साथ मधुर सामंजस्य बैठा कर जीवन जीने के पक्ष में हैं।उनकी तमाम पुस्तकों को आज के युवा पीढ़ी को पढ़ कर उससे प्रेरणा लेने की जरूरत है।डाक्टर वीरेन नन्दा ने सच्चिदा बाबू की जीवन शैली, आम आदमी के प्रति उनका सदाशयता पूर्ण व्यवहार की चर्चा करते हुए कहा कि तमाम तरह की सुविधाओं के बाबजूद न्यूनतम संसाधनों से कैसे जीवन जीया जा सकता है ,यह उनको देख कर सीखा जा सकता है। सत्राची फाउंडेशन के निदेशक आनन्द बिहारी ने सच्चिदा बाबू के सम्मान में तैयार प्रशस्ति पत्र का वाचन किया।अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में प्रोफेसर तरुण कुमार ने सच्चिदा बाबू के जीवन संघर्षों औश्र उनकी कृतियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आठ खंडों में प्रकाशित उनकी रचनावली मैं पढ़ रहा हूं।उससे बहुत कूच जानने समझने को मिला है।इसकोपढ कर ही इनके विचारों को सम्पूर्णता में समझा जा सकता है। कमलेश वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि सत्राची फाउंडेशन सच्चिदा बाबू को सम्मानित कर आज खुद को सम्मानित महसूस कर रहा है। इस अवसर पर सच्चिदा बाबू के भाई प्रभाकर सिन्हा ,अरविंद सिन्हा ,डाक्टर हरइकइशओर प्रसाद सिंह ,शाहिद कमाल , मुक्तेश्वर सिंह मुकेश ,जगत नारायण राय ,सुरेन्द्र कुमार समेत काफी संख्या में शहर के बुद्धिजीवी और समाज सेवी उपस्थित थे।

डीएम ने किया फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का उद्घाटन

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन प्रखंड के नरघोघी स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, समस्तीपुर में बुधवार को जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि हमें अपने जिले ही नहीं, बल्कि पूरे देश से फाइलेरिया रोग का उन्मूलन करना है। इसके लिए अभियान के तहत घर-घर जाकर स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान में दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती माताएं और गंभीर बीमारी से ग्रस्त व्यक्तियों को छोड़कर फाइलेरिया की दवाएं सबको देनी है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं को भी लगाया गया है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए आप लोग भी स्वयं दवा खाएं और कम से कम तीन व्यक्तियों को दवा खिलाने का संकल्प लें। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से फाइलेरिया को जड़ से खत्म करने के लिए दवाओं का सेवन करने की अपील की। उन्होंने स्वयं भी दवा खाकर फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का उद्घाटन किया। वहीं डबल्यूएचओ के जोनल कोऑर्डिनेटर डॉ. माधुरी ने कहा कि प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोग के बारे में जागरूक करेंगे। साथ ही अपने सामने में दवा भी खिलाएंगे और किसी भी स्थिति में दवा का वितरण नहीं किया जाएगा। वहीं डीएमओ डॉ. विजय कुमार ने बताया कि क्यूलेक्स मच्छर से यह रोग फैलता है। किसी व्यक्ति का हाइड्रोसील हो जाना, हाथी पांव हो जाना यानी पैरों में सूजन हो जाना, महिलाओं के स्तन में सूजन आ जाना यह सब इस बीमारी के लक्षण हैं। यह मच्छरों द्वारा फैलता है। खासकर क्यूलेक्स मादा मच्छर के जरिए। इस बीमारी का कोई कारगर इलाज नहीं है। इसकी रोकथाम ही इसका समाधान है। मौके पर प्रखंड प्रमुख वीणा कुमारी, उप प्रमुख संजीव कुमार ठाकुर, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राज किशोर तुगनायत, बीडीओ नीतू प्रियदर्शनी गुप्ता, सीओ पंकज कुमार झा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विजय कुमार सहित सैकड़ो छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

जिले में योजना में प्रगति को ले समीक्षात्मक बैठक हुई आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी ने कई बैंको के द्वारा योजना अंतर्गत निराशा जनक प्रगति पर जताई गंभीर नाराजगी जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा की अध्यक्षता मे समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिले में स्वरोजगार सृजन को गति प्रदान करने के लिए पीएमईजीपीऔर पीएमएफएमई योजना में प्रगति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई।उक्त बैठक में जिलाधिकारी ने जिले के सभी बैंकों के प्रतिनिधियों से बारी बारी पीएमई जीपीऔर पीएमएफएमई योजनाऋण योजना मुहैया करने के किए गए प्रयासों की जानकारी ली। अपने समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने पाया कि सेंट्रल बैंक आफ इंडिया बैंक ऑफ इंडिया बैंक ऑफ बड़ौदा यूनियन बैंक इंडियन बैंक आइसीआइसीआइ बैंक एक्सिस बैंक की प्रगति संतोषजनक नहीं है। उक्त बैंकों के द्वारा योजना अंतर्गत अत्यंत निराशा जनक प्रगति पर जिला पदाधिकारी द्वारा गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए सांस्थिक वित्त निदेशालय एवं उनके उच्च अधिकारियों को उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने हेतु अनुरोध पत्र भेजने हेतु निर्देशित किया गया। उन्हें स्पष्ट किया गया कि स्वरोजगार के दृष्टिकोण से लोगों को पूंजी उपलब्ध कराने में बैंकों के सक्रिय भूमिका निभानी होगी और सभी पात्र लाभुकों को उनकी योजना के अनुरूप आर्थिक सहायता प्रदान करनी होगी। उक्त अवसर पर महा प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र एवं जिला अग्रणी प्रबंधक के साथ जिले के बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

पत्रकार को संम्बोधित करते जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष रणधीर खन्ना

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी भारत का नया सांसद भवन हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के सपने को साकार करने का साधन बनेगा यह नया सांसद भवन आत्म निर्भर भारत के सूर्योदय का साक्षी बनेगा यह नया भवन विकसित भारत के संकल्पों की सिद्धि होते हुए देखेगा नये रास्तों पर चलकर ही नए प्रतिमान गढ़े जाते है भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देकर देश दुनिया मे कृतिमान स्थापना की है।

ये बाते बाबूबरही प्रखंड़ के व्यापार मंडल के चेयरमैन सह जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष रणधीर खन्ना द्वारा खजौली में पत्रकार को संम्बोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने नौ वर्षो के कार्यकाल में भारत को अनेकों दिशा में कार्य कर भारत देश को विकसित कर दुनिया के सभी देशों में अपना कृतिमान स्थापित करने का काम किया है उन्होंने कहा कि भारत की नई सांसद भवन निर्माण कर उस सांसद भवन में भारत के सभी माननीय सांसद देश की विकास की रूप रेखा तैयार करेंगे वही प्रधानमंत्री जी महिलाएं को नौकरी राजनीतिक में आरक्षण देकर देश की सभी महिलाओं को मान सम्मान देने से सभी महिलाएं आभार प्रगट की है उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश आजादी के बाद भारत में भारत की जनता को विकास एव रोजगार नही मुहैया कराकर देश को लूटने का काम किया है आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत देश में अनेकों कार्य करके देश की विकास एव बेरोजगार को रोजगार की मुहैया कराने से इंडिया गठबंधन की होश उड़ रही है उन्होंने कहा कि बिहार में जब से तेजस्वी एव नीतीश की गठबंधन की सरकार बना उस दिन से बिहार जंगलराज में तब्लीन हो गया है बिहार में चोरी डकैती हत्या छिनतई प्रतिदिन आम बात हो गई है बिहार में जनता त्रस्त है. बिहार की जनता आगामी लोक सभा एव विधान सभा चुनाव में तेजस्वी एव नीतीश को बिहार की जनता उखाड फेंकने का काम करेंगे।

अलीगंज प्रखंड क्षेत्र मे दिन प्रतिदिन बढ़ रहे डेंगू

प्रात : किरण संवाददाता

अलीगंज स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी के द्वारा हर गांव मे डीडीटी,टेमफोस छिड़काव तथा फोगिग करवाया जा रहा है।अलीगंज। इस्लामनगर अलीगंज प्रखंड क्षेत्र मे इन दिनो अचानक डेंगू व वायरल बुखार की मरीजो की संख्या दिनप्रतिदिन बढती जा रही है।जिससे प्रखंड क्षेत्र के हर गांव मे कूछ न कूछ लोग बीमार है। ऐसे तो अलीगंज प्रखंड क्षेत्र के अलीगंज बाजार,गोखुलचक,सोनखार ,मानपुर,इस्लामनगर,दरखा ,कैयार, पलसाबुजूर्ग, दिननगर, हिलसा कोदवरिया गांव मे ज्यादा डेंगू प्रकोप है। ऐसे तो इन दिनो यह वायरल बुखार से घर -घर मे लोग पीड़ित है। अलीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे इन दिनो सैकड़ो मरीज रोज जाच कराने अस्पताल पहूचकर करा रहे है। अलीगंज प्रखंड क्षेत्र मे पिछले सप्ताह धर्मपूर गांव निवासी शिक्षक शशिकांत कुमार का भी एक महीने पहले बुखार की शिकायत हूई जाच के बाद डेंगू का लक्षण प्रतीत हुआ। और वे झारखंड राज्य के दुगार्पुर के एक नीजि अस्पताल मे इलाज करवा रहे थे।लेकिन उनकी बीते सप्ताह इलाज के दौरान मौत हो गया।इन दिनो बुखार आते ही लोग डेंगू की प्रकोप की भय से काफी चिन्तित व परेशान है।और बुखार की शिकायत होते ही सरकारी व प्राइवेट अस्पताल मे पहुंचकर जाच करवाने के लिए पहुंच रहे है। हलाकि अभी अलीगंज प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव मे 121 डेंगू पीड़ित मरीज की रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग मे है। अलीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा मो साजिद हुसैन ने बताया कि अलीगंज बाजार सहित अन्य गांव मे डेंगू व वायरल बुखार की काफी शिकायत मिल रही थी। हलाकि कीट के अलावे ब्लड टेस्ट मे कुल-121 मरीज डेंगू से पीड़ित है। जिसका उपचार सदर अस्पताल मे चल रहा है।ऐसे तो अस्पताल मे भी स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सिविल सर्जन के निदेर्शानुसार अलीगंज पीएचसी मे 6 बेड का डेंगू वार्ड बना दिया गया है।जहा डेंगू पीड़ित पाये जाने पर जाचकर उन्हे दवा और सभी संसाधन मुहैया कराये जाते है। विभाग के द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे दवा व अन्य संसाधन प्रभावित गांव तक पहुंचकर मुहैया करवाया जा रहा है। प्रभारी डा ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए पुरे अलीगंज बाजार मे फोगिग के साथ डीडीटी,टेमफोस का छिड़काव करवाया जा रहा है। आस पास साफ सफाई रखे और जल जमाव न होने दे : प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मो साजिद हुसैन ने बताया कि हर लोग साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखे,तथा आसपास जलजमाव न होने दे,गांव की नालियो मे भी जनित मच्छर पाये जाते है जिसे भी साफ रखे। हर लोग अपने -अपने घरो मे साफ सफाई रखे।तभी इस बीमारी से बचाव हो सकता है। अगर किसी भी व्यक्ति को एक से दो दिन लगातार बुखार आये तो अविलंब अस्पताल आकर जाच करवा ले।

बिहार की राजधानी पटना के ज्ञान भवन में हुआ सरस मेला का आगाज

प्रात : किरण संवाददाता

पटना : हस्त शिल्प, स्वाद , संस्कृति एवं परम्परा को प्रदर्शित करती बिहार सरस मेला का आगाज बुधवार को ज्ञान भवन, पटना में हो गया ' स्वयं सहायता समूह से जुडी महिला उद्यमियों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, कलाकृतियों व्यंजन एवं परम्परा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) द्वारा आयोजित बिहार सरस मेला का विधिवत उद्घाटन श्री श्रवण कुमार, माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग , बिहार सरकार ने किया ' मंत्री जी ने ज्ञान भवन के मुख्य द्वार पर फीता काटकर सरस मेला का शुभारंभ किया ' इससे पूर्व मंत्री का स्वागत डा.एन. सरवन कुमार , सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार ने पुष्प गुच्छ देकर किया ' तत्पश्चात मंत्री जी ने मेला परिसर में लगे विविध स्टॉल का भ्रमण किया और ग्रामीण महिला शिल्पकारों द्वारा बनाये गए शिल्प, कलाकृतियाँ, उत्पादों एवं व्यंजनों की तारीफ की ' तत्पश्चात मंत्री श्रवण कुमार ने मुख्य मंच पर दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ कार्यक्रम की शुरवात की ' आगत अतिथियों का मंच पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया ' स्वागत संबोधन राम निरंजन सिंह, निदेशक, बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) ने किया ' आगत तिथियों का स्वागत करते हुए निदेशक , जीविका ने अपने संबोधन में कहा कि इस बार बिहार समेत 22 राज्यों की स्वयं सहायता समूह से जुडी महिला उद्यमी अपने हस्तशिल्प, कलाकृतियाँ, स्वाद, व्यंजन और परम्परा को लेकर 135 स्टॉल पर उपस्थित हैं ' बिहार के सभी जिला से जीविका से सम्बद्ध स्वयं सहायता समूह से जुडी जीविका दीदियाँ भी अपने विभिन्न उत्पादों को लेकर उपस्थित हैं ' ग्रामीण शिल्प को एक मंच प्रदान करते हुए उसे बाजार उपलब्ध कराना इस मेला का उदेश्य है और प्रतिवर्ष सरस मेला के प्रति लोगों के आकर्षण में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है ' आगंतुकों की संख्या और खरीद-बिक्री के आंकड़ों में निरंतर वृद्धि बिहार सरस के प्रति आगंतुकों के क्रेज को दशार्ता है ' तत्पश्चात डा.एन.सरवन कुमार, सचिव, ग्रामीण विकास विभाग ने अपना उद्बोधन व्यक्त किया ' इस अवसर पर सचिव, ग्रामीण विकास, विभाग ने कहा कि ग्रामीण शिल्प और उत्पादों को बेचने के लिए सरस मेला एक बड़ा माध्यम है ' उन्होंने कहा कि जीविका ने समाज में बड़ा बदलाव लाया है ' इससे पूर्व श्री तनय सुल्तानिया , उप विकास आयुक्त, पटना ने कहा कि सरस मेला के माध्यम से ग्रामीण परिवेश की महिलाएं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं ' ग्रामीण शिल्प और हस्तकला के सबसे बड़े बाजार में आकर बिहार के देश भर की स्वयं सहायता समूह से जुडी महिलाएं लाभान्वित हो रही है 'अंत में अपने संबोधन में श्री श्रवण कुमार जी ने कहा कि प्रति बर्ष सरस मेला के आयोजन में निखर आ रहा है साथ ही गाँव के शिल्पकारों को बेहतर मंच भी मिल रहा है ' बड़े पैमाने पर एक ही चाट के नीचे हुनरमंद शिल्पकारों को मौका और प्रोत्साहन दिया जा रहा है। ' ग्रामीण विकास विभाग महिलाओं के स्वावलंबन के लिए तत्पर है और हरसंभव सहयोग प्रदान किया जा रहा है ' माननीय मंत्री जी ने जीविका के कार्यों की सराहना की और कहा कि जीविका दीदियाँ अब कुशल उद्यमी बनने की ओर अग्रसर हैं ' उन्होंने जीविका दीदियों द्वारा संचालित दीदी की रसोई की भी सराहना की ' अंत में आगत अतिथियों को जीविका दीदियों ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया ' अगत अतिथियों धन्यवाद ज्ञापन श्री राजेश कुमार , विशेष कार्य पदाधिकारी, जीविका ने करते हुए कहा कि सरस मेला के माध्यम से जीविका दीदियाँ संस्कृति और परंपरा को पुनर्जीवित कर रही हैं ' सरस मेला का सबसे खास आकर्षण जीविका दीदियों द्वारा संचालित दीदी की रसोई, शिल्पग्राम एवं मधुग्राम है ' इसके साथ ही जीविका द्वारा संचालित सतत जीविकोपार्जन योजना के स्टॉल से आगंतुक गरीबी उन्मूलन की दिशा में किये जा रहे कार्यों से रूबरू हो रहे हैं ' इसके अलावा महिला विकास निगम के और बिहार महिला उद्योग संघ के स्टॉल पर राज्य में हो रहे विकासात्मक कार्यों की प्रदर्शनी एवं उत्पादों की खरीद -बिक्री हो रही है ' सरस मेला को फोर नाइन मीडिया प्राईवेट लिमिटेड, दिल्ली ने सजाया-संवारा है ' बिहार सरस मेला 20 सितंबर से शुरू होकर 27 सितंबर तक चलेगा ' मेला का समय सुबह 10 बजे से शाम 8 बजे तक निर्धारित ' प्रवेश निःशुल्क है

वृद्ध महिला को जिंदा जलाकर मारने के मामले में पीड़ित परिजन के आवेदन पर एफआईआर दर्ज

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

नगर थाना क्षेत्र के खाटू श्याम मंदिर के पास अपने घर में सोई एक वृद्ध महिला को जिंदा जलाए जाने के विरोध में पीड़ित परिजनों के आवेदन पर नगर थाना में मामला दर्ज किया गया है। वहीं मामला दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस घटना के विरोध में मंगलवार की देर शाम आक्रोशित लोगों ने मगरदही घाट के पास सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया था। सूचना के बाद पहुंची पुलिस टीम ने लोगों को समझा-बुझाकर और कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम समाप्त कराया था। इस दौरान लगभग दो घंटे तक सड़क जाम रहा था। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी। बताया गया था कि 17 सितंबर की रात नगर थाना क्षेत्र के खाटू श्याम मंदिर के पास कुछ लोगों ने घर में आग लगा दिया। जिसमें घर में अकेली सो रही एक वृद्ध महिला आग की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से झुलस गई थी। जिसे परिजनों के द्वारा आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल से उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। जहां मंगलवार को इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मृत वृद्ध महिला की पहचान अरविन्द प्रसाद साह की पत्नी रामदुलारी देवी के रूप में हुई थी। वहीं नगर थाना के थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि पीड़ित परिजन के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जो भी विधि सम्मत कार्रवाई होगी की जाएगी।

नरहन में धूमधाम के साथ गणेश पूजा का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत नरहन में धूमधाम के साथ गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश पूजा का आयोजन किया। भव्य पंडाल में गणेश जी की मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना शुरू की गई। गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष प्रभू नारायण राय ने बताया की 27 सितंबर को मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा। इस बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम, विदेशिया नाच प्रोग्राम व विशेष कलाकारों का प्रस्तुति होगी। वहीं कार्यक्रम का सफल बनाने के लिए प्रशासन से भी सहयोग करने की अपील किया गया है। मौके पर कमिटी के सचिव फूलेन्द्र राय, अशोक कुमार, साहेब कुमार, अजय कुमार राय, सुशील कुमार राय सहित दर्जनों गणमान्य लोग व भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

सीएसपी संचालक के डिक्की से 4 लाख रुपए लेकर बदमाश हुए फरार

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के पतैलिया हुंडाहा चौक से पल्सर बाइक सवार बदमाशों ने सीएसपी संचालक के डिक्की से 4 लाख लेकर फरार हो गया। घटना के संबंध में सीएसपी संचालक दीपक कुमार ने बताया कि विभूतिपुर एसबीआई ब्रांच से पैसा निकाल कर बुधवार की संध्या करीब 5:00 बजे आए। बाइक लगाकर सीएसपी में गए। 2 मिनट में पल्सर बाइक सवार बदमाशों में डिक्की तोड़कर चार लाख रुपया लेकर फरार हो गया। वहीं इस संबंध में थाना अध्यक्ष संदीप कुमार पाल ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। सीसीटीवी खंगाली जा रही है।

एसडीओ ने जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी के साथ की बैठक

रावण वध समिति के साथ बैठक के दौरान दिया जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी अनुमंडल कार्यालय सभागार भवन में अनुमंडल पदाधिकारी अनुग्रह नारायण सिंह के नेतृत्व में रावण वध समिति के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित किया गया उक्त बैठक के दौरान नगर परिषद को यह निर्देश दिया गया की सर्वप्रथम शहर में टोटो से होने वाले जाम के समस्या से निजात पाने के लिए उसे किसी एक स्थल को चयनित कर उसे एक जगह दिया जाए इसके बाद शहर में अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर जल्द ही प्रक्रिया शुरू की जाए साथ ही साथ यह भी कहा गया कि हो रहे जाम के समस्या से आम लोगों की काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसलिए एक सप्ताह के अंदर या दशहरा के पूर्व ही शहर में अतिक्रमण आदि सारी समस्याओं से निजात पाने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी जाए ताकि शहर में साफ सफाई के साथ-साथ अतिक्रमण मुक्त भी रहे त्यौहार के दौरान किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो पाए उक्त बैठक के दौरान नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया गया है वहीं बैठक के दौरान रंगलाल इंटर स्कूल फील्ड के पीछे बने नाली के गड्ढे को जल्द ही उसे कंप्लीट करवाने व उसे ढक्कन दिलाने का निर्देश दिया गया है ताकि गंदगी से मुक्त किया जा सके बैठक के दौरान डीसीएलआर राकेश कुमार नगर परिषद अध्यक्ष गीता देवी उपाध्यक्ष तारकेश्वर चौधरी उर्फ भोला चौधरी कार्यपालक पदाधिकारी पुष्कर कुमार पुष्प,जयंत सिंह,राम लखन पासवान दीनानाथ पांडे, शंभू सिंह के अलावे शेरघाटी अंचलाधिकारी सुधीर कुमार तिवारी, थानाध्यक्ष विमल कुमार,आमस अंचला जिलाधिकारी गुरुआ,बांके बाजार,के अलावे पुलिस पदाधिकारी एवं जनप्रतिन सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।

निजी क्लिनिक में इलाज के दौरान बच्चे की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी। शहर के नई बाजार इलाके में स्थित एक निजी क्लीनिक में इलाज के दौरान बुधवार के सुबह ढ़ाई वर्ष के बच्चे अभय कुमार की मौत हो गई. इसके बाद परिजनों एवं ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया. हंगामा के बाद सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत करवाया. जानकारी के अनुसार आमस थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर गांव के रहने वाले कौशल मांझी के पुत्र की तबीयत खराब हो गई. इसके बाद शहर के मशहूर बच्चों के चिकित्सक डॉक्टर चौधरी राजनंदन के यहां मंगलवार की शाम को बच्चों को भर्ती करवाया. जहां उसका इलाज चल रहा था. चिकित्सक की माने तो बच्चों की स्थिति काफी नाजुक थी. उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही थी. परिजनों के काफी खाने के बाद उसे भर्ती किया गया था. इलाज के बाद उसके स्वास्थ्य में सुधार भी हुआ था. परंतु अचानक बुधवार के सुबह उसकी तबीयत बिगड़ गई और मौत हो गई. इधर थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर आरडी बर्मन सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने अस्पताल पहुंचकर मामले को शांत करवाया. पुलिस ने घटना की छानबीन किया. वहीं स्थानीय आमस के प्रखंड प्रमुख लड्डुन का सहित अन्य प्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंच लोगों को समझा बूझकर मामले को शांत कराया गया।

संक्षिप्त खबरें

रावणवध समारोह को भव्य बनाने को लेकर समिति के द्वारा की गई बैठक

मसौढ़ी। श्री श्री काली पूजा समिति सह रावणवध समारोह को लेकर पूजा समिति द्वारा किया गया बैठक। लोगों नें सर्वसम्मति से निर्णय लिया की इस बार काली पूजा एवं रावणवध समारोह धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। कमिटी के सदस्यो ने निर्णय लिया कि इस बार रावणवध समारोह की झांकी काफी अलग और बेहतर आकर्षित रूप मे दिखाई जाएगी। नए कमिटी का गठन आगामी बैठक मे किया जाएगा। वही इस बैठक मे उपस्थित वार्ड पार्षद उज्जवल कुमार, आश्वनि कुमार गोल्डी, नरेश सिंह, पालटन सिंह, राहुलपटेल, अविनाश, गुड्डू, आशीष देव, चंदन, सुरेश गुप्ता, खेतान, मुन्ना, धीरज, अमन, विकास, छोटू, लव, राकेश सहित कई लोग मौजूद रहे।

दुकान का ताला तोड़ नगदी समेत लाखों की हुई चोरी

भेल्दी।स्थानीय थाने के बांसडीह बाजार पर एक दुकान के पीछे के दरवाजे के ताले को काटकर चोरों ने 4 हजार रूपए नगदी, 175 टीना रिफाइन व सरसों तेल समेत लाखों की संपति चोरी कर ली। चोरों ने दुकान के अंदर शौच भी कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के मदारपुर गांव के अजय कुमार सिंह मंगलवार की देर शाम बांसडीह बाजार स्थित अपने अंकिता इंटरप्राइजेज दुकान को बंद कर घर चले गए।बुधवार की सुबह पता चला कि दुकान के पीछे का दरवाजा तोड़कर सामान की चोरी कर ली गई है।दुकान पर पहुंचा तो देखा कि 4 हजार रूपया नगदी, 175 टीना रिफाइन व सरसों तेल व भारी मात्रा में कोल्ड ड्रिंक की चोरी कर ली गई हैं।दुकानदार ने दुकान में चोरी की सूचना भेल्दी थानाध्यक्ष संतोष कुमार को दी।थानाध्यक्ष ने दल-बल के साथ मौके पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट में गए।चोर भागने के दौरान अपना चप्पल छोड़ गए।डॉग स्क्वाएड की टीम मौके पर पहुंची और खोजी कुत्तों की मदद से चोरों तक पहुंचने का काफी प्रयास की मगर सफलता हाथ नहीं लगी।चोरी की इस घटना के बाद बांसडीह बाजार के अन्य दुकानदार काफी भयाक्रांत हैं।

समाजसेवी व पूर्व मुखिया के निधन से लोगों में शोक की लहर

रिविलगंज प्रखण्ड के प्रभुनाथ नगर ,दक्षिणवारी चकी के तीन बार के पूर्व मुखिया रहे समाजसेवी परमात्मा सिंह के हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक मृत्यु से रिविलगंज वासियो में गम की लहर डूब गया है। बता दे कि परमात्मा सिंह प्रखण्ड में चर्चित एवं अच्छे लोग थे , उनके मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए भाजपा जिला के मुख्य प्रवक्ता धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि परमात्मा बाबू रिविलगंज के हम सभी सामाजिक कार्यकताओं के प्रेरणा स्रोत थे वे भीत ही मिलनसार एवं सच्चे दिल के व्यक्ति थे उनके अचानक चले जाने से हम सभी काफी मर्माहत है आने वाले समय मे उनका कमी पूरा नही सकता है आज अंतिम यात्रा में हम शामिल हुए ,उनके मृत्यु अंतिम यात्रा में शामिल होने वालों में सारण के सांसद राजीव प्रताप रुडी के प्रतिनिधि शेखर सिंह, भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष संजय तिवारी वारसी , भोला सिंह ,मुखिया अजित सिंह, डॉ विकाश कुमार गुप्ता, पूर्व मण्डल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह,नगर मण्डल के पूर्व अध्यक्ष भाई वीरेंद्र सिंह, सहित पूरे प्रखण्ड के सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

जमीनी विवाद मे धारदार हथियार से महिला को किया जख्मी

बनियापुर (सारण) जबरदस्ती जमीन पर पड़ोसियों द्वारा कराए जा रहे कार्य का विरोध करने पर महिला को गाली गलौज करते धारदार हथियार से जख्मी कर दिया गया,जिस घायल महिला का इलाज स्थानीय रेफरल अस्पताल मे कराया गया।पीड़ित के बयान पर दर्ज प्राथमिकी मे चार लोगो को नामजद किया गया है। घटना की प्राथमिकी मे कन्हौली मनोहर गाव निवासी पीड़िता ने बताई है कि पड़ोसी गुड्डू पाण्डेय अभिजीत पाण्डेय अजय पाण्डेय जबरदस्ती जमीन पर कार्य करा रहे थे,जिसका विरोध करने पर नमितो ने गाली गलौज करते धारदार हथियार से जख्मी कर दिया।मामले मे प्राथमिकी के बाद पुलिस अनुसन्धान मे जुट गयी है।

आभूषण दुकान में हुई लाखो रुपये मूल्य की संपत्ति जली

छपरा कार्यालय।नगर थाना क्षेत्र के साहेबगंज स्थित आभूषण दुकान मे बीती रात आग लगने से लाखों रुपये के मल्य की संपत्ति जल कर खाक हो गई। इस संबंध मे पंचवटी ज्वेलर्स के मालिक नितिशे कुमार ने बताया की बिति शाम वे सही सलामत अपनी दुकान को बंद करके घर गया था। आज बुधवार की सुबह 10 बजे के करीब जब दुकान के कर्मी ने साफ सफाई को ले दुकान खोला तो पुरे दुकान मे जला हुआ पाया। कर्मचारी के द्वारा तुरंत सूचना मुझे दी गई ।जिसके बाद मैने आकर देखा तो पाया की कुछ आभूषण ,दोनों एसी और बिजली के सभी सामान जले हुये है। इस घटना मे करीब 7-8 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।इस संबंध मे मैने अग्नि समन विभाग को सूचना दे दिया था।उनके पदाधिकारी ने आकर जांच किया है।

नगर आयुक्त ने देवघाट, मेला क्षेत्र ,एवं मुख्य पथों की सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

गया। पितृपक्ष नजदीक आते ही नगर आयुक्त एक्सेन में नजर आई बुधवार को नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा गया नगर निगम द्वारा बह्मसत, वेतरणी, अक्षयवट एवं देवघाट तथा मेला क्षेत्र में मुख्य पथों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया है। बह्मसत तालाब , बह्मसरोवर एवं वेतरणी तालाब पर कहीं-कहीं पर पोल माउंटेड डस्टबीन खराब पड़ा हुआ था अतःशलेन्द्र कु० सिन्हा , सहायक अभियन्ता को निर्देश दिया गया की इसे अविलम्ब ठीक करायें एवं डस्टबीन पर स्टीकर भी लगवायें।

बह्मसरोवर एवं वैतरणी तालाब के बीच स्थित शौचालय गंदा पाया गया अतः सिन्धु शेखर मिश्रा, वार्ड निरीक्षक को निर्देश दिया गया की जल्द इसे सफाई करवायें तालाब के पानी में गंदगी पाई गई है । इसपर सिन्धु शेखर मिश्र वार्ड निरीक्षक को तालाब के पानी को निरन्तर सफाई करवाने का निर्देश दिया गया है बुधवार के निरिक्षण के क्रम में अक्षयवट में लगे हुए पोल माउंटेड डस्टबीन एक-दो स्थानों पर उल्टा पाया गया अतः शलेन्द्र कु० सिन्हा , सहायक अभियन्ता को निर्देश दिया गया की इसे अविलम्ब ठीक करायें।

रुकमनी तालाब के नाली की सफाई छोटे सक्शन मशीन से जल्द करवाने हेतु निर्देश दिया गया है। किशोर प्रसाद, कनीय अभियन्ता को निर्देश दिया कि अक्षयवट के गेट के पास अच्छे से स्लोप बनायें ताकि वाहनो का आवागमन सही ढंग से बिना किसी परेशानी के सुचारू रह सके। अक्षय वट से रुक्मिणी तालाब जाने वाले मार्ग पर नगर निगम द्वारा लगाए जा रहे पेवार ब्लॉक कार्य का निरीक्षण किया गया है। देवनन्दन प्रसाद कनीय अभियंता को दो दिनों के अंदर समीर तकया में कराए जा रहे नाली निर्माण कार्य को हर हाल में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है नही तो उनके विरुद्ध विभागीय एवं विधि सम्मत कार्यवाई करने का निर्देश दिया गया है।मेला क्षेत्र में नगर निगम द्वारा कराए जा रहे पथ ,नाली मरमति, नाली ढक्कन, लोहे की जाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया है। देवघाट में शौचालयों के रख रखाव एवं सफाई हेतु संवेदक नियुक्त किए गए हैं परंतु पाया जा रहा है कि उनके द्वारा सही ढंग से कार्य नही किया जा रहा है।इसके लिए संवेदक को फटकार लगाई गई एवं कार्य नही करने पर पेनाल्टी काटने का निर्देश दिया गया है।

इस निरीक्षण के क्रम में साफ सफाई हेतु रखे गए आउटसोर्स एजेंसी द्वारा लगाए जा रहे मजदूर कम पाए गए, उनके द्वारा ब्रह्मसत तालाब स्थित शौचालय पर भी मजदूर नहीं दिया गया अतः उनसे स्पष्टीकरण करते हुए पेनाल्टी काटने का निर्देश दिया गया है।सभी अभियंता एवं सफाई से जुड़े सभी पर्यवेक्षक एवं निरीक्षक को निर्देश दिया गया की मेला को देखते हुए आप सभी सुबह से मुस्तैद रहें।इस स्थल निरीक्षण के समय शैलेन्द्र सिन्हा सहायक अभियंता, विनोद प्रसाद , सहायक अभियन्ता सुबोध कुमार सिंह कनीय अभियंता, किशोर प्रसाद , कनीय अभियन्ता धर्मेन्द्र कुमार , कनीय अभियन्ता, देवनंदन प्रसाद, कनीय अभियन्ता उपस्थित थे।

लोहार जाति को अनुसूचित जाति का दर्जा दे सरकार : डॉ विजय

प्रात : किरण संवाददाता

इसुआपुर। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर प्रखंड के नवादा गांव में लोहार कल्याण समिति के बैनर तले प्रखंड अध्यक्ष अजीत शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई और साथ में पंचायत स्तरीय पदाधिकारीयो का चुनाव भी किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ विजय शंकर शर्मा ने कहा कि बिहार सरकार को लोहार को अनुसूचित जाति का दर्जा देना होगा। उन्होंने कहा कि हम बिहार के लोहार मूल जाति के हैं और कमार की उपजाति हैं। हमें लोहार ही रहने दिया जाए, कमार नहीं। लोहार और लोहारा एक ही जाति से आते हैं। साथ ही कहा कि सरकार लोहार जाति को मूल जाति की संज्ञा दे। लोहार जाति को जो संवैधानिक अधिकार मिला हुआ है, उसे केंद्र और राज्य सरकार मिलकर अनुसुचित जाति का दर्जा देकर इसे कायम करें। बिहार सरकार इस अनुशंसा को केंद्र सरकार के पास भेजें कि लोहार जाति मूल रूप से बिहार में लोहार ही है। लोहार का ही अप भ्रंश लोहरा है। वहीं उन्होंने कहा कि लोहार जाति कामार जाति नहीं है। यहां कमार नाम की कोई जाति नहीं है। स्लोगन के साथ नारा भी लगाया गया। लोहार एकता जिंदाबाद, कमार नहीं लोहार हैं हम। धन्यवाद ज्ञापन दिनेश शर्मा ने किया। बैठक को ओम प्रकाश शर्मा, प्रखंड उपाध्यक्ष मदन शर्मा, राज किशोर शर्मा, संदीप शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, श्याम नारायण शर्मा, चंदन शर्मा, रमेश शर्मा ने भी संबोधित किया।

विद्युत प्रवाहित कंटीले तार की चपेट में आकर किसान की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

पानापुर ।स्थानीय थाना क्षेत्र के कोंधभगवानपुर गांव में बुधवार की सुबह विद्युत प्रवाहित कंटीले तार की चपेट में आकर एक किसान की मौत हो गयी।मृत किसान 60 वर्षीय शुभलाल महतो बताये जाता है।घटना के संबंध में बताया जाता है कि कोंधभगवानपुर गांव निवासी हनीफ मियां सब्जी की खेती करते हैं।उन्होंने खेत को चारों तरफ से कंटीले तार से घेराबंदी की है एवं फसलों की सिंचाई के लिए बिजली से चलनेवाले पंपिंग मशीन लगाया हुआ था।बताया जाता है कि मृतक अपने धान की पटवन के लिए सुबह छह बजे गया था इसी दौरान कंटीले तार की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गयी।घटना के करीब दो घंटे बाद परिजन खोजते हुए खेतो की तरफ गये तो देखा कि शुभलाल खेत मे ही मृत पड़े थे।घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी वही परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुँची एवं शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेजवाया।वही जिलापार्षद रत्नेश कुमार भास्कर ,बीडीसी प्रतिनिधि रूपेश साह ,सरपंच प्रतिनिधि केश्वर राय सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि मौके पर पहुँचे एवं शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।

मूर्ति चोरी की पहली घटना नहीं,कई बार हुई है चोरी

रिविलगंज। रिविलगंज के मठ मंदिरों से मुर्ति की घटना यह पहली बार नहीं हुई है। मठ मंदिरों में हुई चोरी की पुराने घटनाओं पर एक नजर दौड़ाया जाए तो रिविलगंज के गोदना मोड़ स्थित गौतम अहिल्या उद्दार मंदिर से विगत 18 दिसंबर 2018 की रात्रि मंदिर के ताला तोड़कर अष्टधातु की सीता माता एवं लक्ष्मण जी की करीब चालिस करोड़ की मुर्ति चोरी हुई थी। गोरिया छपरा (श्मशान घाट) स्थित ब्रह्मचारी जी के मंदिर में 23/09/21 कि रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर में स्थापित श्रीराम जानकी, हनुमंत लाला, लड्डु गोपाल एवं नारद जी आदि कि अष्टधातु निर्मित करीब पांच किलोग्राम के 06 करोड़ मुल्य की मुर्ति चोरी गयी थी। चोरी के दौरान विरोध करने पर अज्ञात चोरों द्वारा महंत परसुराम दास की जमकर पिटाई भी किया गया था। हलांकि इस घटना के उद्भेदन कर मुर्ति बरामद करने में पुलिस को सफलता हाथ लगी थी।

तेरह सूत्री मांगों को लेकर वार्ड सदस्यों ने दिया धरना,सरकार के विरुद्ध जमकर लगाया नारा

प्रात : किरण संवाददाता

अमनौर।प्रखंड मुख्यालय के समक्ष वार्ड सदस्य संघ के बैनर तले अपनी तेरह सूत्री मांगों को लेकर वार्ड सदस्यों ने बुधवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया।जिसकी अध्यक्षता अभिषेक कुमार सिंह ने किया।अठारह पंचायतों के लगभग सैकड़ो वार्ड सदस्य उपमुखिया शामिल हुए।वार्ड सदस्य हाथों में श्लोगन लिखे तख्ती लिए हुए थे।सरकार के बिरुद्ध जमकर नारेबाजी कर रहे थे।वार्ड सदस्यों का कहना था कि सरकार वार्ड सदस्यों की शक्ति की कटौती कर रही है।पंचायत में बिना आम सभा बुलाए कार्य कराया जा रहा है।वार्ड सदस्यों की कोई भूमिका नही रह गई है।सात निश्चय योजना से भी वार्ड सदस्यों को अलग कर दिया गया ,जबकि सात निश्चय योजना के तहत ही गांव के गलियों में सड़क व गली नाली का निर्माण कार्य किया जा रहा था।जनता अब हमलोगों से सवाल कर रही है।कोई बिकाश कार्य वार्ड क्षेत्र में नही हो रहा है।अपनी मांगों के सम्बंध में वार्ड सदस्यों की एक शिष्ट मंडल ने बीडीओ मंजूल मनोहर मधुप को तेरह सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा।वार्ड सदस्यों ने स्वच्छता कर्मी की बहाली वार्ड सभा के माध्यम से कराने, वार्ड सदस्यों का मानदेय का भुगतान जल्द करने शौचालय निर्माण में वार्ड सदस्यों का अनुसंसा के अधिकार की मांग कर रहे थे। अभिषेक सिंह ने कहा सरकार हमारी मांगो पर जबतक बिचार नही करती आंदोलन और तेज करने की बात कही। इस मौके पर रंजन कुमार, पवन शुक्ला, मनीष सिंह, नवीन कुमार, सुनील सिंह, विकास सिंह,राजकुमार नट ,वार्ड विकेश राय, शकेन्द्र कुमार, उदय मांझी, सत्येंद्र रावत, नागेश्वर शाह,उपेंद्र यादव,सुरेंद्र बैठा,हरनारायण भारती ,प्रभात सिंह ,अजीत कुमार गिरी,गायत्री देवी, पुष्पा देवी,अमिता देवी समेत अठारहों पंचायत के वार्ड सदस्य मौजूद थे।

सांसद रुंडी के प्रयास से मृतक का पहुंचा शव

दरियापुर ।प्रखंड के सरैया गाँव निवासी रामप्रवेश सिंह के पुत्र मनोहर सिंह का हैदराबाद में सड़क दुर्घटना के दौरान उनकी मृत्यु हो गई वह वहाँ पर ट्रॉली वाला ट्रेक्टर चलाते थे जिनका रोड एक्सीडेंट मे 17 सितम्बर को मौत हो गई जिसके बाद परिजन और ग्रामीण मुखिया प्रतिनिधि अजीत सिंह वार्ड सदस्य बुलबुल सिंह माधव सिंह नीरज सिंह ने इसकी सूचना सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह और सांसद राजीव प्रताप रूडी जी को दी जिसके बाद रूडी जी के प्रयास से कण्ट्रोल रूम द्वारा कंपनी मे बात कर शव को कंपनी के द्वारा एम्बुलेंस से खर्चे पर भेजवाया गया और कंपनी के द्वारा खाता पर पचास हजार का सहायता राशि भी परिजन को दिलवाया गया और सांसद कण्ट्रोल रूम पल पल की खबर लोगो से बात कर लेते रहते थे जैसे ही गाँव मे शव पंहुचा तो गाँव मे मातम छा गया और परिजन का चीख पुकार से बुरा हाल हो गया शव पहुंचने पर सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह, मुखिया प्रतिनिधि जीतेन्द्र राय चचेरा भाई धनजय सिंह लूटन सिंह ने भी परिजन से मिलकर इस दुख की घड़ी मे सांत्वना दिया शव पहुंचने पर बड़ी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे ज्ञात हो की इनके तीन पुत्र और एक पुत्री थी पुत्री की शादी इसी साल नवंबर मे होनी वाली थी लेकिन इस घटना से पूरा परिवार उजर गया इस दौरान सांसद राजीव प्रताप रूडी ने भी फोन पर बात कर परिवार के प्रति गहरी सम्बेदना प्रकट की और सांत्वना दिया।

भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों ने जताई खुशी,बांटी मिठाईयां

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पेश होने पर छपरा नगर भाजपा महिला मोर्चा नगर ममता मिश्रा के नेतृत्व मिठाई पटाखे गुलाल उड़ा कर खुशी मनाएंई ।

बुधवार को भाजपा जिला अध्यक्ष के उपस्थिति में नगर अध्यक्ष राजेश फैशन के नेतृत्व में छपरा नगर महिला मोर्चा के अध्यक्ष ममता मिश्रा एवं उनकी पूरी टीम ने पटाखे अभी गुलाल एवं मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाई एवं देश के प्रधानमंत्री को धन्यवाद किया इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि इस देश की इकलौती बीजेपी सरकार एवं नरेंद्र मोदी जी ने आज ऐतिहासिक काम किया महिला आरक्षण बिल को लोकसभा में पेश कर दिए पूरे देश के लिए गर्व की बात है नगर अध्यक्ष राजेश फैशन ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी ने देश की आधी आबादी महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं के मान सम्मान को बढ़ाने का काम किया है पूरे देश में मातृशक्ति को दिए गए आरक्षण से खुशी के लहर नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा ममता मिश्रा ने कहा कि देश के इकलौते प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने महिलाओं की चिंता है और महिलाओं के लिए इतना बड़ा फैसला करने का काम आदरणीय नरेंद्र मोदी जी ने किया है आज के ऐसे खुशी व्यक्त करने वाले कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामाकांत सिंह सोलंकी, भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष श्री अनु सिंह, जिला महामंत्री विवेक कुमार सिंह मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र चौहान जिला , कोषाध्यक्ष अभय सिंह, मंत्री रंजन यादव , अर्द्धेन्दु शेखर, चरण दास, अनूप यादव, राकेश कुमार , गोलू पांडे, विक्की श्रीवास्तव, अजीत सोनी, लवली कुमारी गीता देवी उषा देवी बबली देवी चिंता देवी मुन्नी देवी सीता देवी अलीशा परवीन, सुनीता गुप्ता,सुनील कुमार आदि कार्यकर्ता शामिल हुए।

दरियापुर पुलिस ने एक माओवादी को हथियार के साथ किया गिरफ्तार

दरियापुर।स्थानीय पुलिस के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर घेराबंदी कर मंगलवार की देर शाम मस्तिचक मोड़ के समीप से हथियार के साथ एक वांछित माओवादी को गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के गरौना भगवानपुर निवासी अग्निदेव राम बताया जाता है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष किशोरी चौधरी ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर घेराबंदी कर परसा से दरियापुर आने के क्रम में मस्तीचक मोड़ के समीप गिरफ्तार किया गया।जिसके उपरांत तलाशी के दौरान एक देशी कट्टा,दो जिंदा कारतूस एवम एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया। वहीं इसके खिलाफ अभी तक दरियापुर थाना में 5,डेरनी में 1 तथा मुजफ्फरपुर के कई थानों में 6 मामले समेत कुल एक दर्जन मामले दर्ज है।जिसमे हत्या,लूट,लेवी वसूली तथा रंगदारी जैसे संगीन आरोप शामिल है।

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मुखिया ने स्कूली बच्चों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक। लोहिया स्वच्छ भारत मिशन फेज - 2 के तहत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा शुरू हुआ। जिसके तहत कई स्कूल में कार्यक्रम आयोजित हुए। बहरौली के विद्यालय में मुखिया अजीत सिंह एवम स्वच्छता पर्यवेक्षक ने स्कूली बच्चो को चेतना सत्र में स्वच्छता का पाठ पढ़ाया। बच्चो को बताया की आप सभी कचरा मुक्त बहरौली बनाने के लिए सबसे पहले कचरा उठाना सीखे। स्कूल एवम घर में कचरा हो रहा है उसमें सुखा कचरा नीला बाल्टी (डस्टबिन) में और गीला कचरा हरा बाल्टी (डस्टबिन) में डालना है। जो भी कचरा संग्रह हो रहा है उसे स्वच्छता दूत के माध्यम से कचरा भवन तक पहुंचाना है। जहा कचरा से जैविक खाद बनेगा। शौच के लिए कभी भी खुला क्षेत्र का उपयोग न करके शौचालय का उपयोग करना है। जिनका भी शौचालय निर्माण हुआ है उनको हमेशा उसी का उपयोग करना है और जिनका नही हुआ है वे शौचालय का निर्माण करा कर के उसी का उपयोग करे। पर्यवेक्षक ने बच्चों को बताया कि आप सभी अपने गांव घर परिवार में सभी लोगों से बताए की एक रुपए प्रति दिन के हिसाब से 30 रुपए प्रति माह उपयोगिता शुल्क देना है। उपयोगिता शुल्क देने के बाद रशीद लेना भी नहीं भूलना है। मुखिया और पर्यवेक्षक के द्वारा बच्चों से अपने घर में माता -पिता से भी इस अभियान में शामिल कर कचरा मुक्त बहरौली और कचरा मुक्त भारत बनाने के लिए बताया गया। साथ ही साथ स्वच्छता और उपयोगिता शुल्क से सबंधित कई तरहों का स्लोगन भी बताया गया। मौके पर स्कूल परिवार के शिक्षक और शिक्षिका उपस्थित रहे।

मशरक थाना के 7पीटीसी को मिला एएसआई में प्रोन्नति, एसडीपीओ ने लगाए स्टार

मशरक। मशरक थाना के 7 पुलिस कर्मियों की पदोन्नति एएसआई के पद पर हुआ।मंगलवार को शाम मढ़ौरा एसडीपीओ नरेश पासवान एवं मशरक अंचल थाना के पुलिस इंस्पेक्टर राधेश्याम प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से सभी पुलिसकर्मियों के कंधों पर स्टार लगाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

प्रोन्नत एएसआई मे अरूण कुमार सिंह, संजय कुमार पाठक, सुशील कुमार सिंह, रामनाथ झॉ, संजन कुमार एवं मुकेश कुमार शामिल है। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर के पद पर नवपदोन्नत तत्कालीन मशरक थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह एवं नवपदोन्नत पुलिस इंस्पेक्टर तत्कालीन अपर थानाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार उपस्थित रहे। मढौरा एसडीपीओ नरेश पासवान ने अपने संक्षिप्त संबोधन में सभी एएसआई को उनकी लंबी सेवाओं के अनुभव का लाभ विभाग को पहुंचाये जाने की अपेक्षा के साथ कहा कि आप सभी को जिम्मेवारियों के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। सभी अपनी उत्तरदायित्व के अनुरूप सत्य, निष्ठा और पूरी ईमानदारी के साथ साथ समाज में कानून व शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

जिला पदाधिकारी भोजपुर के अध्यक्षता में जन संवाद कार्यक्रम का सफल संचालन हेतु किया गया बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

भोजपुर। जन संवाद कार्यक्रम में राज्य सरकार द्वारा आधारभूत संरचना के निर्माण शिक्षा स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं समाज सुधार के कार्यक्रमों के साथ-साथ कई लोग कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा इन योजनाओं का लाभ आम जनों को ससमय एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध हो या सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए यह आवश्यक है कि लोगों को सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के संबंध में जानकारी हो तथा उन योजनाओं का जिल में समुचित तरीके से क्रियान्वयन हो। जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक प्रखंड में दो चिन्हित स्थलों पर किया जाएगा। जन संवाद कार्यक्रम में शिक्षा विभाग/ श्रम विभाग/ लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग /पंचायती राज विभाग /ऊर्जा विभाग/ ग्रामीण विकास विभाग /जल संसाधन विभाग एवं लघु जल संसाधन विभाग/ सहकारिता विभाग /कृषि विभाग/ ग्रामीण कार्य विभाग/ उद्योग विभाग परिवहन विभाग /पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग सहित कई विभागों मे संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। बैठक में जिले के कई वरीय पदाधिकारी के साथ-साथ प्रखंडों के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले में मारे गए जवानों के विरोध में किया गया प्रदर्शन

तरैया। प्रखंड के निजी विद्यालय नेशनल अकादमी के प्राचार्य बलराम कुमार साह के तत्वाधान में अकादमिक शिक्षक शिक्षिकाएं सहित छात्र छात्राओं द्वारा जम्मू कश्मीर में 13 सितंबर को हुए आतंकी हमले में मारे गए मेजर आशिष धंचोक, डी.एस.पी. हुमायूँ मुजामिल भट्ट एवं कर्नल मनप्रीत सिंह का विरोध तरैया बाजार के छ स्थानों पर किया गया।जिसमें पाकिस्तान के रवैये एवं नापाक कारनामे की निंदा की गई साथ ही विरोधपूर्ण नारे भी लगाए गए।वहीं भारतीय प्रशासन से अपील की गई कि इस हमले का बदला भी लिया जाय।उक्त प्रदर्शन में विद्यालय के निदेशक पवन कुमार शर्मा,सोनू सिंह,अनूप कुमार, पंकज सहनी,रघुवर शर्मा सहित अन्य कर्मी शामिल थे।

सोनपुर मेला-2023 का पौराणिक गरिमा के अनुरुप भव्य उद्घाटन 25 नवंबर को होगा : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा नगरः। जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला-2023 के आयोजन से संबंधित बैठक सोनपुर अनुमंडल के सभागार में आहूत की गई। बैठक में माननीय विधायक परसा श्री छोटेलाल राय के साथ स्थानीय माननीय विधायक के प्रतिनिधि एवं मेला कमेटी के स्थानीय सदस्य गण उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी महोदय के द्वारा बताया गया कि विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला का आयोजन इस वर्ष पौराणिक गरिमा के अनुरुप व्यवस्थित रुप से किया जाएगा। बैठक के दौरान स्थानीय मेला कमेटी के सदस्य गणों से उनके विचारों से जिला पदाधिकारी अवगत हुए। सबों ने एकमत से पौराणिक सोनपुर मेला को भव्य एवं वृहद रूप में सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करने का आग्रह किया। मेला क्षेत्र में अवस्थित सड़कों का मेला पूर्व जीर्णोद्धार व मरम्मति कार्य करवाने एवं मेला क्षेत्र में पूर्व से लगाए गए स्ट्रीट लाइटों की मरम्मति मेला पूर्व कराने का अनुरोध सबों ने जिला पदाधिकारी से किया। यातायात की व्यवस्था सुचारू ढंग से करवाने एवं सुरक्षा की दृष्टिकोण से बड़े पैमाने पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने का भी आग्रह किया गया। बदलते हुए समय की मांग के अनुसार मेला को नए कलेवर एवं थीम के साथ आयोजित करवाने एवं व्यापक प्रचार प्रसार करवाने का आग्रह भी सबों ने किया।सबों के विचार एवं आग्रह को जिला पदाधिकारी ने गंभीरता पूर्वक सुनने के पश्चात सबों को आश्वासन दिया कि मेला के पूर्व सभी प्रशासनिक तैयारियां ससमय पूर्ण कर ली जाएगी।इस बार मेला व्यवस्थित एवं भव्य ढंग से मनाए जाने हेतु सभी कार्य ससमय पूर्ण कर लिया जाएगा। तत्पश्चात जिला के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी गणों के साथ मेला की तैयारियां के निमित्त प्रशासनिक बैठक की गई।

सोनपुर मेला के आयोजन हेतु प्रशासनिक तैयारियों के निमित आयोजित बैठक में जिलाधिकारी महोदय ने पूर्व के वर्षों की भांति, विभिन्न कार्यों के निमित कोषांगों का गठन करने का निर्देश अपर समाहर्त्ता को दिया गया। बताया गया कि अगली बैठक में कोषांग वार दिये गये दायित्वों से संबंधित कार्यों की समीक्षा भी की जाएगी। मेले को पौराणिक क्लेवर के संग आधुनिकता का पुट भी दिया जाएगा। इससे सभी आयुवर्गों के लिए मनोरंजन एवं ज्ञानवर्द्धन का मेला बनाने हेतु कार्य योजना बनाने का निदेश दिया गया।

पारंपरिक पशु मेला, विभिन्न सरकारी विभागों की प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वादिष्ट व्यंजन स्टॉल, कारीगरों को प्रोत्साहित करने वाले विभिन्न निजी आकर्षक स्टॉलों के साथ-साथ मनोरंजन की पुरजोर व्यवस्था की जाएगी। नयी शुरूआत के रुप में इस वर्ष मेले में पुस्तक मेला का आयोजन करने का निदेश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। मेले में सुरक्षा व्यवस्था चौक चौबंद रखा जाएगा। कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा को पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने का निदेश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल छपरा को विधि व्यवस्था हेतु मजबूत बैरिकेडिंग करने का निदेश दिया गया।मुख्य पंडाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ इन्वेस्टर मीट, टॉक शो, पैनल डिस्कशन का भी आयोजन इस वर्ष मेले में किया जाएगा। वैसे सारण जिला के निवासी जिन्होंने देश-विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ठ उपलब्धि हासिल कर रखी है।

उनके संबंध में भी जानकारी वीडियो फिल्म के माध्यम से दी जाएगी। मेला की तैयारी हेतु सभी आवश्यक प्रशासनिक तैयारी प्रारंभ कर दिने का निदेश जिलाधिकारी के द्वारा दिया गया। अगली बैठक शीघ्र ही बुलाने का भी निदेश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव मंगला, उप विकास आयुक्त सारण, प्रियंका रानी, अपर समाहर्त्ता सारण, मो० मुमताज आलम, अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सोनपुर के साथ जिलास्तरी य पदाधिकारीगणउपस्थित थे।

विचार मंथन

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
पटना, गुरूवार, 21 सितंबर, 2023

सम्पादकीय

नई संसद में महिला आरक्षण

संसद का 96 साल पुराना भवन अब अतीत हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी और अन्य नेताओं के विदाई संबोधनों के साथ ही पुराने भवन को अलविदा कहकर नए संसद भवन में प्रवेश भी हो चुका है। अब पुराना संसद भवन एक राष्ट्रीय धरोहर, एक लंबा इतिहास, संसदीय संग्रहालय और लोकतंत्र का प्रतिबिम्ब है, जिससे संविधान निमार्ताओं, हमारे पुरखों और 7500 से अधिक सांसदों की असंख्य यादें जुड़ी हैं। पुराना सदन उन घटनाओं, बहसों और निर्णयों का साक्षी रहा है, जिन्होंने भारत के लोकतंत्र को एक सुगढ़ आकार और विकास दिया। संसद भवन में वे असंख्य नाद आज भी गूंज रहे हैं, जो अस्पष्ट और अनसुने लग सकते हैं, लेकिन वे अभिव्यक्ति और संवाद की स्वायत्तता के जीवंत प्रमाण हैं। हमने 1997 से 2020 के कोरोना-काल तक लोकसभा की प्रेस दीर्घा में बैठकर संसदीय कार्यवाहियों को साक्षात देखा है, लिहाजा सुना भी है। कई ऐतिहासिक संबोधन भी सुने हैं। देवेगौड़ा और गुजराल सरकारों का एक साल से भी कम समय में पतन देखा है। किसी की निजी और राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं पर सदन और सरकारें काम नहीं कर सकतीं, यह सोच भी सुनी है। अटल बिहारी वाजपेयी सरीखे कद्दावर और निर्णायक प्रधानमंत्री की सरकार मात्र एक वोट से गिरती भी देखी है। उस दिन लोकतंत्र को बिकते भी देखा है, लेकिन लोकतंत्र तो सनातन और शाश्वत है, लिहाजा लौट आया।

हम लोकसभा में परमाणु करार पर राजनीतिक विभाजन के भी साक्षी रहे हैं और डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार को गिरते-गिरते बचते भी देखा है। लोकसभा में एक भाजपा सांसद ने नोटों से भरा बैग खोल कर पूरे सदन को स्तब्ध कर दिया था, लिहाजा नोट के बदले वोट के राजनीतिक भ्रष्टाचार को बेनकाब होते भी देखा है। प्रश्न के बदले नकदी घूस के भ्रष्टाचार पर 11 सांसदों की बर्खास्तगी का ऐतिहासिक निर्णय भी सुना है। हम खाद्य सुरक्षा, सूचना का अधिकार, मनरेगा, अनिवार्य निःशुल्क शिक्षा से लेकर अनुच्छेद 370, तीन तलाक, जीएसटी, एक पद-एक पेंशन आदि ऐतिहासिक संशोधनों और कानूनों के पारित किए जाने के भी प्रत्यक्ष साक्षी रहे हैं। हम 13 दिसंबर, 2001 को संसद पर आतंकी हमले के भी चश्मदीद रहे हैं और एक बड़े पत्थर के पीछे छिप कर जान बचाई थी। अब चूंकि मोदी कैबिनेट ने संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण के बिल को स्वीकृति दी है, लिहाजा नए संसद भवन के विशेष सत्र में यह बिल पेश और पारित किया जा सकता है, लेकिन हम स्पष्ट कर दें कि महिला आरक्षण कानून 2029, यानी अगले आम चुनाव, से पहले क्रियान्वित किया जाना संभव नहीं है। संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत से बिल पारित होने के बाद यह संवैधानिक बाध्यता और दायित्व भी है कि उसकी राज्यों की 50 फीसदी से अधिक विधानसभाएं भी पुष्टि करें। 10 वर्षीय जनगणना का काम भी 2026 तक जारी रह सकता है।

फिर आरक्षित सीटों के मद्देनजर परिसीमन का काम भी किया जाना है। हम संसद में महिला आरक्षण पर सपा, राजद और जनता दल-यू आदि राजनीतिक दलों का कड़ा विरोध देख चुके हैं। बिल की प्रतिलिपियां तक फाड़ दी गई थीं। जद-यू के शरद यादव तो मरने तक तैयार थे, लेकिन ऐसे बिल का सामाजिक तौर पर विरोध कर रहे थे। बहरहाल आज मुलायम सिंह यादव, शरद यादव सरीखे विरोधी नेता दिवंगत हो चुके हैं। बेशक मौजूदा परिदृश्य में यह सब कुछ संभव न हो, क्योंकि लोकसभा में तो भाजपा का प्रचंड बहुमत है, लेकिन 180 महिला सांसदों का निर्वाचन और आरक्षण किया जाना है, तो एक निश्चित प्रक्रिया अनिवार्य है। उसमें वक्त लगेगा। फिलहाल लोकसभा में 78 और राज्यसभा में 29 महिला सांसद हैं। यह अनुपात क्रमशः 14.4 और 12 फीसदी है, जबकि रवांडा जैसे गरीब, पिछड़े मुल्क में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 61 फीसदी से भी ज्यादा है। संभवतः यह भी प्रावधान किया जा रहा है कि अनुसूचित जाति, जनजाति के लिए जो संसदीय सीटें आरक्षित हैं, उनकी कुल संख्या में से एक-तिहाई को उन्हीं समूहों की महिलाओं के लिए आरक्षित किया जा सकता है। जब बिल संसद में पेश किया जाएगा, तो तस्वीर बिल्कुल साफ होगी। उसके आधार पर हम विश्लेषण करेंगे कि महिला आरक्षण कितना कारगर रहेगा। महिला सशक्तिकरण के लिए लंबे समय से मांग उठती रही है कि महिलाओं को संसद तथा राज्यों की विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण दिया जाना चाहिए। इसके लिए कई बार संसद में बिल पेश किए गए। अब यह सपना साकार होने का समय आ गया है।

चुनाव आयोग की साख का क्या होगा?

अजीत द्विवेदी

पिछले कुछ वर्षों में जिस संवैधानिक संस्था की साख पर सबसे ज्यादा सवाल उठे हैं वह चुनाव आयोग है। कुछ हद तक इसका जिम्मेदार आयोग भी है, जिसने किसी भी चुनावी प्रक्रिया के दौरान विपक्ष की एक शिकायत पर ध्यान नहीं दिया। चुनाव का ऐसा शिड्यूल बनाया, जो केंद्र में सत्तारूढ़ दल के अनुकूल हो। प्रधानमंत्री से लेकर अनेक बड़े सत्तारूढ़ नेताओं के खिलाफ आई शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की उलटे कार्रवाई का दबाव डालने वाले आयुक्त सरकारी एजेंसियों की कार्रवाई का शिकार हो गए। आयोग के अपने आचरण के साथ साथ उसकी साख बिगाडे में कुछ हाथ सरकार का भी रहा, जिसने नियुक्तियों में मनमानी की। पिछले साल अरुण गोयल को जिस तरह से चुनाव आयुक्त बनाया गया उससे कई सवाल उठे। उस समय चुनाव आयुक्त का एक पद काफी समय से खाली था और अदालत में इस पर सुनवाई हो रही थी। अचानक एक दिन आईएएस अधिकारी अरुण गोयल ने अपने पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का ऐलान किया और अगले दिन उनको चुनाव आयुक्त नियुक्त कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने भी बिजली की रफ्तार से हुई इस नियुक्ति पर सवाल पूछा। बहरहाल, अब एक बार फिर सरकार चुनाव आयोग की साख बिगाडे वाला काम करने जा रही है। वह एक विधेयक लेकर आई है, जिसमें चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए ऐसी कमेटी बनाने का प्रावधान है, जिसमें सरकार का बहुमत हो और साथ ही चुनाव आयुक्तों का दर्जा घटा कर उनको कैबिनेट सचिव के बराबर कर दिया जाए। इससे पहले चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि संसद इसके लिए एक कानून बनाए और जब तक कानून नहीं बन जाता है तब तक उसकी बनाई एक कमेटी चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने जो कमेटी बनाई उसमें प्रधानमंत्री के अलावा सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस और लोकसभा में नेता विपक्ष को रखा गया। इस तरह की कमेटी सीबीआई के निदेशक को नियुक्त करती है और सबको पता है कि उसमें भी सरकार के हिसाब से ही नियुक्ति होती है क्योंकि सरकार की बनाई सर्च कमेटी नामों के सुझाव देती है और आज तक यह सुनने को नहीं मिला कि चीफ जस्टिस या उनकी ओर से नामित जज ने सीबीआई निदेशक की नियुक्ति में सरकार की मर्जी नहीं चलने दी। हर बार नेता विपक्ष के विरोध के बावजूद वही अधिकारी सीबीआई निदेशक नियुक्त होता है, जिसे सरकार चाहती है।इस लिहाज से देखें तो सुप्रीम कोर्ट की बनाई कमेटी परफेक्ट दिख रही थी। उससे सरकार को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए थी। सीबीआई निदेशक की तरह उस कमेटी में भी सरकार अपने हिसाब से फैसला कराती। लेकिन ऐसा लग रहा है कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का काम सरकार सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस के सद्भाव पर नहीं छोडा चाहती। वह इसे पूरी तरह से अपने हाथ में रखना चाहती है इसलिए उसे यह कबूल नहीं है कि नियुक्ति की कमेटी में चीफ जस्टिस या उनकी ओर से नामित कोई जज शामिल हो। तभी सरकार ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का ऐसा विधेयक संसद में पेश किया, जिसमें सर्वोच्च अदालत की बनाई कमेटी की जगह दूसरी कमेटी बनाने का प्रावधान किया गया है। उस कमेटी में प्रधानमंत्री अध्यक्ष होंगे और प्रधानमंत्री के अलावा उनकी ओर से नामित एक केंद्रीय मंत्री और लोकसभा में नेता विपक्ष इसके सदस्य होंगे। कमेटी की संरचना से ही साफ हो गया कि इसमें फैसला वही होगा, जो सरकार चाहेगी। सरकार की बनाई सर्च कमेटी संभावित अधिकारियों के नाम सुझाएगी और उसके बाद सरकार के बहुमत वाली कमेटी उसमें से किसी एक नाम पर फैसला करेगी।नए कानून की धारा 10 (1) के मुताबिक कम से कम वेतन और भत्ते के मामले में चुनाव आयुक्तों का दर्जा घटा कर केंद्र सरकार के कैबिनेट सचिव के बराबर किया जा रहा है। हालांकि चुनाव आयुक्तों के प्रोटोकॉल में कोई बदलाव नहीं होगा। वे पहले की तरह संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत काम करेंगे और उनको हटाने का तरीका भी वही होगा, जो सुप्रीम कोर्ट के जज को हटाने का होता है। यानी उनको महाभियोग चला कर ही हटाया जा सकता है। लेकिन वेतन और भत्तों को कैबिनेट सचिव के बराबर लाने का प्रावधान भी अनायास नहीं किया गया है। सबको पता है कि वेतन और भत्ते के मामले में चुनाव आयुक्तों को कैबिनेट सचिव के बराबर लाने से उनके वेतन में मामूली सा फर्क आएगा।

भारत का मान बढ़ाकर सिराज ने बेशर्म विषाक्त ट्रोलर्स के मुंह पर जड़ा तमाचा

भारत ने श्रीलंका की पूरी टीम को केवल 50 रनों में समेट कर रख दिया और एशिया कप फाइनल मैच 10 विकेट से जीत लिया। हालांकि भारत आठवीं बार एशिया का चैंपियन बना है परन्तु निश्चित रूप से 2023 के एशिया कप का भारत व श्रीलंका के मध्य खेला गया फाइनल मैच इतिहास में दर्ज हो गया। भारतीय टीम की इस अभूतपूर्व विजय का सेहरा भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के सिर रहा। मोहम्मद सिराज ने सात ओवर में मात्र 21 रन देकर श्री लंका के छह विकेट ले लिए। उन्होंने चार विकेट तो केवल एक ओवर में ही झटक लिये थे। इस फाइनल मैच की एक विशेषता यह भी थी कि इसमें टॉस भी श्री लंका ने जीता,उसके बाद बल्लेबाजी का निर्णय भी लंका ने लिया। इतना ही नहीं बल्कि खेल का मैदान भी श्री लंका का ही था। उसके बावजूद इतनी शर्मनाक हार? कहा जा रहा है कि अपने ही होम ग्राउंड में ऐसी ऐतिहासिक शिकस्त आज तक किसी भी टीम की नहीं हुई है। मोहम्मद सिराज ने अपनी तूफानी गेंदबाजी से न केवल अपनी गुणवत्ता प्रमाणित की है बल्कि वे अब विश्व क्रिकेट के सबसे खतरनाक गेंदबाजों में भी शामिल हो गए हैं।

निर्मल रानी
विख्यात अर्थशास्त्री

श्रीलंका की राजधानी कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में हुये एशिया कप क्रिकेट टूनार्मेंट में पिछले दिनों भारतीय क्रिकेट टीम ने इतिहास रच दिया। भारत ने श्रीलंका की पूरी टीम को केवल 50 रनों में समेट कर रख दिया और एशिया कप फाइनल मैच 10 विकेट से जीत लिया। हालांकि भारत आठवीं बार एशिया का चैंपियन बना है परन्तु निश्चित रूप से 2023 के एशिया कप का भारत व श्रीलंका के मध्य खेला गया फाइनल मैच इतिहास में दर्ज हो गया। भारतीय टीम की इस अभूतपूर्व विजय का सेहरा भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के सिर रहा। मोहम्मद सिराज ने सात ओवर में मात्र 21 रन देकर श्री लंका के छह विकेट ले लिए। उन्होंने चार विकेट तो केवल एक ओवर में ही झटक लिये थे। इस फाइनल मैच की एक विशेषता यह भी थी कि इसमें टॉस भी श्री लंका ने जीता,उसके बाद बल्लेबाजी का निर्णय भी लंका ने लिया। इतना ही नहीं बल्कि खेल का मैदान भी श्री लंका का ही था। उसके बावजूद इतनी शर्मनाक हार? कहा जा रहा है कि अपने ही होम ग्राउंड में ऐसी ऐतिहासिक शिकस्त आज तक किसी भी टीम की नहीं हुई है। मोहम्मद सिराज ने अपनी तूफानी गेंदबाजी से न केवल अपनी गुणवत्ता प्रमाणित की है बल्कि वे अब विश्व क्रिकेट के सबसे खतरनाक गेंदबाजों में भी शामिल हो गए हैं। वर्ल्ड कप से पहले भारत को इतनी बड़ी विजय मिलने से मोहम्मद सिराज और भारतीय टीम को भी विश्व कप के लिये भी एक बड़ी चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। पूरे विश्व का क्रिकेट जगत इस समय इस महान भारतीय तेज गेंदबाज पर नजरें गड़ाये बैठा है। देश विदेश में इस समय क्रिकेट प्रेमी भारतीय टीम को मोहम्मद सिराज के रूप में मिले इस नायाब खिलाड़ी का गुणगान कर रहे हैं। बेशक भारत के प्रत्येक राष्ट्रवादी नागरिक को अपने इस महान खिलाड़ी पर गर्व है।

मोहम्मद सिराज का जन्म हैदराबाद के अत्यंत गरीब परिवार में हुआ। उनके पिता ऑटो टैक्सी ड्राइवर थे जबकि माँ दूसरे के घरों का काम कर अपने परिवार के पालन पोषण में सहभागी रहा करती थी। गरीबी का यह आलम था कि क्रिकेट खेल की प्रतिभा होने के बावजूद उन्हें कभी क्रिकेट एकेडमी जाना तक नसीब नहीं हुआ। यहां तक कि सिराज के पास खेल अभ्यास हेतु स्टेडियम जाने तक का किराया नहीं होता था। जब इसी महान संस्कारवान खिलाड़ी को पिछले दिनों लंका में उसके अभूतपूर्व प्रदर्शन के लिये मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया तो उसने इनाम में मिली राशि जो 5,000 यूएस डॉलर यानि लगभग सवा चार लाख रुपए बताई जा रही है, उसी समय श्रीलंका के ग्राउंड स्टाफ को भेंट कर दी। ऐसा करके भी सिराज ने देश का नाम रोशन किया। और विदेश की धरती पर भारत का डंका बजा दिया। परन्तु हमारे देश में संकीर्णतावदी,साम्प्रदायिकतावादी और बिकाऊ ट्रोलर्स जिन्हें मुसलमानों के नाम से ही नफरत करने की घुट्टी पिलाई जा चुकी है उन्होंने भारतीय टीम में शामिल होते ही मोहम्मद सिराज की प्रत्येक गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू कर दी थी। और सिराज की जो अदा इन समाज विभाजक अराजक तत्वों को नहीं भाती थी उसपर वह उसे ट्रोल भी करने लगते थे। वे यह भी नहीं सोचते थे कि एक खिलाड़ी पर मानसिक तौर से इन बातों का कितना दुष्प्रभाव पड़ सकता है जिसका असर उसके खेल पर भी पड़ सकता है?

इसी वर्ष फरवरी में जब भारत व ऑस्ट्रेलिया के मध्य पहला टेस्ट मैच नागपुर के जामठा क्रिकेट स्टेडियम खेला जाना था उसी मुकाबले के लिये जब भारतीय क्रिकेट टीम नागपुर पहुंची तो होटल में प्रवेश करते समय टीम इंडिया के खिलाड़ी और टीम स्टाफ के स्वागत के लिये होटल कर्मचारियों ने खिलाड़ियों को तिलक लगाने की रस्म निभाई। यहाँ टीम के कई सदस्यों ने माथे पर तिलक लगवाने से मना कर दिया। इनमें मोहम्मद सिराज,उमरान मलिक, स्टाफ के सदस्य हरि प्रसाद मोहन तथा विक्रम राठौर जैसे लोगों ने किन्हीं कारणों से तिलक नहीं लगवाया। परन्तु पेशेवर ट्रोलर्स ने उस समय तिलक न लगवाने के लिये केवल उमरान मलिक और सिराज को ही निशाना बनाया और इनपर आरोप लगाया कि ह्यये अपने धर्म के प्रति कट्टर हैं और वह स्वागत तिलक भी नहीं लगवा सकते हैंह्ल। परन्तु इनके मुंह से हरि प्रसाद मोहन तथा विक्रम राठौर के तिलक न लगवाने के बारे में एक शब्द भी न निकला? हालांकि उसी समय इन विभाजनकारी ट्रोलर्स को आइना दिखने वाला वह वीडिओ भी लोगों ने शेयर कर डाला जिसमें उमरान मलिक और मोहम्मद सिराज के अलावा विक्रम राठौर और हरि प्रसाद मोहन भी तिलक लगाने से मना कर रहे हैं। इतना ही नहीं बल्कि विभाजनकारी ट्रोलर्स के जवाब में कई वास्तविक राष्ट्रवादियों ने उसी समय सिराज और उमरान की घातक बॉलिंग के वीडियो भी शेयर किए जिसमें ये दोनों खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट टीम के लिए विकेट लेते नजर आ रहे थे। गौर तलब है कि हैदराबाद के सिराज जहां वनडे में दुनिया के नंबर वन गेंदबाज हैं तो कश्मीर के उमरान मलिक भी भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते हुए सितारे हैं।

इसी तरह कुछ समय पूर्व सिराज ने अपनी एक फोटो शेयर की थी जिसमें वे हज का लिबास पहने मक्का (सऊदी अरब) में उमरा करने के लिये गये हुये दिखाई दे रहे हैं। इस फोटो को देखकर भी कट्टर ट्रोलर्स को खूब मिर्च लगी थी। उन्होंने सिराज को कट्टरपंथी बताना शुरू कर दिया था। आश्चर्य है कि जब इसी भारतीय क्रिकेट टीम का कोई खिलाड़ी किसी विवादित व पाखंडी स्वयंभू बाबा के चरणों में जा बैठे या इसरो का वैज्ञानिक अपने मंदिर जाने की फोटो शेयर करे तो यह लोग धार्मिक प्रवृति के कहे जाएँ परन्तु सिराज की उमरा करने की फोटो इन्हें ह्लकट्टरपंथी ह्वनजर आने लगे? देश में कई बार कई घटनाओं में ऐसा देखा गया है जबकि राष्ट्र विभाजक इन्हीं साम्प्रदायिक तत्वों ने धर्म के आधार पर लोगों को निशाना बनाया है। यहाँ तक कि धर्म के आधार पर बलात्कारी,दंगाइयों व हत्यारों तक का पक्षपात करते अनेक बार दिखाई दिए हैं। निश्चित रूप से घृणा फैलाने के इसी मौजूदा वातावरण में अपनी तूफानी गेंदबाजी से भारत का मान व सम्मान बढ़ाकर मोहम्मद सिराज ने बेशर्म विषाक्त ट्रोलर्स के मुंह पर जोरदार तमाचा जड़ दिया है।

जी-20 के मंच से भारत ने दुनिया को दिया अभिनव संदेश

जी-20 के सफल आयोजन ने पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया है। आज विश्व भर में भारत के नेतृत्व की प्रशंसा हो रही है। नयी दिल्ली में 9 से 10 सितंबर को शिखर सम्मेलन के पूर्व पूरे देश में विभिन्न विषयों पर जी-20 सम्मेलन का आयोजन किया गया। जी-20 शिखर सम्मेलन देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में जुड़ गया है। यह पूरी दुनिया में एक युगांतकारी क्षण के रूप में देखा जाएगा। इस महाआयोजन ने आर्थिक जिओ पॉलिटिक्स टेक्नोलॉजी जैसे कई हम वैश्विक विषयों पर पूरी दुनिया को एक मंच पर लाने का काम किया है। एक व्यापक और दूरदर्शी जी-20 नयी दिल्ली घोषणा पत्र का सर्वसम्मति से स्वीकृति भारत के ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण था। नयी दिल्ली घोषणा पत्र भारत की दूरदर्शिता का प्रमाण है, जो वर्तमान और भविष्य के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश स्तंभ का कार्य करेगा। जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहचान ग्लोबल लीडर के रूप में बनी है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने विगत वर्षों में किये गये पारंपरिक जीडीपी केंद्रित विकास पथ को आगे बढ़ते हुए दुनिया को विकास का एक मानव केंद्रित मॉडल केंद्रित मॉडल दिखाया है।



डॉ. सत्यवान सौरभ
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

जी-20 शिखर सम्मेलन का सफल आयोजन भारत के लिए कई मायनों में अहम है। इस वैश्विक मंच से भारत पूरे विश्व को वसुधैव कुटुंबकम का संदेश देने में सफल रहा है। जी-20 के सफल आयोजन ने पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया है। आज विश्व भर में भारत के नेतृत्व की प्रशंसा हो रही है। नयी दिल्ली में 9 से 10 सितंबर को शिखर सम्मेलन के पूर्व पूरे देश में विभिन्न विषयों पर जी-20 सम्मेलन का आयोजन किया गया। जी-20 शिखर सम्मेलन देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में जुड़ गया है। यह पूरी दुनिया में एक युगांतकारी क्षण के रूप में देखा जाएगा। इस महाआयोजन ने आर्थिक जिओ पॉलिटिक्स टेक्नोलॉजी जैसे कई हम वैश्विक विषयों पर पूरी दुनिया को एक मंच पर लाने का काम किया है। एक व्यापक और दूरदर्शी जी-20 नयी दिल्ली घोषणा पत्र का सर्वसम्मति से स्वीकृति भारत के ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण था। नयी दिल्ली घोषणा पत्र भारत की दूरदर्शिता का प्रमाण है, जो वर्तमान और भविष्य के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश स्तंभ का कार्य करेगा। जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहचान ग्लोबल लीडर के रूप में बनी है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने विगत वर्षों में किये गये पारंपरिक जीडीपी केंद्रित विकास पथ को आगे बढ़ते हुए दुनिया को विकास का एक मानव केंद्रित मॉडल केंद्रित मॉडल दिखाया है। स्थिरता, समावेशिकता और साझा समृद्धि पर जोर देनेवाला यह मॉडल जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों के लिए गहराई से प्रतिध्वनित हुआ, जिसने मानवता की सामूहिक कल्याण के लिए एक पुरोधा के रूप में भारत के रुख को प्रमुखता से स्थापित किया है। भारत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) और मिशन एलआईएफई (लाइफ) जैसे प्रतिष्ठानों की वकालत करने में भी सबसे आगे रहा, जो वैश्विक नीति निमार्ताओं को उनके पारंपरिक नीतियां बनाते समय मार्गदर्शन का काम करेंगे। आनेवाली पीढ़ियां भी जी-20 शिखर सम्मेलन 2023 को एक ऐसे सम्मेलन के रूप में याद करेगी, जिसमें अफ्रीकी संघ को जी-20 की पूर्ण सदस्यता दी गयी, इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दृष्टिकोण परिलक्षित हुआ, जिसमें वह ऐसे समूह या मंचों पर ग्लोबल साउथ के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के लिए मुखर रहे हैं। अफ्रीका के साथ भारतीय संबंधों को और मजबूत करने के पीएम मोदी के प्रयास 2015 में नई दिल्ली में आयोजित हुए भारत अफ्रीका शिखर सम्मेलन के दौरान ही स्पष्ट हो गया था, जहां उन्होंने सभी राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों की मेजबानी की थी। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद एवं संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्तावों पर अपने राष्ट्रीय रुख को दोहराते हुए इस बात पर विशेष बल दिया कि सभी देशों को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों एवं सिद्धांतों के अनुरूप ही आगे बढ़ना चाहिए। साथ ही सभी को अन्य देशों की अखंडता एवं संप्रभुता या राजनीतिक स्वतंत्रता के विपरीत अधिग्रहण की धमकी या शक्ति के प्रयोग से बचना चाहिए। भारत ने स्पष्ट किया कि परमाणु हथियारों का उपयोग या उपयोग की धमकी देना भी कतई स्वीकार्य नहीं है। आर्थिक मोर्चे पर भी जी-20 शिखर सम्मेलन मील का पत्थर साबित हुआ है। जी-20 सदस्यों की अर्थव्यवस्था को गति देने एवं टिकाऊ आर्थिक सुधार लाने हेतु निजी उद्यमशीलता की भूमिका पर सहमति बनी है। भारत, मिडिल ईस्ट एवं यूरोप के बीच व्यापारिक कॉरिडोर की संकल्पना साकार होने से भारत के व्यापार एवं अर्थव्यवस्था में अभूतपूर्व गति आयेगी। इसके इतर जी- 20 सदस्यों ने विकासशील देशों में निवेश परियोजनाओं के लिए निजी क्षेत्रों की भूमिका को रेखांकित किया है। साथ ही वैश्विक स्तर पर आर्थिक असमानता दूर करने एवं टिकाऊ, संतुलित, सर्वसमावेशी, दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा देने की आवश्यकता हेतु व्यापक आर्थिक एवं संरचनात्मक नीतियों को लागू करने पर सहमति बनी है। फलतः समान विकास को बढ़ावा मिलेगा एवं व्यापार, आर्थिक एवं वित्तीय स्थिरता की मजबूती से कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा होगी। भारत ने अपनी अध्यक्षता में जी-20 के मंच से संदेश दिया है ह्यएक पृथ्वी, एक कुटुम्ब एवं एक साझा भविष्यह्ल। अतः जी-20 घोषणा-पत्र सतत, सर्वसमावेशी, प्रकृति-केन्द्रित विकास के मॉडल पर आधारित है। इसमें विकास हेतु सतत हरित मार्ग की परिकल्पना की गयी है। इसी के अंतर्गत भारत की पहल पर विश्व जैव ईंधन गठबंधन की शुरूआत भी हुई। शीर्ष नेताओं ने जलवायु मोर्चे सहित विश्व के समक्ष उपस्थित विभिन्न चुनौतियों से निपटने हेतु तत्काल पहल करने का आह्वान किया। निकट भविष्य में ग्लोबल वार्मिंग के विरुद्ध वैश्विक मुहिम के लिए व्यापक रणनीति जैसे इस हेतु वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना करने आदि पर सहमति बनी है।जी-20 शिखर सम्मेलन में आतंकवाद एवं वैश्विक भ्रष्टाचार को खत्म करने, पारंपरिक विरासत को संभालने तथा गुणवत्तापरक शिक्षा के तीव्र प्रसार के प्रयासों पर भी भारत की पहल को स्वीकारता मिली। भारत ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय आवश्यकताओं की पूर्ति में सर्वथा सक्षम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिवर्तनकारी पहलुओं से सदस्य देशों को परिचित करवाया। सभी ने माना कि शिक्षा में सृजनात्मकता, तर्कसंगत सोच, अनुसंधान, कौशल विकास, उद्यमिता, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार सृजन को बढ़ावा देकर शिक्षा के नूतन लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेंगे। अपनी अध्यक्षता में भारत ने जी-20 के माध्यम से पूरे विश्व में मानवता, बंधुत्व और आपसी सहयोग का संदेश दिया है। यह देश की आजादी के अमृतकाल का स्वर्णिम आयोजन के रूप में हमेशा याद रखा जाएगा।

सनातन विवाद खालिस सियासी खुराफात

अनिल बिहारी श्रीवास्तव

सनातन विवाद पर मद्रास हाईकोर्ट की टिप्पणी और अनेक शीर्ष संतों सहित समूचे हिंदू समुदाय की नाराजगी को देखते हुए क्या द्रमुक नेताओं की खोपड़ी में समझदारी का बीज अंकुरित होने की उम्मीद की जा सकती है? पिछले कुछ समय से द्रमुक के नेता सनातन, उत्तरी भारतीयों विशेषकर बिहार और उत्तर प्रदेश के लोगों और हिंदी को लेकर असभ्य अंदाज में टिप्पणियां करते आ रहे हैं। संदेह स्वाभाविक है कि इन हरकतों को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन की मौन स्वीकृति प्राप्त है। इधर, सनातन धर्म को लेकर चल रही बहस के बीच मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस एन.शेषशायी ने अहम टिप्पणी की है। उन्होंने कहा, ह्यसनातन धर्म शाश्वत कर्तव्यों का समूह है, जिसमें राष्ट्र, राजा, माता-पिता और गुरुओं के प्रति कर्तव्य और गरीबों देखभाल शामिल है। जस्टिस शेषशायी ने उस याचिका की सुनवाई के दौरान यह बात कही जिसमें एक गवर्नमेंट कालेज की ओर से जारी सर्कुलर को चुनौती दी गई थी। सर्कुलर में छात्रों से सनातन का विरोध विषय पर अपनी राय बताने के लिए कहा गया था। हालांकि याचिका दायर होने की जानकारी लगते ही कालेज प्रबंधन में सर्कुलर वापस ले लिया। माना जा रहा है कि द्रमुक नेताओं के आशीर्वाद के भरोसे ही कालेज प्रबंधन ने इस तरह का असंवैधानिक कृत्य करने का दुस्साहस किया होगा। एक महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि जस्टिस शेषशायी ने जोर देकर कहा है कि ह्यफ्री स्पीच फंडामेंटल राइट है लेकिन नफरत फैलाने वाले भाषण देने की इजाजत नहीं देता। खासकर जब यह धर्म से जुड़ा मामला हो। सनातन विरोधी ताजा विवाद की शुरूआत तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन के पुत्र और राज्य के युवा कल्याण एवं खेल मामलों के मंत्री उदयनिधि स्टालिन द्वारा दो सितम्बर को चेन्नई में तथाकथित प्रगतिशील लेखकों और कलाकारों के एक संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से किए जाने से हुई थी। उदयनिधि ने कहा था कि ह्यइसका विरोध नहीं, बल्कि इसे पूरी तरह खत्म कर दिया जाना चाहिए। विवाद बढे पर एम.के.स्टालिन नपे-तुले शब्दों में सफाई दी, उदयनिधि स्टालिन का इरादा किसी धर्म की मान्यताओं को ठेस पहुंचाने का नहीं था। स्वयं उदयनिधि की ओर से जो स्पष्टीकरण आया उसमें खेद या क्षमा भाव का रत्तीभर पुट नही दिखा। उसने कहा, ह्यहम किसी धर्म के दुश्मन नहीं हैं। हिंदी, उत्तर भारतीयों और सनातन के प्रति असभ्य भाषा के प्रयोग का द्रमुक नेताओं का लंबा रिकार्ड है। चौतरफा आलोचनाओं से छोटे स्टालिन ने चुप्पी का स्वांग रचा तो द्रमुक के दूसरे नेता सक्रिय हो गए। इनमें एक नाम बड़बोले नेता ए.राजा है। ए. राजा ने सनातन की तुलना एडस और कुष्ठ रोग से की है। एक ताजा वीडियो देखने में आया जिसमें ए.राजा सनातन धर्म को पूरी दुनिया के लिए खतरा बता रहा है। 13 सितम्बर को इसका एक और भडकाऊ बयान आया। इसने कहा है, ह्यएक व्यक्ति तब तक शूद्र रहता है जब तक वह हिंदू है। ए.राजा पहले भी आर. एस. एस. और प्रधानमंत्री के संदर्भ में अपमानजनक और असभ्य टिप्पणियां कर चुका है। जुलाई 2022 में ए.राजा ने प्रधानमंत्री श्री मोदी और गृह अमित शााह से कहा था कि तमिलनाडु को स्वायतत्ता दें। हमें स्वतंत्र तमिलनाडु देश मांगने पर विवश नहीं होने दें। एक अन्य द्रमुक नेता के.पोनमुडी है। यह व्यक्ति तमिलनाडु का उच्च शिक्षा मंत्री है। पोनमुडी ने कहा है कि आईएनडीआईए को सनातन के खिलाफ लडे के लिए बनाया गया है। सनातन को खत्म करना है तो मतदाता चुनावों में आईएनडीआईए को वोट दे। जुलाई 2021 में तमिलनाडु के मंत्री और द्रमुक नेता के.एन. नेहरू ने अपनी रंगभेदी टिप्पणी से खासा विवाद खड़ा कर दिया था। उसने कहा था, तमिलों की तुलना में बिहारियों में बुद्धि कम होती है। बिहारियों और उत्तर भारतीयों को तमिल और अंग्रेजी नहीं आती लेकिन वो तमिलों की नौकरियां छीन लेते हैं। द्रमुक नेताओं की नफरती बयानबाजी खत्म होने का नाम नहीं ले रही। द्रमुक का एक प्रवक्ता है सी. रविन्द्रन, उसने हाल ही में सनातन विवाद को और हवा दे दी। रविन्द्रन कहा है, यू.पी. और बिहार के लोगों का दिमाग कम होता है। ये लोग सनातन धर्म मानते हैं इसलिए इनमें बुद्धि और सामान्य बोध का अभाव होता है।

द्रमुक नेताओं की इन असभ्य और अपमानजनक टिप्पणियों से एक बात समझ में आती है कि इनकी रग-रग में उत्तर भारतीयों, हिंदी और सनातन के विरूद्ध जहर भरा है। यह राय बनने लगी है कि इनको चुपचाप सहन करने की कतई जरूरत नहीं है, उचित जवाब दिया जाना चाहिए। द्रमुक नेताओं का व्यवहार साबित कर रहा है कि तमिलनाडु में भाजपा के उभार से उनमें बेचैनी है। भडकाऊ और अपमानजनक बयानों का मकसद हिंदू वोट बैंक को जाति, नस्ल, भाषा और क्षेत्रीयता के आधार पर विभाजित करना है। आश्चर्य का विषय है कि सत्ता के मोह में 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए एकजुट हुए विपक्षी दल द्रमुक नेताओं के नफरती हथकंडों पर ना केवल चुप्पी साधे हुए हैं बल्कि कुछ नेताओं ने सनातन विवाद में उदयनिधि स्टालिन का बचाव करने की कोशिश की। विपक्षी गठबंधन, इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस(आईएनडीआईए) ने सनातन विवाद पर चुप्पी साध ली है। इसके दो कारण हो सकते हैं, या तो द्रमुक को नाराज करने की हिम्मत नही हो या फिर कोई सियासी खुराफात। आईएनडीआईए की समन्वय समिति की पहली बैठक के बाद कहा गया है कि ह्यसनातन धर्म के मुद्दे से जुड़े विवाद पर गठबंधन से कोई बयान नहीं दिया जाएगा क्योंकि एम.के.स्टालिन इस मुद्दे पर गठबंधन का स्टैंड साफ कर चुके हैं। उदयनिधि के बयान को आईएनडीआईए के इक्का-दुक्का नेताओं ने ही खुलकर नापसंद किया है। इनमें एक नाम ममता बनर्जी है, जिन्होंने बड़े संतुलित अंदाज में उदयनिधि के बयान की निंदा की है। आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने कहा, मैं सनातन धर्म से हू और ऐसे बयानों का विरोध करता हूं। यह विपक्षी गठबंधन का बयान नहीं है। किसी ने बहुत सही सवाल उठाया है, लालू यादव, नीतीश कुमार से लेकर हनुमान भक्त अखिलेश यादव और शिवभक्त राहुल गांधी सनातन के अपमान पर क्यों चुप हैं?

संक्षिप्त खबरें

मानव व्यापार विरोधी समिति की बैठक आयोजित

मुजफ्फरपुर।जिला स्तरीय मानव व्यापार विरोध समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी प्रणव कुमार की अध्यक्षता में की गयी। महिला हेल्प लाईन द्वारा मानव व्यापार के पीड़िताओं के पुनरवास हेतु किये गये प्रयासों की समीक्षा हुई। डी.पी.ओ. आई.सी.डी.एस. ने बताया की 28 महिला पीड़ित को दो लाख अस्सी हजार रूपए स्वरोजगार हेतु दिया गया। दस हजार रुपये प्रति पीड़ित महिला को दिया गया। जिला पदाधिकारी ने निदेश दिया की पंचायत सरकार भवन पर स्थायी रूप से बॉल पेन्टिंग कराकर इसे तमाम नियमों अधिनियमों एवं आवश्यक फोन नम्बर का व्यापक प्रचार-प्रसार करायें।

श्री श्री 108 श्री रामधुनि महायज्ञ शुरू

अलीगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत इस्लामनगर गढ पर दुर्गा मंदिर के प्रांगण मे सवा महीना अखंड ज्योति कीर्तन मंडली के द्वारा सवा महीना अखंड रामधुनी का आयोजन किया जा रहा है। जो 12 सितंबर से शुरु हो गई है।जो सवा महीना यानि 20 अक्टूबर तक चलेगी। अखंड ज्योति कीर्तन मंडली के प्रचारक शास्त्री अजय कुमार पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रामधुनि महायज्ञ सवा महीना तक चलेगा ।जिसमे बडे -बडे संत भजन कीर्तन गायक आकर अपना -अपना ज्ञान परोस रहे है।जो ज्ञान रूपी समुद्र मे आकर गोता लगाये। और महायज्ञ का लाभ उठाये।

गणपति बप्पा मौरया की जयघोष से गूंज रहा अलीगंज

अलीगंज जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा---- और गणपति बप्पा मोरया-- के जयकारो के साथ पुरा इलाका गूंज रहा है।प्रखंड क्षेत्र के अलीगंज बाजार मे गणेशोत्सव की धूम मची है।मंगलवार की देर शाम बडे ही धूमधाम से पंडालो मे गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गई। प्रखंड क्षेत्र के अलीगंज बाजार मे आधा दर्जन स्थानो पर विभिन्न पूजा समितियो के द्वारा भव्य पंडाल बनाकर बडे ही श्रद्धा भाव से गणेश भगवान जी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया जा रहा है।चारो तरफ भक्तिमय महौल बना हुआ। यह दो दिवसीय मेला आयोजित किया जाता है।शाम होते ही प्रतिमा दर्शन को भीड उमड पडती है। अलीगंज बाजार मे बुढवा गणेश जी एव स्टुडेंट क्लब तथा युवा क्रान्ति क्लब के अलावे दो और जगहो पर गणपति बप्पा मोरया की प्रतिमा स्थापित किया गया है।दो दिनो से रहा भक्ति रस की बयार चल रही है।और श्रद्धालु भक्ति रस का पान कर रहे है। बता दे कि अलीगंज बाजार मे बडे ही हरषोउललास के साथ गणपति उत्सव मनाया जा रहा है।

चोरो ने खिड़की से घुसकर उड़ाया लाखों रुपये

शेरघाटी।शहर के हटिया मोहल्ला देवी मठ के निकट मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर करीब डेढ़ लाख रुपये मूल्य के कीमती आभूषण के साथ मोटरसाइकिल की चोरी कर लिया. जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन शुरू कर दिया है. वही चोरी मामले में पीड़ित गृह स्वामी मनोज कुमार ने थाने में लिखित शिकायत किया है. पुलिस से की गई शिकायत में उन्होंने कहा है, कि रोज की तरह हम लोग खाना खाकर सो गए थे घर के मुख्य दरवाजे के निकट छज्जे के सहारे चोर घर में घुस गया और कमरे में रखा महंगा आभूषण मंगलसूत्र झुमका अंगूठी सहित वहां रखे दूसरे जेवरात की चोरी कर ली इतना ही नहीं घर का मुख्य दरवाजा खोलकर हीरो होंडा कंपनी की मोटरसाइकिल भी कर घर से लेकर चले गए जिसका नंबर बी 02ए जे 5503 है. पुलिस ने पीड़ित के शिकायत पर प्राथमिक की दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दिया है. थानाध्यक्ष विमल कुमार ने बताया कि पुलिस चोरी की घटना की जांच कर रही है

वार्ड सदस्यों ने मुखिया के विरुद्ध खोला मोर्चा, दिया धरना

कल्याणपुर, समस्तीपुर।कल्याणपुर प्रखंड मुख्यालय पर बुधवार को वार्ड सदस्य संघ के बैनर तले एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें मुखिया द्वारा वार्ड सदस्यों को अपमानित करने और उनके अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण करने की बात कहां है। सरकार के स्तर से अगर इस पर कोई समुचित कार्रवाई नहीं की जाती है, तो वार्ड सदस्य संघ बने राज्यव्यापी आंदोलन की बात कही। मौके पर संघ के अध्यक्ष राजेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि इस बात को लेकर सभी पंचायत के वार्ड सदस्यों से बात हुई है। उसमें भी मुखिया द्वारा मनमानी रूप से कार्य कराया जा रहा है।जो अनुचित है।इसकेलिए आंदोलन और भी तेज करने की बात कही। मौके पर इस संबंधित ज्ञापन बीडीओ देवेंद्र कुमार को दिया गया।

फाइलेरिया रोधी दवा खाकर अपने राज्य से बीमारी के उन्मूलन में सकारात्मक भूमिका निभाएं : डीडीसी

- उत्सवी माहौल में शुरू हुई सर्वजन दवा सेवन अभियान
- फुलवारीशरीफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर फाइलेरिया पदाधिकारी और कर्मियों ने दवा खाकर शुरूआत की अभियान

प्रात : किरण, संवाददाता

पटना। कहीं मुखिया जी, तो कहीं वार्ड पार्षद। कहीं चिकित्सक तो कहीं स्वास्थ्य कर्मी। वहीं स्कूलों में बच्चों और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान की शुरूआत की। मानों फुलवारीशरीफ प्रखंड स्थित गोनपुरा पंचायत के गोरियाडेरा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में उत्सवी माहौल जैसा नजारा दिख रहा था। मौका था आज से यानी 20 सितंबर से शुरू होकर अगले एक पखवाड़े तक चलने वाले एमडीए अभियान का। एक तरफ जहां बुधवार को फुलवारीशरीफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डीडीसी, डीभीडीसीओ डॉ सुभाष प्रसाद, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजकुमार ने फाइलेरिया रोधी दवा खाकर अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर डीडीसी शिवतनय सुल्तानिया ने कहा कि फाइलेरिया बीमारी क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है। सबसे बड़ी बात कि मच्छर के काटने के पांच से दस साल के बाद उसका प्रभाव दिखता है। इसलिए इस बीमारी से बचाव के लिए सरकार द्वारा हर साल सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान चलाया जाता है। इस अभियान के दौरान प्रखंड स्थित गांवों में घर-घर जाकर आशा दीदी के द्वारा स्वस्थ लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाती है। इस दवा का सेवन सभी स्वस्थ लोगों को करनी है। ताकि अगर किसी व्यक्ति को क्यूलेक्स मच्छर काटा होगा तो दवा खाने के बाद परजीवी मर जाएगा और फाइलेरिया बीमारी होने का खतरा टल जाएगा। इसलिए हम सभी लोगों से अपील करते हैं कि सर्वजन दवा सेवन अभियान के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा खाकर अपने राज्य से फाइलेरिया के उन्मूलन में सकारात्मक सहयोग प्रदान करें। वहीं दूसरी ओर फुलवारीशरीफ प्रखंड के गोनपुरा पंचायत स्थित गोरियाडेरा गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गोरियाडेरा में पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार ने फाइलेरिया रोधी दवा खाकर अभियान की शुरूआत की। इस दौरान पेशेंट नेटवर्क के सदस्य पटेल पंडित ने भी स्कूली बच्चों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्कूल में कुल 132 छात्र-छात्राओं समेत पांच शिक्षक और शिक्षिका ने भी फाइलेरिया रोधी दवा खायी। इसके बाद सोरनपुर पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सोरनपुर में वार्ड पार्षद टुनटुन कुमार और सामाजिक कार्यकर्ता गुड्डी कुमार ने फाइलेरिया रोधी दवा खाकर अभियान की शुरूआत की। यहां कुल 162 छात्र-छात्राओं ने फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन किए।

मरीज सुरक्षा दिवस पर जागरूकता फैलाने के लिए पोस्टर प्रदर्शन रैली का आयोजन किया गया

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी सदर अस्पताल मधुबनी में एएनएम स्कूल के छात्रों द्वारा अस्पताल स्वच्छता और मरीज सुरक्षा दिवस पर अस्पताल के स्वास्थ्य सफाई और दुनिया भर के मरीजों के सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक पोस्टर प्रदर्शन और एक रैली का आयोजन किया गया। इस पोस्टर प्रदर्शन और रैली का आयोजन करने का उद्देश्य स्वस्थ्य सफाई और विश्व मरीज सुरक्षा दिवस के बारे में जागरूकता फैलाना था। इस पोस्टर प्रदर्शन में एएनएम स्कूल के करीब एक सो से अधिक छात्र उत्साह के साथ भाग लिए। उन्होंने अपने प्रस्तावना को आगंतुकों को समझाया भी।इस आयोजन की शुरूआत किसी भी जिला स्वास्थ्य समाज और पिरामल फाउंडेशन के अभिनंदन आनंद ऋतिका सिंह और मुदित पाठक के संयुक्त प्रयासों से की गई थी। इस आयोजन की शुरूआत एक रैली के साथ हुई जिसे एक प्रदर्शन का अनुसरण किया गया जिसमें जिला स्वास्थ्य समाज के सदस्य सदर अस्पताल के डॉक्टर सदर अस्पताल के जीएनएम और अन्य मरीज भी शामिल थे। सिविल सर्जन डॉ. नरेश कुमार भीमसारिया ने प्रस्तुतियों और पोस्टरों को देखा और प्रशंसा की। उन्होंने औरों से कुछ सर्वश्रेष्ठ पोस्टर और प्रस्तावना ओं का चयन भी किया। इस आयोजन में ललन सिंह प्रकाश जोशी स्मिता गुरुङ मयूरी लेट सुनील हिरवा स्वणार्भा भी मौजूद थे।

केंद्रीय योजनाओं का लाभ गरीबों को दिलाने के लिए कार्यकर्ता करें सकारात्मक पहल:अजीत

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। गरीबों का हो रहे शोषण एवं सरकारी कार्यालय में व्याप्त प्रशासनिक भ्रष्टाचार पर रोक लगे, नहीं तो होगी आर पार की लड़ाई। उक्त बातें बुधवार को मड़वन प्रखंड के महम्मदपुर चैनपुर एवं बड़कागांव में भाजपा कार्यकर्ता व समर्थकों को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि इस राज्य मे भ्रष्टाचार जिस कदर व्यवस्था पर हावी है, लगता है कि समाज के दबे कुचले व गरीब तबके के लोग अपने मौलिक अधिकार से वंचित हो जाएंगे । उन्होंने कहा कि हर जगह दलाल व बिचौलिए अधिकारियों के संरक्षण में व्यवस्था पर हावी हो गए हैं । वही गरीब अपने अधिकार के लिए भटक रहे हैं । उन्हें कहीं कोई सुनने वाला नहीं है। श्री कुमार ने कहा कि स्थिति काफी भयावह है, ऐसे में अब लोगों के समक्ष अपने अधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष ही एकमात्र रास्ता बचा है । उन्होंने लोगों का आवाहन करते हुए कहा कि आप लड़ने को आगे आए, हम आपका अगुवाई कर हर हालत में न्याय व अधिकार दिलाएंगे । श्री कुमार ने त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकारों में हो रहे कटौती पर चिंता जाहिर करते हुए कहा की राज्य सरकार का यह कदम शर्मनाक एवं लोकतंत्र के लिए घातक है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री द्वारा गरीबों के हित में चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ गरीबों को त्वरित मिले इसके लिए सकारात्मक पहल करने का अपील किया। श्री कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने समाज के अति पिछड़े व दलित समाज के अठारह जातियों को सिधा लाभ पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना लॉन्च किया है। इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले इसके लिए कार्यकर्ता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करें। बैठक की अध्यक्षता क्रमशः मोहम्मद शमीम एवं पूर्व मुखिया मोतीउर मानने किया। इस मौके पर बैठक को समाजिक कार्यकर्ता नवल सिंह, जगदीश सहनी, राजेंद्र सहनी, मुन्नीलाल सहनी, अमोद सहनी, रघुनाथ सिंह, राजकुमार सिंह, राजेंद्र सहनी, देवनारायण शाही, उप मुखिया बिनु भगत, सुखा महतो, पूर्व मुखिया रंजीत कुमार सिंह, संतोष कुमार शाही, नागेंद्र गिरि, विनोद राय, जगदीश शाह ,कमल सहनी, जय मंगल महतो , बृजेश झा, भूषण पंडित, अमरजीत पासवान, राजू सिंह, रविंद्र सिंह, श्रीकांत ,अशर्फी सहनी , विनोद शर्मा , महेश्वरी भक्त, राकेश कुमार सिंह, आदि लोगों ने संबोधित किया।

धूमधाम से किया गया गणेश प्रतिमा का विसर्जन

प्रात : किरण संवाददाता

चकाई प्रखंड के कई जगहों पर भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का विसर्जन बुधवार की रात्रि को भक्ति भावपूर्ण माहौल में गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकालकर किया गया।

इस अवसर पर प्रखंड के पीपरपाती यूथ क्लब खास चकाई द्वारा भव्य पूजा पंडाल में स्थापित भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का विसर्जन बुधवार की देर संध्या धूमधाम के साथ गांव का भ्रमण करते हुए चकाई बाजार स्थित नावा आहार तालाब में किया गया। विसर्जन शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पूजा समिति के सदस्य शामिल थे। विसर्जन शोभा यात्रा में गणपति बप्पा मोरिया के जयकारा से गुंजायमान होते रहा।

इसके पूर्व महाप्रसाद का वितरण भी किया गया। मौके पर रंजन तिवारी , अभय नाथ तिवारी, कन्हैया तिवारी,पंडित करुणा निधन विजय तिवारी , शुभम तिवारी,बबलू श्रीवास्तव,शुभास तिवारी , प्रेम मालाकार , अंकुर पांडेय , मुकुल पांडेय , शिंकू तिवारी , आनंद तिवारी , मानस पांडेय ,मुकुंद शर्मा , राहुल पोद्दार सहित बड़ी संख्या में क्लब के सदस्य मौजूद थे।

प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनी गणेश चतुर्थी

प्रात : किरण, संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश चतुर्थी धुमधाम से मनाई गई। चतुर्थी को लेकर गिद्धौर के विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही भारी भीड़ उमड़ रही। बाबा बूढ़ानाथ मंदिर यज्ञशाला समिति द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा का पूजन किया गया।इस दौरान भगवान गणेश की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया गया। देर रात्रि प्रतिमा पूजन के बाद महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती में गिद्धौर के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। पंडाल में विराजमान भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष लड्डू का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। वही भगवान गणेश के दर्शन के लिए भारी भीड़ होने से पंडाल में लंबी कतारें लग गई थी। बाबा बूढानाथ मंदिर यज्ञशाला के कमिटि के अध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि गणपति महोत्सव का आगाज मंगलवार की रात्रि वैदिक मंत्रोच्चारण व विशेष पूजा अर्चना व मूर्ति स्थापना के साथ हुआ। दिन में आरती और भोग के साथ साथ भजन कीर्तन का आयोजन किया गया तथा शाम में आरती के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। सुबह और शाम गणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया के जयघोष से वातावरण गुंज उठा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग गणपति की पूजा अर्चना बड़े ही भक्ति भाव से किये। इस मौके पर बाबा बूढानाथ मंदिर यज्ञशाला के कमिटि के सचिव आशुतोष वैभव(मोनू) कोषाध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता यज्ञशाला कमिटि के सदस्य शुभम सिंह,कारण कुमार,सन्नी कुमार, विक्रम कुमार,कन्हैया कुमार,राजा कुमार,रोहित कुमार,नीतीश कुमार, अमित कुमार,छोटू कुमार,मोनू कुमार, गौतम कुमार,रंजय कुमार,बेलवे कुमार राजेश कुमार सहित सैकड़ो भक्त मौजूद थे।

प्रखंड के प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड के प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में वर्ग प्रथम से अष्टम वर्ग के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन परीक्षा 20 सितम्बर से शुरू हो गया जो 26 सितम्बर तक संचालित होगा। प्रखंड में बुधवार को वर्ग तृतीय से अष्टम के छात्र छात्राओं के लिए परीक्षा आयोजित की गयी। विभाग द्वारा जारी परीक्षा कार्यक्रम के तहत बुधवार को प्रथम पाली में सामाजिक विज्ञान तथा द्वितीय पाली में विज्ञान विषय की परीक्षा ली गई। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शमशुल होदा ने बताया कि अर्द्धवार्षिक परीक्षा में प्रखंड में वर्ग तृतीय से अष्टम में 10283 नामांकित छात्र छात्राओं के एवज में 8050 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं वर्ग षष्ठ से अष्टम में 4754 नामांकित परीक्षार्थियों के एवज में 3850 छात्र एवं छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा के लिए विभाग द्वारा आवश्यकता अनुसार सभी विद्यालयों को प्रश्न उत्तर पुस्तिका उपलब्ध करवाई गई है। वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शमशुल होदा ने प्रखंड के कई विद्यालयों में जारी परीक्षा का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय प्रधानाध्यापक सहित विद्यालयी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद थे।

गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर रक्सौल गणेश मंदिर में हुआ भव्य पूजन एवं भजन-कीर्तन

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। सूर्य मंदिर समिति रक्सौल एवं धानोठिया परिवार के सौजन्य से गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर सूर्य मंदिर प्रांगण में अवस्थित गणेश मंदिर परिसर में भव्य पूजन के साथ उत्तर प्रदेश के नामचीन कीर्तन मंडली द्वारा सुमधुर वाद्य यंत्रों के साथ ज्योति व भजन कीर्तन का मनोरम प्रस्तुति किया गया। जिसके आयोजन में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्सौल के जाने-माने धर्मावलंबी धानोठिया परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका एवं योगदान रही। जिसकी जानकारी सूर्य मंदिर समिति के सचिव सह लायंस क्लब ऑफ रक्सौल के अध्यक्ष लायन शम्भु प्रसाद चौरसिया ने देते हुए बताया कि भगवान श्री गणेश जी के जन्मोत्सव व भजन-कीर्तन कार्यक्रम में माननीय विधायक श्री प्रमोद कुमार सिन्हा जी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री धीरेन्द्र कुमार, पुलिस निरीक्षक श्री नीरज कुमार, नगरपरिषद् उपचेयरमैन पति सह समाजसेवी राकेश कुमार कुशवाहा,सांसद प्रतिनिधि राजकिशोर राय उर्फ भगत जी, भाजपा नेता ई. जितेंन्द्र कुमार,गुड्डु सिंह, मनोज शर्मा, मनीष दूबे, जदयू नेत्री पूर्णिमा भारती, दिनेश कुमार,राजद नेता रवि मस्कारा,रक्सौल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, सचिव राजकुमार गुप्ता, पूर्व प्रमुख संतोष कुमार गुप्ता उर्फ पप्पू जी, रमेश धानोठिया, दिनेश धानोठिया,नरेश धानोठिया तथा लायंस क्लब ऑफ रक्सौल के सचिव लायन पवन किशोर कुशवाहा, उपाध्यक्ष गणेश धानोठिया,राजू कुमार गुप्ता, नारायण रुंगटा, बिमल सर्राफ, सुमित भारतिया, हेमंत अग्रवाल, विजय कुमार, पंकज वर्णवाल, नूतन चौरसिया, सुशीला धानोठिया, पूनम देवी गुप्ता, गीता देवी कुशवाहा के साथ साथ हजारों गणमान्य धर्मावलंबियों विजय कुमार गिरि, अशोक अग्रवाल, मनीष त्रिपाठी, प्रमोद कुमार, सुरेश प्रसाद,बिमल रुंगटा आदि की गरिमामई उपस्थिति रहीं। भजन मंडली द्वारा सुमधुर गीत-संगीत की प्रस्तुति में देर रात्रि तक धर्मावलंबी भक्तजन सराबोर रहें। वहीं सफलतम कार्यक्रम में गणेश मंदिर निमार्ता धानोठिया परिवार एवं सूर्य मंदिर समिति सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ हीं सूर्य मंदिर समिति के पदेन अध्यक्ष सह माननीय विधायक श्री प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि इस वर्ष दुर्गा पूजा, दिपावली एवं छठ पूजा के शुभ अवसर पर सूर्य मंदिर व परिसर का साज-सज्जा भव्यता के साथ करने की योजना पर सूर्य मंदिर समिति व लायंस क्लब ऑफ रक्सौल तथा परिसर व तालाब की साफ-सफाई के लिए नगरपरिषद् को निर्देशित किया गया है।

महिला आरक्षण का संकल्प पीएम मोदी ने पूरा किया : पुरुषोत्तम

प्रात : किरण, संवाददाता



औरंगाबाद। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने संसद में महिला आरक्षण बिल पेश किए जाने का स्वागत करते हुए कहा है की महिला आरक्षण का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया है। देश के नए संसद भवन में सदन की कार्रवाई के पहले दिन महिला आरक्षण से जुड़ा ऐतिहासिक ह्यनारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयकह्न से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अमृतकाल का भारत का एक नया अध्याय की तरफ बढ़ चुका है इसके लिए नारी शक्ति को बधाई। अब साधारण परिवार के महिलाओं को भी राजनीति में आगे आने का मौका मिलेगा मोदी जी ने महिलाओं का किस्मत का ताला खोल कर दिखा दिया है इस विधेयक को सदन में पारित होने के बाद महिला सशक्तिकरण और मजबूत होगा।

ग्राम भारती महाविद्यालय रामगढ़ के द्वारा बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन के छात्रों को फेयरवेल पार्टी के तहत विदाई समारोह आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर: रामगढ़ ग्राम भारती महाविद्यालय पर आज बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) डिपार्टमेंट के द्वारा फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे ग्राम भारती महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रोफेसर राधेश्याम सिंह ने फीता काटकर तथा मां सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित के साथ आयोजन का शुभारंभ किया। फेयरवेल में मौजूद छात्रों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक ने कहा कि जब से यहां पर वोकेशनल कोर्स का पढ़ाई शुरू हुआ है तब से बीसीए के विभाग अध्यक्ष सुनील कुमार शुक्ला और मेरे द्वारा यहां पर छात्रों के लिए हर संसाधन की की व्यवस्था के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं, वहीं उन्होंने फेयरवेल में सम्मिलित सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग भारत या विदेश के किसी भी कोने में जाएं मैं यही कामना करता हूं कि रामगढ़ और ग्राम भारती महाविद्यालय का नाम आप लोग हमेशा शिखर पर रखें। आपको बता दें कि बीसीए डिपार्टमेंट के सत्र 2019-22 के 9 छात्रों को आज विदाई दिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए विभाग अध्यक्ष सुनील कुमार शुक्ला ने बताया कि पूरे कैमूर में रामगढ़ की छात्रा दीक्षा जायसवाल ने 76.64 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है वहीं महाविद्यालय की बात करें तो रिमझिम सिंह तथा सरस्वती ने 74 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय और विष्णु मोहन पांडे ने 71.87 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। मिस फेयरवेल दीक्षा जायसवाल तथा मिस्टर फेयरवेल विष्णु मोहन पांडे को बनाया गया' कार्यक्रम का संचालन प्रकाश कुमार यादव तथा वर्षा सिंह ने किया। मौके पर प्रधानाध्यापक प्रोफेसर राधेश्याम सिंह,कोऑर्डिनेटर राधेश्याम सिंह,बीसीए के विभागाध्यक्ष सुनील कुमार शुक्ला मौजूद रहे वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रियांशु कुमार शुभम सिंह देव सिंह राहुल कुमार इत्यादि का अहम योगदान रहा।

सीरबीट व अमावं गांव में कलश यात्रा निकालकर लिया गया मिट्टी और चावल

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर: नेहरू युवा केंद्र द्वारा सीरबिट व अमावं गांव में कलश यात्रा निकालकर घर-घर से मिट्टी एवं चावल का एकत्रीकरण किया गया है। जिस पर जानकारी देते हुए जिला युवा पदाधिकारी सुशील करौलिया ने बताया कि इस अमृत कलश यात्रा में घर-घर जाकर मिट्टी चावल एकत्रित करने का कार्य किया गया। यह कार्यक्रम 1 सितंबर 2023 से माननीय मंत्री युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार श्री अनुराग ठाकुर जी के आवाहन पर शुरू किया गया है। जो जिले के कुल 1700 गांव से मिट्टी और चावल एकत्रीकरण कर दिल्ली भेजी जाएगी। इसके बाद वहां पर वीर शहीदों के नाम पर अमृत वाटिका का निर्माण होगा। उसके बाद कार्यक्रम में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा वहां पर मौजूद लोगों को हाथ में मिट्टी और चावल देकर शपथ दिलाया जाएगा। जिसको लेकर यह कार्यक्रम 30 सितंबर 2023 तक किया जाना है। वही कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज जायसवाल एबीवीपी कार्यकारिणी अभय द्विवेदी मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार स्वयंसेवक श्रीराम शर्मा मंडल मीडिया प्रभारी जीतेश पांडेय अरुण बिंद तथा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मेरी माटी मेरा देश के तर्ज पर एसएसबी ने निकाली अमृत कलश यात्रा

प्रात : किरण संवाददाता

चरकापत्थर क्षेत्र अंतर्गत सशस्त्र सीमा बल ने मेरी माटी मेरा देश के तर्ज पर अमृत कलश यात्रा की शुरूआत की, एसएसबी कमांडेंट मनीष कुमार के निर्देशानुसार सहायक कमांडेंट आशीष वैष्णव और उनकी टीम ने थम्महन पंचायत से अमृत कलश यात्रा निकाली जिसमें जवानों ने ग्रामीणों के आंगन से मिट्टी एकत्रित कर देश के प्रति समर्पण और सेवा भाव का परिचय दिया। अमृत कलश यात्रा का उद्देश्य देशवासियों को अपने देश की गौरवशाली परंपराओं की पुनरावृत्ति कर देश की मिट्टी की रक्षा के लिए सदैव तत्पर करना है, जिससे भारत विश्व पटल पर फिर एक बार अपने गौरवशाली परंपरा को पुनर्स्थापित कर पाए। कलश यात्रा कार्यक्रम में निरीक्षक रोहित कुमार सिंह, एसएसबी जवान सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित हुए।

मृतक के परिजन को दिया गया 4लाख का चेक

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी। अंचल कार्यालय में सीओ सुधीर कुमार तिवारी प्रखंड प्रमुख नरेश कुमार,उप प्रमुख लालबहादुर शास्त्री ने चिलिम गांव के मृतक मनोज मांझी के पत्नी शारदा देवी को आपदा के तहत महिला को दिया चार लाख रुपए का चेक। अंचल अधिकारी ने बताया कि बीते माह मनोज मांझी की मौत आहार में डूब जाने से हो गई थी, उक्त घटना के बाद स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक के बाद पीड़ित परिजनों को 4लाख रुपये का मुआवजा दिया गया है।

संक्षिप्त खबरें

आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 171 पर अन्नप्राशन की रस्म की गई पूर्ण

मुंगेर। जिले के हवेली खड़गपुर नगर परिषद क्षेत्र स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या-171 पूर्व पार्षद सिकन्दर रविदास घर के निकट, अम्बेडकर नगर, पर अन्नप्राशन दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर पयविक्षक आभा सिंह उपस्थिति थी। पोषण माह के रूप में अन्नप्राशन की रस्म पर्यवेक्षक आभा सिंह के देखरेख में मनाया गया। संयुक्त संयोजन सेविका कुमारी पुष्पा सहायिका रूणा देवी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अहम भूमिका निभाई। आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 171 पोषक क्षेत्र के दो लाभार्थी नौनिहाल आरव कुमार, माता काजल देवी, पिता टिंकु मंडल एवं नौनिहाल वंश राज, माता काजल कुमारी, पिता विशाल कुमार को पर्यवेक्षक ने अपने हाथों से खीर खिलाकर अन्नप्राशन की रस्म को आदा किया। इस अवसर पर सेविका पुनम कुमारी, सेविका संध्या शर्मा, लाभूक क्षेत्र की महिला नूना देवी, कुन्ती देवी क्षेत्र की किशोरी बालिका छोटी कुमारी, रजनी कुमारी, राधा कुमारी एवं केन्द्र संख्या 171 की बच्चे बच्चियां मौजूद थे।

अपराधियों ने मारपीट कर महिला से जेवरात और नगदी का किया लूट

मुंगेर। हवेली खड़गपुर में इन दिनों अपराधियों का बोलबाला है पुलिस प्रशासन एक और पब्लिक फ्रेंडशिप का फर्ज निभा रहे हैं तो दूसरी ओर अपराधी अपराध करने से नहीं रुक रहा हैं। अपराध कर्मी नए-नए तरीका अपनाकर अपराध को अमली जामा पहना रहे हैं वहीं हवेली खड़गपुर में जहां कानून का राज कायम था लेकिन अचानक खड़गपुर में एक पर एक अपराध की घटना घटने से से लोगों में दहशत व्याप्त हो गया है। इसी कड़ी में एक घटना प्रकाश में आया है एक महिला ने हवेली खड़गपुर थाना को आवेदन देकर इज्जत लूटने व रुपए छिंताई करने के मामले में नगर परिषद क्षेत्र के महादेवपुर गांव निवासी एक महिला ने खड़गपुर थाना में आवेदन देकर 05 लोगों पर प्राथमिक की दर्ज कराई है। आवेदन में महिला ने कहा है कि मैं अपने गांव स्थित वासा से विश्वकर्मा पूजा का प्रसाद और ड्राइवर को 25000 रुपए देने महादेवपुर जा रही थी जैसे ही सोहन मंडल के घर के पास पहुंची तो वहां पूर्व से धात लगाए सोहन मंडल तथा उसके नाती राजा कुमार दोनों ने मिलकर मुझे पकड़ लिया और मेरे साथ छेड़खानी करने लगा, मेरे कान का टॉप और मंगलसूत्र छीन लिया तथा मेरे इज्जत लूटने का प्रयास करने लगा अवधेश मंडल ने साड़ी में बांधे 25000 रुपया छीन लिया मेरे चिल्लाने पर आसपास के लोग जमा हो गए तब जाकर मेरी जान बची मैंने अपना इलाज खड़गपुर समुदाय स्वास्थ्य केंद्र में कराया। महिला ने खड़गपुर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

मुंगेर के कटरिया पंचायत विभिन्न योजना का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम

सदर मुंगेर। बुधवार को सदर प्रखंड अंतर्गत कटरिया पंचायत में साप्ताहिक जांच के तहत विभिन्न कल्याणकारी योजना का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम संजय कुमार। वहीं उन्होंने बताएं कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजना का आज मैंने कटरिया पंचायत में निरीक्षण किया जिसमें मध्य विद्यालय कटरिया, प्राथमिक विद्यालय नारायण यादव टोला कटारिया, तथा उच्च विद्यालय सीताकुंड एवं आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 143 140, हेल्थ एंड वेलनेस हसनपुर एवं पीडीएस डीलर विष्णु देव पासवान, अर्जुन दास, मोहम्मद रफी अहमद, जल नल, मनरेगा योजना पेंशन योजना सहित सभी कल्याणकारी योजना का निरीक्षण किया। जिसमें आंगनबाड़ी द्वारा किए जा रहे कार्य संतुष्ट जनक पाया गया। अन्य सभी योजना में भी कार्य प्रगतिशील दिखा।

राजद पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष बने प्रणव गुप्ता

मुंगेर। जिला राजद मुंगेर पंचायती राज प्रकोष्ठ के द्वारा बरियारपुर प्रखंड के बरियारपुर बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के प्रांगण में बरियारपुर राजद प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार की अध्यक्षता में बरियारपुर प्रखंड राजद पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए, जिला अध्यक्ष पप्पू यादव के द्वारा नव मनोनीत अध्यक्ष प्रणव गुप्ता तथा प्रखंड प्रधान महासचिव मुकेश मांझी को प्रमाण पत्र दिए जाने एवम सम्मान करने हेतु सम्मान समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम का संचालन राजद मुंगेर के वरिष्ठ नेता शशि आनंद अलबेला के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जमालपुर विधानसभा के प्रत्याशी रहे एवं राजद नेता संजय यादव राजद प्रदेश महासचिव श्री प्रमोद कुमार यादव, नवीन कुमार यादव, राजद जिला अध्यक्ष त्रिलोकी नारायण शर्मा, जिला राजद प्रधान महासचिव श्री संतोष कुमार यादव, आपदा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष श्री प्रकाश मंडल, दिलीप तुरी, सहित राजद दर्जनों समर्पित कार्यकर्ता साथी उपस्थित थे।

पार्षद ने आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन में सेविका पर लगाया अनियमितता बरते जाने का आरोप

प्रातः किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 14 से सेविका मीना देवी पर संबंधित वार्ड के वार्ड पार्षद सरोजनी देवी एवं दर्जनों ग्रामीणों ने चावल की कालाबाजारी एवं आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन में लापरवाही एवं भ्रष्टाचार के कई अन्य गंभीर आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह करीब 9:00 बजे ई रिक्शा से पांच बोरी चावल केंद्र से ले जाते हुए ग्रामीणों ने दबोचा एवं इसकी सूचना स्थानीय मीडिया एवं जनप्रतिनिधि को दिया।

जिसको लेकर भारी संख्या में ग्रामीण महिलाएं सहित पुरुषों की भीड़ लग गई एवं ग्रामीणों ने सेविका पर आंगनबाड़ी केंद्र के संचालक सहित टी एचआर वितरण, बच्चों के लिए पौष्टिक आहार में कटौती सहित गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को दी जाने वाली पुष्टाहार की वितरण नहीं करने एवं कालाबाजारी का आरोप लगाया। वार्ड पार्षद सरोजनी देवी ने बताया कि नगर पंचायत संग्रामपुर के चंदनिया गांव स्थित वार्ड संख्या 10 के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 14 अंधेर नगरी चौपट राजा की कहानी कर रही है। जिसे देखने वाला कोई नहीं है। बच्चों की उपस्थिति पर उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि प्रतिदिन 5 से 6 बच्चे केंद्र पर आते हैं लेकिन उपस्थिति पंजी में बच्चों के उपस्थिति अधिक दिखलाई जाती है। वही टी एचआर वितरण सहित गर्भवती एवं धात्री महिलाओं सहित कुपोषित बच्चों को दिए जाने वाले पोषाहार में भी कटौती की जाती है। पूरे वार्ड में कई धात्री एवं गर्भवती महिलाओं को लाभ से वंचित रखा गया हैं। जबकि रजिस्टर में वार्ड के कई धात्री और गर्भवती महिला का नाम अंकित है। लेकिन लाभ कुछ ही महिलाओं को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से जो पौष्टिक आहार दिया जाना चाहिए उसमें भी सेविका के द्वारा कटौती की जाती है। केंद्र पर नामांकन के एक चौथाई भी बच्चे उपस्थित नहीं होते हैं। और जो बच्चे उपस्थित होते हैं उन्हें भी पेट भर पौष्टिक आहार देने में सेविका के द्वारा कटौती की जाती है। मेनू चार्ट के हिसाब से कभी भी आंगनबाड़ी केंद्र में पौष्टिक आहार नहीं दिया गया है। पिछले रविवार को भी पांच बोरी चावल टोटो से कालाबाजारी की गई है।

कहती है वार्ड पार्षद सरोजनी देवी : वार्ड पार्षद ने बताया कि ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी के विरुद्ध शिकायत किया की आंगनवाड़ी सेविका के द्वारा कालाबाजारी में चावल बेचा जाता है। ग्रामीणों के शिकायत पर इसकी जांच की गई तो शिकायत सही पाया गया।

वार्ड पार्षद सरोजनी देवी ने बताई की आंगनबाड़ी सेविका किसी भी बैठक या टी एचआर वितरण के दिन वार्ड पार्षद को जानकारी नहीं देती है।

कहती है सेविका : सेविका मीना देवी से जब चावल की कालाबाजारी को लेकर पूछा गया तो उन्होंने बताया कि चावल हम अपने घर ले जा रहे थे।

कहती हैं सीडीपीओ : जब सीडीपीओ कुक्कू कुमारी से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि अगर इस प्रकार की शिकायत केंद्र से आ रही है तो संबंधित सेविका के विरुद्ध जांच कराई जाएगी जांच करने के बाद अगर आप सही पाया जाता है तो सेविका के खिलाफ पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

विदाई समारोह में बोलते बोलते भावूक हो गए डीएसपी पंकज कुमार

प्रातः किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। मंगलवार के देर शाम तारापुर के निर्वतमान आरक्षी उपाधीक्षक पंकज कुमार का रामाशीष भवन में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि काफी भव्य तरीके से लोजपा के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह ने समारोह को आयोजित किया था।

जहां भाजपा, लोजपा, जदयू, एवं राजद, सहित कई वार्ड पार्षद उपमेयर सामाजिक कार्यकताओं ने समारोह में भाग लेकर डीएसपी श्री कुमार का जोरदार तरीके से बुके, माला, चादर, एवं अंग वस्त्र, भेंट कर बारी-बारी से उनका अभिनंदन एवं स्वागत किया। बता दें कि विगत 3 वर्षों से अधिक दिनों तक तारापुर में एक कुशल प्रशासक, क्राइम कंट्रोल, से लेकर हर क्षेत्र में अपनी काम के बदौलत पहचान बनाने वाले बेहद मिलनसार, साहित्यकार, से लेकर संगीत, खेल, में भी अपनी एक अलग पहचान रखने वाले लोकप्रिय डीएसपी श्री कुमार का सभी राजनीतिक दलों के लोगों ने अपने संबोधन में उनके कार्यकाल को काफी बेहतर बताया। इधर लोजपा के राष्ट्रीय सचिव श्री सिंह ने कहा कि चाहे होली, दशहरा, दीपावली, ईद, मुहर्रम, शबे बरात, का त्योहार से लेकर श्रावणी मेला, में सामाजिक कार्यकताओं के साथ इनका पुलिसिंग सराहनीय रहा है। अपने संबोधन के दौरान डीएसपी श्री कुमार ने कहा की विदाई समारोह का कार्यक्रम बड़ा ही भावुक क्षण होता है।

आप सभी लोगों ने समय-समय पर मुझे अपना-अपना सुझाव और ताकत जो दिया इसे मैं जीवन भर नहीं भूला सकता हूं। पूर्व प्राचार्य पुष्पेंद्र कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन कर समारोह को विराम दिया। इस मौके पर चंद्रर सिंह राकेश अनिल कुमार सिंह दुर्गेश चंद्रशेखर चौधरी सिंह जितेंद्र कुशवाहा ठाकुर अनुरंजन सिंह सर्वजीत कुमार कमल नयन मुखिया वीर कुंवर सिंह सुरेश यादव निर्मल सिंह समीर मधुकर शिवन यादव अजय कुमार सिंह बबलू सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

वेतन की मांग को ले सफाई कर्मियों ने की आंदोलन शुरू

प्रातः किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिला निगम कार्यालय परिसर में आए दिन किसी न किसी मांग की जद्दोजहद की समस्या से घिरा रहता है, इसी कड़ी में एक बार फिर निगम स्तर पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों का वेतन काफी समय से लंबित प्रकरणों की सूची में अधर में लटका हुआ है। उक्त वेतनमान के भुगतान की मांग को लेकर सफाई कर्मियों ने एक साथ निगम कार्रवाई के विरुद्ध हल्ला बोल प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इस दौरान अपने वेतनमान की मांग को लेकर निगम व मेयर के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। नगर निगम कार्यालय प्रांगण में अहली सुबह से सैकड़ों की तादात में सफाई कर्मचारियों ने अपने कामकाज को ठप कर दिया है और नगर निगम के मुख्य द्वार पर अपनी वेतन भुगतान की मांगों को लेकर हल्ला बोल प्रदर्शन शुरू कर दिया। वही प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मियों का साफ तौर पर कहना है कि हमें हमारा वेतन आज के आज निर्गत किया जाए वरना अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी होगा। प्रदर्शनकारी सफाई कर्मियों ने आक्रोशित मुद्रा में कहा कि हम लोगों के वेतन के मांग करने पर निगम प्रशासन व कर्मियों की ओर से आए दिन एन एन प्रकारण बरगलाया जाता रहा है।

हर महीने कहा जाता है कि वेतन समय पर मिल जाएगा,7 लेकिन समय पर वेतन नहीं मिलता है। जिससे हम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही आक्रोशित प्रदर्शनकारी सफाई कर्मियों ने भागलपुर की मेयर डॉ. वसुंधरा लाल को जमकर कोसा और उनके खिलाफ मुदार्बाद के जमकर नारे लगाते दिखाई दिये। वही प्रदर्शनकारी का साफ तौर पर कहना है, हमें अपने हक से वंचित किया जा रहा है। हर वर्ष विश्वकर्मा पूजा में हम लोगों के लिए नगर निगम की ओर से भव्य भोज का आयोजन किया जाता रहा था, लेकिन वह भी नदारत हो गया। प्रधान सरकारी सफाई कर्मी मजदूर ने कहा कि यहां के अधिकारी आश्वासन तो देते हैं, लेकिन उस पर अमल नहीं करते नही दिखते, अगर हम लोगों की बातें नहीं मानी गई और आज वेतन हम लोगों को नहीं मिला तो नगर7 निगम के प्रशासनिक अधिकारियों का घेराव कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। वही प्रदर्शन के दौरान कई पार्षद व सफाई कर्मी मौजूद थे।

छात्रा के सम्मान के साथ दुर्व्यवहार को ले एबीबीपी ने खोला मोर्चा

प्रातः किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिले भर में अपराधियों की गतिविधियों से शहरी क्षेत्र इलाके में महिलाओं के बीच डर का6 माहौल बना हुआ है। इसी कड़ी में जहां दुष्कर्म जैसी घटनाएं सामने आती रही तो वही अब जिले के प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थान व विद्यालय को अपने कुप्रभाव की चपेट में ले रहा है। शहरी क्षेत्र से सटे पश्चिमी भाग में स्थित निजी सेंट जोसेफ विद्यालय परिसर में विद्यालय के स्पोर्ट्स टीचर के पद पर नियुक्त गुरु सामान्य शिक्षक मुकेश कुमार और प्रिंस नामक युवक ने अपने ही विद्यालय की 9वी क्लास की शिष्या स्वरूप नाबालिग छात्रा के साथ गलत काम करने के प्रयास करने का मामला सामने आने के बाद अब विद्यालय की कुव्यवस्था को लेकर तुल पकड़ता जा रहा है। मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध हल्ला बोल प्रदर्शन के साथ ही विद्यालय के मुख्य द्वार पर पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन व प्राचार्य के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। इस मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस व पुलिस बलों की भारी संख्या में तैनाती कर दी गई। वही पुलिस टीम ने बलपूर्वक प्रदर्शन कर रहे छात्रों से यह बोलकर बंद कर दिया कि आप लोग प्रदर्शन करने हेतू कहीं से आदेश नहीं लिए हैं, वही मामले को लेकर प्रशासन और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों के बीच तू तू मैं मैं के माहौल में तब्दील हो गया था। जिसको लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कुणाल पांडे और हर्ष पांडे को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई के तहत गिरफ्तार कर स्थिति को नियंत्रित करने की कवायद में जुट गई। वहीं पुलिस प्रशासन के कार्यो के विरुद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का साफतौर पर कहा है कि प्राचार्य ने अपनी सुरक्षा के लिए पुलिस बुलाई और हम लोगों के साथ दुर्व्यवहार कराया है, ऐसे प्राचार्य पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए, साथ ही प्राचार्य के देखरेख में यह छात्रा के साथ घिनोना काम जो विद्यालय के संरक्षण में हुआ है, उक्त अपराध के लिए सेंट जोसफ विद्यालय के प्राचार्य कोई बयान नहीं दे रहे हैं, यह भी विद्यालय व्यवस्था पर सबसे बड़ा प्रश्न चिन्ह उभरता दिख रहा है, विद्यालय प्रबंधन द्वारा भेड़िया के रूप में एक शिक्षाविदित पद पर नियुक्त किया है। छात्रा के सम्मान के साथ दुर्व्यवहार करने वाले इस विद्यालय के स्पोर्ट्स टीचर को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने को लेकर यह प्रदर्शन किया गया है। इसी क्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पुष्प पांडे ने कहा कि प्राचार्य के देखरेख में यह घिनौना काम सम्भव हुआ है, प्राचार्य विद्यालय में घटित घटना को लेकर कोई बयान नहीं दे रहे हैं जबकि सारी घटना से वाकिफ होने के साथ नजर बंद चल रहे है, इतना ही नहीं जब हम लोग छात्रा के साथ हुए दुर्व्यवहार करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध जब न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन पहुंचे तो उन्होंने पुलिस प्रशासन को बुलाकर हम लोगों के साथ गलत व्यवहार किये जाने का काम किया है। विद्यालय की आड़ में छात्र छात्राओं के सम्मान को छति पहुंचाने वाले दोनों स्पोर्ट्स शिक्षक एक भेड़िए के रूप में दरिंदा है उसे कभी माफ नहीं करना चाहिए वही न्यायिक प्रक्रिया के तहत विद्यालय के प्राचार्य सहित विद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध भी कार्रवाई होनी चाहिए थी। जबकि पुलिस प्रशासन द्वारा दोषी विद्यालय प्राचार्य को सुरक्षा महिया कर रही है, लेकिन एक लाचार पीड़ित नाबालिक छात्रा को न्याय दिलाने का झूठा नाटक कभी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। वही मामले को लेकर पूर्व प्रत्याशी मृणाल शेखर ने कहा कि जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में एक सेंट जोसेफ स्कूल आते हैं जहां विगत दिनों विद्यालय की छात्रा के साथ घटित घटना काफी निंदनीय है, हम लोग अपने बच्चों को स्कूल भेज कर कैसे सुरक्षित महसूस करेंगे, यह समझ से परे दिख रहा है। मामले के दोषियों पर अविलंब कार्रवाई हो वरना आंदोलन उग्र रूप धारण कर चर्मबद्ध जारी होगा। दूसरे देशों में ऐसे दोषियों को मृत्यु दंड दी जाती है, शिक्षक के नाम पर कलंक इस दरिंदे को भी मृत्यु दंड दी जाए, जल्द सरकार इस पर काम करें यही जनता की मांग है।

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। नेहरू युवा मुंगेर के अंतर्गत सदर प्रखण्ड मे राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सुमित कुमार के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को आगामी 30 सितम्बर 2023 तक किया जाना है। मुख्य अतिथि के रूप में नेहरू युवा केंद्र मुंगेर के जिला युवा अधिकारी चितरंजन मंडल उपस्थित थे। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सुमित कुमार ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में भारत के अलग-अलग राज्यों से अलग-अलग ग्रामों से 7500 कलशों में मिट्टी एवं चावल लाई जाएगी। इस मिट्टी एवं चावल का उपयोग दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बनी वाटिका को विकसित करने के लिए किया जाएगा इसके अलावा दिल्ली में एक अमृत वाटिका स्थापित की जाएगी।

इस पर देश के शहीदों का अंकित किया जाएगा मौके पर मां दुर्गा युवा क्लब के सचिव प्रमोद कुमार, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अमित कुमार, अमर कुमार, रौशन, अमरदीप, अजय शंकर एवं ग्रामीण लोग उपस्थित हुए।

मध्याह्न भोजन खाने से दो दर्जन से अधिक बच्चे बीमार

प्रातः किरण संवाददाता

टेटिया बम्बर (मुंगेर)। मंगलवार के दिन मध्य विद्यालय लोहारा में मिड डे मील खाने के बाद करीब दो दर्जन से अधिक बच्चों की स्थिति खराब हो गई। सभी बच्चों को लगातार उल्टी होने लगी। परिजनों ने अपने-अपने बच्चों को प्रखंड के टेटिया बम्बर स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए ले गए जहां सभी बच्चों का इलाज चल रहा है बताया जाता है कि लोहार गांव की तीसरी कक्षा की छात्रा जिया रानी चौथी कक्षा के छात्र अजय कुमार 12 वर्ष सूरज कुमार 12 वर्ष पांचवी कक्षा की छात्रा रोशनी कुमारी 10 वर्ष दूसरी कक्षा का छात्र शिवम कुमार 07 वर्ष तीसरी कक्षा की छात्रा साक्षी कुमारी 06 वर्ष चौथी कक्षा की छात्रा लक्ष्मी कुमारी आठ साल साहित्य दो दर जैन बच्चों को उल्टियां आनी शुरू हो गई सभी बच्चों ने मध्य विद्यालय लोहारा में दोपहर 1:00 बजे मध्यान भोजन खाया था। इसके बाद सभी बच्चे घर आ गए। घर पहुंचने के कुछ देर बाद सभी छात्र-छात्राओं को उल्टियां होने लगी एक के बाद एक बच्चे परिजन के साथ इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने लगे।

कहते हैं प्रधानाध्यापक : विद्यालय के प्रधानाध्यापक नवल मालाकार ने बताया कि शिक्षक दिनेश दास को दैनिक प्रभाव सौंप कर वह प्रशिक्षण में शामिल होने हवेली खड़गपुर चले गए थे इस घटना के संबंध में उनका कोई जानकारी नहीं है।

कहते हैं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी : प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी भोगेंद्र क्रांति ने बताया कि स्कूल का खाना खाने के बाद जब छुट्टी हुई तो बच्चे अपने-अपने घर चले गए घर जाने के बाद बच्चों की तबीयत खराब हुई सभी का इलाज स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

सहायिका और सेविका ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का सर्वसम्मति से लिया निर्णय

प्रातः किरण ब्यूरो, मुंगेर

मुंगेर। बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति पटना के आह्वान पर मुंगेर जिले के सभी परियोजना की सेविका एवं सहायिका राज्य सरकार के वादा खिलाफी के विरुद्ध सर्वसम्मति से आगामी 29 सितंबर 2023 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। इस की जानकारी बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति मुंगेर जिला कमेटी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष सह जिला प्रभारी शिव शंकर चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि 25 मार्च 2022 को बिहार विधानसभा के समक्ष संपन्न विशाल आंदोलन के माध्यम से 20 जुलाई 2022 को मंत्री के समक्ष प्रधान सचिव तथा निर्देशक की उपस्थिति में एवं 21 जुलाई 2022 को निदेशालय में निर्देशक के साथ मांग पत्र पर बनी सहमति को अब तक लागू नहीं करना, केंद्र सरकार द्वारा मानदेय में बढ़ोतरी के बाद 50% राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि में वृद्धि करने पूर्व से आदेश को भी सरकार बिहार सरकार ने समाप्त कर दिया है इसको लेकर मुंगेर जिले की सभी परियोजना की सेविका एवं सहायिका हड़ताल पर जाने का अंतिम निर्णय ले चुका है। कार्यकारी जिला अध्यक्ष सह जिला प्रभारी श्री चौधरी ने बताया कि विगत वर्ष 2020 में विधानसभा चुनाव के दौरान महागठबंधन द्वारा अपने घोषणा पत्र में सरकार बनने पर आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के मानदेय दुगना करने का वादा किया था। उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा अधिकांश चुनावी सभा में भी इस बात का आश्वासन दिया गया था की मानदेय दुगना करने की बात घोषणा किया था। लेकिन मानदेय दुगना करने की बात करना छोड़ दिया जाए तो अभी तक प्रतिनिधिमंडल से मिलने तक का कष्ट नहीं किया गया है। ज्ञातव्य है कि वर्तमान वर्ष में जनवरी माह से मार्च माह तक के बीच लगातार 03 महीने तक संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वाधान में आहुत चरणबद्ध आंदोलन के दरमियान निदेशक आईसीडीएस एवं प्रधान सचिव समाज कल्याण विभाग के द्वारा दिए गए आश्वासन पर भरोसा करते हुए संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा चरणबद्ध आंदोलन के अंतिम चरण का राज्य व्यापी विशाल धरना प्रदर्शन को स्थगित कर दिया गया था।

डेंगू मरीजों की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि : जू चिकित्सक

प्रातः किरण ब्यूरो

भागलपुर। जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल इन दिनों इलाज व्यवस्था की कसौटी पर खड़ा उतरने का हर सम्भव प्रयास विफल साबित होता दिख रहा है। जहां एक तरफ आकस्मिक डेंगू रोग की जद्दोजहद में आसपास के लोग अपनी इलाज हेतू लगातार संख्या में वृद्धि होती चली जा रही है तो वही अस्पताल में पद स्थापित चिकित्सक अपने कुर्सी के पावर मोह माया के चक्कर में अन्य मरीजों का इलाज व्यवस्था अधर में दिखाई दे रहा है। वही अस्पताल के संबंधित वार्ड में अपने रोग के इलाज कराने आए मरीज भर्ती प्रक्रिया के दौर से गुजर रहे हैं तो वही वरीय चिकित्सक के बतौर यूनिट में महीनों से अपने इलाज की प्रक्रिया से जूझते हुए नजर आ रहे हैं। ऐसे में समुचित इलाज व्यवस्था के दाबे करना अस्पताल प्रबंधन की सरासर गलत साबित होता दिख रहा है। ज्ञात हो कि मायागंज अस्पताल व जिला सदर अस्पताल में विगत माह से आकस्मिक डेंगू रोग का शिकार हो रहे लोगों के इलाज व्यवस्था का समुचित व्यवस्था से लाभान्वित किये जाने की दिशा में जिलाधिकारी व उनकी टीम लगातार अस्पताल परिभ्रमण कर रहे हैं तो वही अस्पताल व्यवस्था को दुरुस्त करने की हर सम्भव दिशा निर्देश भी जारी कर दिये जा रहे हैं लेकिन अस्पताल की हालत में सुधार के जगह और बद से बत्तर हालत में पहुंच दिखाई दे रहा है। आलम यह है कि अस्पताल में आए अन्य मरीजों का इलाज भगवान भरोसे चल रहा है। वही अस्पताल प्रबंधन की लाख कोशिशों के बावजूद बरिय चिकित्सक अपनी कर्तव्य से पीछे चल रहे हैं तो वही जूनियर चिकित्सक के हाँथो में पूरे अस्पताल के मरीजों के इलाज व्यवस्था की बागडोर संभाली हुई दिखाई दे रही है। उक्त मामले को लेकर जानकार बताते हैं कि अस्पताल में बरिय चिकित्सक के सेवानिवृत्त होने के बाद नये नये विभागाध्यक्ष के पद पर नियुक्त चिकित्सक अपने कुर्सी पर आसीन तो हुए हैं लेकिन अपने कार्य करने की पूरी बागडोर जूनियर चिकित्सक के हांथो के बलबूते पर छोड़ दिया है। जिससे अस्पताल में अन्य दिनों की अपेक्षा मरीजों की संख्या में काफी समय से वृद्धि होती चली जा रही हैं जिसका मुख्य कारण मरीजों का ससमय पर इलाज नही होता हैं और मरीज अपने संबंधित यूनिट के चिकित्सकों के इंतजार में रहते हैं। वही उक्त समस्या को लेकर दूसरी ओर आउट डोर में ड्यूटी रोस्टर प्रक्रिया में बदलाव किये जाने पर दूरदराज के स्टाफ नर्स व चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के बीच आक्रोशित माहौल अस्पताल प्रबंधन के विरुद्ध देखने को मिला है। कर्मचारियों का कहना है कि दुनियाभर के दफ्तरों में दो घंटे का मध्यान अवकाश नही होता लेकिन अस्पताल में चिकित्सक की सुविधा को सुनिश्चित किये जाने की दिशा में अन्य कर्मचारियों व स्टाफ नर्स को प्रातः 8 बजे से नियमित रूप से संध्या 5 बजे तक तानासाही फरमान जारी कर दे दिया गया है ऐसे में दूरदराज से आए स्टाफ नर्स को घरेलु व ड्यूटी क्षेत्र में भी शोषित वर्ग की श्रेणी में खड़ा कर दिया गया है।

100 बच्चों को स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत दिया गया ड्रोन टेक्नोलोजी का प्रशिक्षण

पूर्णिया। यूथ कनैक्ट पूर्णिया के अंतर्गत स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम इन इमर्जिंग टेक्नोलॉजी से प्रशिक्षण कार्यक्रम कला भवन पूर्णिया में आयोजित किया गया। 100 बच्चों को ड्रोन टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में आईआईटी रुड़की के अमन दूबे, एसोसिएट, आई हब आईआईटी रुड़की, राहुल शर्मा, प्रोग्राम मैनेजर इकोवेशन तथा सौरभ कुमार, एसोसिएट डायरेक्टर, आई हब, आईआईटी रुड़की शामिल हुए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी का स्वागत डेजी रानी, वरीय उप समाहर्ता पूर्णिया के द्वारा किया गया। इस स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूर्णिया जिले के विभिन्न स्कूल तथा कॉलेजों के छात्रों/छात्राओं ने पंजीकरण कराया तथा भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वारा नए ड्रोन टेक्नोलोजी के तकनीकी डेवलपमेंट से परिचय कराते हुए ड्रोन टेक्नोलॉजी के उपयोग के संबंध में बच्चो को जागरूक किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 5 दिवसीय है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रथम तीन दिन पीपीटी के माध्यम से छात्र/छात्राओं को थियोरेटिकल जानकारी दी जायेगी तथा आखिरी दो दिन में प्रैक्टिकल कराया जायेगा जिससे छात्र/छात्राओं को इन हैंड प्रशिक्षण प्राप्त हो सके एवं प्रोत्साहित किया जा सके। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को आई हब, आईआईटी रुड़की से प्रमाण पत्र दिया जायेगा। इस कार्यक्रम में अंकित मिश्रा ने ड्रोन टेक्नोलॉजी पर व्याख्यान दिया तथा छात्र/ छात्राओं को प्रस्तुतिकरण दिया। जिला पदाधिकारी पूर्णिया द्वारा प्रशिक्षण के प्रथम दिवस के समाप्ति के उपरांत इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र/छात्राओं के लिए ओपन सेशन का आयोजन किया गया था जिसमे उनके प्रश्नों का जवाब सभी के द्वारा दिया गया।

विभिन्न क्रियान्वयन योजनाओं को लेकर हुई समीक्षा बैठक : डीएम

प्रातः किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में आहुत की गई। बैठक के क्रम में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया है कि हाल में इलाके में अच्छी वर्षा होने के कारण धान का आच्छादन लक्ष्य 51234 हेकटेयर के विरूद्ध शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त कर ली गई है, साथ ही जिला कृषि में खरीफ डीजल अनुदान की समीक्षा के क्रम में कुल 3310 आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसमें कृषि समन्वयक स्तर पर कुल 75 आवेदन प्राप्त हुए तो वही अनुमंडल कृषि पदाधिकारी के स्तर पर कुल 21 आवेदन लंबित पाये गये। वही जिलाधिकारी द्वारा लंबित आवेदनों का सत्यापन अचूक रूप से एक सप्ताह के अन्दर करने का दिशा निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया है। इसी क्रम में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा जिले में खरीफ मौसम, 2023-24 में आवश्यकता के विरुद्ध प्राप्त उर्वरकों के बारे में बताया गया है कि यूरिया का आवश्यकता 28 हजार एमटी के विरूद्ध उपलब्धता 15278.312 एमटी, डीएपी का आवश्यकता 85 सौ एमटी के विरूद्ध उपलब्धता कुल 6830.775 एमटी हुई है, एनपीके का आवश्यकता 5 हजार एमटी के विरूद्ध उपलब्धता 3007 एमटी है, एमओपी का आवश्यकता 3600 एमटी के विरुद्ध उपलब्धता कुल 758.196 एमटी एवं एसएसपी की आवश्यकता है, जबकि 26 सौ एमटी के विरुद्ध उपलब्धता 640.475 एमटी है। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा पुनः बताया गया कि अभी यूरिया एवं अन्य उर्वरक की जिले में कमी नहीं है। वही उर्वरक कमी होने पर कृषि निदेशक, बिहार, पटना से उर्वरक की माँग की जाएगी। बैठक के दौरान समीक्षा क्रम में जिलाधिकारी द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि उर्वरक की कालाबाजारी एवं मूल्य वृद्धि को रोकने हेतु गठित छापामारी दल द्वारा सतत छापामारी की जाय, वही दोषी पाये जाने वाले संबंधित बिक्रेता के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाय, साथ ही सरकार की जीरो टॉलरेन्स नीति की विभागीय निदेश का अनुपालन करने हेतु सभी स्तर के पदाधिकारियों को निगरानी रखने एवं कालाबाजारी करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 की सुसंगत धाराओं के तहत विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वही जिला कृषि पदाधिकारी भागलपुर द्वारा बताया गया कि मूल्य वृद्धि एवं कालाबाजारी को रोकने हेतु छापामारी दल का गठन किया गया है। वही गठित छापामारी दल द्वारा एवं स्वयं जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सतत छापामारी की जा रही है। सरकार के संयुक्त सचिव, बिहार पटना के ज्ञापांक 5559, दिनांक 19.10.2022 द्वारा जिले में पंचायत स्तर पर पदस्थापित कृषि समन्वयक (कृषि स्नातक योग्यता धारी) को उनके अपने पदस्थापित पंचायत में उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 28 के तहत उर्वरक निरीक्षक नियुक्त किया गया है। वही समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा क्षेत्रान्तर्गत पदस्थापित सभी कृषि समन्वयक सह पंचायत स्तर पर उर्वरक निरीक्षक, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा गठित उर्वरक निरीक्षक को सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर एवं सुलभतापूर्वक किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है, साथ ही उन्होंने कहा है कि यदि उनके क्षेत्रान्तर्गत अधिक मूल्य पर उर्वरक बिक्री अथवा अनियमितता की शिकायतें प्राप्त होती है तो संबंधित कर्मियों को दोषी मानते हुए उसके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। वही जिला कृषि पदाधिकारी भागलपुर द्वारा बताया गया कि विगत दिनों खरीफ 2023 सत्र में कुल 46 उर्वरक प्रतिष्ठानों की छापामारी की गई, जिसमें 5 मामले में अनियमितता पायी गई तथा 3 उर्वरक प्रतिष्ठानों की अनुज्ञप्ति रह की गई है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, गुरुवार, 21 सितंबर, 2023

संक्षिप्त खबरें

शिविर लगाकर 165 लोगों का किया गया आँख जांच

गडहनी।(भोजपुर) नगर पंचायत गडहनी के गौरी शंकर महादेव मंदिर के प्रांगण मे आयुष्मान भारत के तहत आँख जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमे बीएसएल आई केयर पटना से आये डॉ आशीष आनन्द, सहायक डॉ मनीषा सिन्हा व फील्ड मैनेजर प्रत्युष सिन्हा के द्वारा आउटडोर शिविर मे पहुंचे 165 मरीजो का आँख जांच किया गया।इस दौरान 30 मरीजो को मोतियाबिन्द की शिकायत मिली जिनका ऑपरेशन बीएसएल आई केयर पटना के द्वारा आयुष्मान भारत के तहत किया जायेगा।शिविर मे आये सभी मरीजो को चिकित्सकीय परामर्श के साथ दवाई दी गई।मौके पर विश्वनाथ प्रसाद, अवध चौधरी, शांति देवी, लीलावती देवी सहित प्रखण्ड के विभिन्न गाँवो के लोगो ने शिविर का लाभ उठाये।

बापू सभागार में आयोजित होगी आयुष उद्यमी एक्सपो : आयुष फाउंडेशन

आरा।एमएसएमई पटना के सहयोग एवं आयुष फाउंडेशन आरा और आयुष कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के द्वारा आगामी 16 दिसंबर को 5000 उद्यमियों का आयुष उद्यमी एक्सपो मे प्राकृतिक चिकित्सा में रोजगार का अवसर पर परिचर्चा सह प्रशिक्षण आयोजित होगी । जिसमें प्राकृतिक चिकित्सा में रुचि रखने वाले सभी इच्छुक सहित ग्रामीण चिकित्सक, योग , एक्यूप्रेशर, डाइट , डिटॉक्स थैरेपिस्ट और आयुष चिकित्सक भाग लेंगे ।आयुष उद्यमी एक्सपो में चुने हुए चिकित्सकों को सम्मान भी किया जाएगा, ताकि नए उद्यमियों में मोटिवेशन का संचार हो सके । आयुष उद्यमी एक्स्पों के आयोजक आयुष फाउंडेशन के अध्यक्ष सह आयुष कॉलेज हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉक्टर पी.पुष्कर ने बताया, कि प्राकृतिक चिकित्सा में सर्विस और मैन्युफैक्चरिंग में लगे या इस क्षेत्र में करियर बनाने को इच्छुक सभी व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा ,जिसमें सरकार के द्वारा दिए जा रहे योजनाओं के बारे में एम.एस.एम. ई.पटना प्रशिक्षण देगे ताकि स्वस्थ भारत के साथ सरकार के आत्मनिर्भर भारत के मिशन को भी बल दिया जा सके । आयुष उद्यमी एक्सपो को सफल बनाने में भारत के दर्जनों संस्थाएं भाग ले रही है ताकि हेल्थ उद्योग को बड़ा और उद्यमी को रोजगार से जोड़ जा सके।

महिलाओं के हक में यह बिल : मनीष मिश्रा

गया।महिला आरक्षण बिल पर भाजपा नेता मनीष पंकज मनीष मिश्रा ने प्रधानमंत्री को दिया धन्यवाद कहा महिलाओं के हक में या बिल पास हुआ है एक सराहनीय कदम है महिला सशक्तिकरण को लेकर देश भर में महिलाएं अपनी बात महिलाओं तक पहुंचाने के लिए अब आसान होगा हर दो व्यक्ति के बाद एक महिलाएं दिखेंगे इस रहनिया कम को लेकर देशभर की सारी महिलाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दे रही हैं और विपक्ष इस बिल को लेकर सकते में है।

बीडीओ ने दवा खिलाकर किया फैलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ

गडहनी।(भोजपुर) प्रखण्ड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मे बीडीओ बिरेन्द्र कुमार व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुनिल महेन्द्र कपूर ने फैलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ मरीजों को दवा खिलाकर की।चिकित्सा प्रभारी ने बताया कि सरकार द्वारा फैलेरिया से बचाव को लेकर 20 सितम्बर से 9 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया गया है।इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा प्रखण्ड क्षेत्र के गाँवो मे घर घर जाकर दो वर्ष से उपर के लोगो को दवा खिलाई जायेगी जिसका आज शुभारंभ किया गया।इसके लिए कुल 63 टीम का गठन किया गया है।उन्होने बताया कि जीरो से दो वर्ष के बच्चों को दवा नही खिलाना है।3 से 5 साल के बच्चों को डीइसी की एक गोली और अल्बेन्डाजोल की एक गोली, वहीं 6 से 10 आयुवर्ग के बच्चों को दो डीइसी एवं एक अल्बेन्डाजोल की गोली और 11 से 15 साल के युवा को तीन डीइसी और एक अल्बेन्डाजोल की गोली खिलाई जा रही है।उन्होने कहा कि फैलेरिया मच्छर आदि के काटने से फैलता है।इससे बचाव को लेकर साफ सफाई पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है साथ ही अभियान के तहत खिलाई जा रही दवाओं का सेवन अवश्य करें।इस मौके पर स्वास्थ्य परीक्षक कमला प्रसाद, बीसीएम प्रकाश कुमार, मोहम्मद अल्ताज अली, अनिल कुमार सिंह, द्वारिका ठाकुर, रवि शेखर चाँद, बिरेन्द्र कुमार, आशुतोष कुमार मिश्र सहित अन्य कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

तीर्थयात्रियों को जानकारी डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से दिया जाएगा : सशक्त स्थायी समिति

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया नगर निगम सभागार में मंगलवार को सशक्त स्थायी समिति की बैठक मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई है। जबकि बैठक का संचालन सशक्त स्थायी समिति के सदस्य सह पूर्व डिप्टी मेयर अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने किया है। बैठक में डिप्टी मेयर चिंता देवी, उप नगर आयुक्त शिवनाथ ठाकुर, समिति के सदस्य विनोद यादव, मनोज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, स्वर्णलता वर्मा, तब्सूम प्रवीण, सफाई प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिन्हा, आदि सहित अन्य उपस्थित थे इस बैठक में मुख्यतः 18 कार्ययोजनाओं पर विस्तृत रूप से चर्चा के बाद आगामी पितृपक्ष मेला की तैयारी और शहर के विकास के लिए कई अहम फैसले पर निर्णय लिए गए हैं।

इस बैठक में आगामी पितृपक्ष मेला की तैयारियों पर विशेष बल रहा है। इस बैठक का संचालन के दौरान समिति के सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि इसबार पितृपक्ष मेला में किसी प्रकार से कमी न हो। इस बैठक में बताया गया कि सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में निगम आउटसोर्सिंग के माध्यम से साफ-सफाई व्यवस्था शुरू करा दिया गया है। इसके अलावा छह सौ पोलो पर तिरंगा डेकोरेटिव लाइट लगना शुरू हो गया है। वहीं मेला क्षेत्र के प्रमुख 20 स्थानों पर तोरण द्वार, होर्डिंग बैनर, तीन स्थानों पर एलईडी लाइट के माध्यम निगम के कार्यो का डिस्प्ले, पनशाला, शिविर सहित अन्य कार्य पूरे किए जाएंगे।

तीन स्थानों पर लगेगा डिस्प्ले बोर्ड पितृपक्ष मेला क्षेत्र में पहली बार नगर निगम डिस्प्ले बोर्ड लगाने का निर्णय लिया है। मेयर ने कहा पितृपक्ष मेला में तीन स्थान विष्णुपद, चांद-चौरा मोड एवं सीताकुंड पिंडवेदी के पास डिस्प्ले बोर्ड लगेगा है। इसमें धार्मिक कार्यो में लाइफ प्रसार किया जाएगा। इसके साथ ही मेला क्षेत्र में नगर निगम द्वारा किया गया कार्यो का भी प्रसारण किया जाएगा। जिससे लोगों को जानकारी मिल सके कि मेला क्षेत्र में निगम क्या काम किया है। इन कार्यो को प्रसारण 24 घंटा होते रहेगा। वहीं गयाजी के महत्व के बारे में तीर्थयात्रियों को पूरी जानकारी डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से दिया जाएगा।

छह सौ पोल पर लगेगा डेकोरेट लाइटः मेला क्षेत्र के अलावा शहर में छह सौ पोल पर डेकोरेट लाइट लगाने का निर्णय बैठक में लिया गया है। इसके साथ ही खराब पड़े लाइट को मेला प्रारंभ होने से पहले मरम्मति करने काम नगर निगम द्वारा किया जाएगा। जबकि पहले एक कंपनी कर रही थी। लेकिन कंपनी के उदासीनता को देखते हुए लाइट का मरम्मति काम निगम द्वारा कराने का निर्णय लिया गया है। वहीं मेला क्षेत्र में 20 तोरण द्वार लगाने का भी निर्णय लिया गया है।

बंद गाड़ियों में होगा कचरे की ढुलाईः पितृपक्ष मेला क्षेत्र में एक पखवारे तक बंद गाड़ियों को कचरे की ढुलाई करने का बैठक में निर्णय लिया गया है। सशक्त स्थायी समिति के सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि मेला क्षेत्र में बंद गाड़ियों द्वारा कचरे की ढुलाई किया जाएगा। ढुलाई को लेकर 110 टीपर गाड़ी लगाई जाएगी। जिससे तीर्थयात्रियों को किसी तरह के परेशानी नहीं हो। नगर निगम कार्यालय को हाईटेक बनाने के लिए बैठक में पारित किया गया है। जिसमें खाता-प्लाट के संक्षिका, रेकड, सभी कागजात लोग आनलाइन देख सकते है। इसके लिए नगर निगम डिजिटाइलेजेशन के लिए एक ऐप जल्द ही जारी करेगा। ऐप के माध्यम पूरी जानकारी घर बैठे मिलेगी। इसके अलावा बायोमेट्रिक सिस्टम के माध्यम से हाजरी पर भुगतान होगी। इस बैठक में दो कर्मचारी मो. शमीम आलम और सुनील कुमार निलंबित करने निर्णय लिया गया है। दोनों कर्मी सशक्त स्थायी समिति के बैठक की सूचना सदस्यों को नहीं दिया था। इसके साथ ही एक कर्मी कई पद कार्यरत भी है। मेयर व सशक्त स्थायी समिति के सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि दोनों कर्मचारियों द्वारा काफी लापवाही किया गया है। दोनों को निलंबित करने बैठक में निर्णय लिया जाता है। इन कार्यो पर हुई चर्चा है जो इस प्रकार से है बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति व कचरे का निस्तारण।पार्को का सुंदरीकरण,सफाई गाड़ियों में जीपीएस सिस्टम लगाने, लाइट एंड साउंट का संचालन को जेनरेटर की खरीदारी।डेंगू प्रकोप को देखते हुए सम्पूर्ण 53 वार्डो में लार्वा के छिड़काव हेतु पीठू वाला मशीन खरीदने पर निर्णय।,जीबी रोड और केपी रोड में लगे दोनो ओर लाइट शीघ्र शुरू करने पर निर्णय।

एआइएम के युवा प्रदेश सचिव संजीव सुमन कि अध्यक्षता मे डेंगू जागरूकता रथ निकला गया

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर में बढ़ते डेंगू के प्रकोप को देखते हुए असदुद्दीन ओवैसी कि पार्टी एआइएम के युवा प्रदेश सचिव संजीव सुमन कि अध्यक्षता मे जिला समाहरणालय के सामने से डेंगू जागरूकता रथ निकला गया. संजीव सुमन ने कहा कि रथ निकालने का मकसद यह है कि लोगों गोकू डेंगू से बचाव कैसे हो उसके बारे में जागरूक्ष निकालने का मकसद है जिसमे पार्टी के जिलाध्यक्ष हाजी शाहीन, युवा प्रदेश सचिव संजीव सुमन, वरिष्ठ नेता सह मुखिया कलामउद्दीन, युवा जिला अध्यक्ष सय्यद फैजान, जिला उपध्यक्ष जोहर शाहिद, जिला प्रवक्ता शम्स तबरेज ने हरी झंडी दिखा कर रथ रवाना किया. मौके पर युवा प्रखंड अध्यक्ष राशिद, जिला महासचिव शाहजहाँ, छात्र नेता नावेद अर्फी, इजहार, कृष्णा एवं अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहे ! वही संजीव सुमन ने बताया कि नगर निगम की काफी उदासीनता है शहर में हर जगह जल जमाव और कचरा पसरा हुआ है जिससे यह डेंगू बीमारी महामारी का रूप ले रहा है इसको खत्म करने के लिए हम लोगों के लिए यह एक पहल है। पूरे शहर में लोगों को जागरूक करने के लिए यह कार्यक्रम रखा गया है जिसे हम लोगों ने आज हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया।

लोहिया स्वच्छ भारत योजना के तहत बलुआ गाँव में एक सभा आयोजित की गई

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। लोहिया स्वच्छ भारत योजना के तहत आज भोजपुर जिलान्तर्गत रामापुर सनदिया पंचायत की मुखिया मधु सिंह और मुखिया प्रतिनिधि राजीव सिंह के नेतृत्व में स्थानीय बलुआ गाँव में एक सभा आयोजित की गई। उक्त अवसर पर बैठक की अध्यक्षता पंचायत सचिव जय प्रकाश तिवारी ने की।

पंचायत के मुखिया के तरफ से सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों तथा सफाई कर्मियों अंगवस्त्र,पुष्पगुच्छ और माला से स्वागत किया गया। उपस्थित अतिथियों में रौशन जी जिला स्वच्छता समिति बीसीओ चन्द्र दीप डीसी विवेक कुमार सलेमपुर मुखिया प्रतिनिधि हरिशंकर दूबे,दौलतपुर मुखिया प्रतिनिधि छोटु यादव,कड़ारी पैक्स अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह सोलंकी बसंतपुर पंचायत के मुखिया अंगद सिंह,बाधीपाकड़ के मुखिया सह प्रखंड अध्यक्ष मिथुन सिंह,के अलावे बहुत से ग्रामीण और समाजिक कार्यकर्ता अंबिका सिंह,सरपंच छोटे पाण्डेय,अरूण सिंह,उपेंद्र यादव;पंकज सिंह वार्ड सदस्य हरेन्द्र यादव, मंटु पाण्डेय,दिलीप मिश्रा,हरिद्वार यादव,रामाकांत पाण्डेय बिटु पासवान ,अमरजीत गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पंचायत सचिव जय प्रकाश तिवारी एवं मुखिया मधु सिंह तथा फन्टु सिंह के द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों को अंगवस्त्र माला और पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया गया। इस अवसर उपस्थित इलेक्ट्रानिक और प्रींट मिडिया के पत्रकारोः को भी सम्मानित किया गया। तथा सबों पंचायत सहित पूरे जिले को साफ सुथरा रखने की अपील की गई। धन्यवाद ज्ञापन अंबिका सिंह ने किया।

चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

गया।भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम सेवा पखवारा के तहत गया जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शाहमीर तकिया रविदास टोला में लगाया गया चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ चंद्रकिरण अपने सहयोगी के साथ रोगियों की जांच की आज के शिविर में सैकड़ों की संख्या में सामान्य रोगी महिला पुरुष अधिकतर रोगी हाई ब्लड प्रेशर एवं शुगर के रोगी को किट के द्वारा जांच किया गया एवं दवा दिया गया इस अवसर पर डॉ चंद्रकिरण ने कहा कि गया जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ शिविर लगाकर सेवा करने से गरीब परिवार का इलाज होना खुशी की बात है इसके लिए भाजपा परिवार के प्रति आभार प्रकट करते हैं कि सेवा पखवारा के तहत सेवा करने का अवसर मिलता है आज के चिकित्सा शिविर में जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर,मंडल अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद राजीव कुमार सिन्हा, धीरज रौनीयार,प्रदेश अनुसूचित जाति मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद भारती, मंडल उपाध्यक्ष सुनील रविदास ने शिविर में सहयोग किया है।

स्वच्छता श्रमदान स्वच्छता संवाद सुरक्षा शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। स्वच्छता ही सेवा 2023 अंतर्गत आज महाराजा महाविद्यालय के परिसर में स्थित एतिहासिक आरा हाउस और कॉलेज परिसर में जिला जल एवम स्वच्छता समिति भोजपुर ,जिला गंगा समिति,भोजपुर और कॉलेज प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता श्रमदान स्वच्छता संवाद और सुरक्षा शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला जल और स्वच्छता के समन्वयक श्री रंजय बैठा, श्री अमित कुमार सिंह जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति नमामि गंगे , भोजपुर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर ओमप्रकाश राय एवं एन. एस. एस. के कार्यक्रम पदाधिकारी श्रीमति विभा वर्मा के द्वारा उपस्थित रहे ।महाविद्यालय के प्राचार्य ओमप्रकाश राय ने कहा की कि भारत एक सांस्कृतिक और सभ्यताओं का देश रहा है यहां पर गुरुकुल परंपरा रही है और उसे परंपरा में सभी कर छात्र स्वयं करते थे लेकिन जैसे-जैसे हमारी शिक्षा पद्धति बदलती गई हम अपने बेसिक और आवश्यक विचार और व्यवहार को छोड़ने गए हैं जिसके कारण ऐसे कार्यक्रम को आयोजन करना पड़ रहा है किसी के जीवन में शिक्षा जितनी जरूरी है उतना ही उसके जीवन में स्वच्छता का ज्ञान भी जरूरी है। क्योंकि स्वच्छता के बल पर ही महात्मा गांधी ने एक नए भारत की कल्पना की थी जिसे हम सभी को साकार करना है। परियोजना अधिकारी अमित कुमार सिंह ने कहा की स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ऐसे स्थलों का चिन्हांकन किया गया है, जो स्थल जहां कूड़ा जमा होता है और उन स्थलों की साफ-सफाई की जा रही है। भविष्य में कूड़ा जमा न हो इसके लिए लोगों को आदत परिवर्तन के लिए पूरे माह तक लगातार प्रेरित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कॉलेज के एनसीसी, एनएसएस जैसे छात्रों की बहुत बड़ी भूमिका होगी यह कार्यक्रम केवल स्थल की साफ सफाई नहीं बल्कि लोगों के जीवन में व्यवहार परिवर्तन के लिए बहुत महत्वपूर्ण योगदान रखेगा । कार्यक्रम समीर कुमार सिंह ,नीतीश कुमार सिंह, ऋतु कुमारी ,मनीषा कुमारी जोती कुमारी,मुस्कान कुमार,शिवम कुमार ,विशाल कुमार, राजेश कुमार, प्रवीन कुमार अनीश राज हैप्पी किशोर और कई एनएसएस और एनसीसी के छात्र छात्राओं प्रतिभाग किया ।

गरीबों का बकाया बिजली बिल माफ हो : सुरेन्द्र राम

प्रात : किरण संवाददाता

तरारी ।तरारी प्रखंड परिसर में खेत व ग्रामीण मजदूर सभा (खेग्रामस) के बैनर तले दलित झगरीब भूमिहीनों ने अपने मानसम्मान,वास झआवास उपलब्ध कराने,गरीबों को उजाड़ने पर रोक लगाने, मनरेगा में काम देने,बकाया बिजली बिल माफ करने, मुफ्त बिजली देने, बेहतर शिक्षा झस्वास्थ की गारंटी करने,दाखिल झखारिज, परिमार्जन में व्याप्त भ्रष्टाचार,जर्जर सड़कों की मरम्मत समेत अन्य ज्वलंत मुद्दों को लेकर अनिश्चितकालिन धरना दुसरे दिन भी जारी रहा। धरना का नेतृत्व खेग्रामस जिला सचिव कामता प्रसाद सिंह, प्रखंड सचिव सुरेन्द्र राम, दिनेश राम आदि कर रहे हैं। दूसरे दिन धरना को संबोधित करते हुए खेग्रामस जिला सचिव कामता प्रसाद सिंह ने कहा कि देश के करोडों लोगों के पास जमीन और घर नही है जिसके करण उन्हे नहर, आहार के पिंडों और फुटपाथों पर जीवन बसर करना पड़ता है। आए दिन इन गरीबों के घरों पर बुलडोजर चला कर उजाड़ने का काम होता है। केंद्र की मोदी सरकार ने 2022तक सभी को पक्का आवास देने की बात की थी जो जनता के लिए जुमला ही साबित हुआ।

इसलिए हमारी मांग है की सभी गरीब भूमिहीनों को घर देने के लिए वास आवास अधिकार का कानून बनें। धरना को सम्बोधित करते हुए प्रखंड सचिव सुरेन्द्र राम ने कहा कि तरारी के गरीब भूमिहीनों पर हजारों का बिजली बिल बकाया है। जिन गरीबों के पास भोजन करने के लिए पैसा नहीं है वो बिजली का बिल कैसे भर पायेंगे। आरा के सांसद आरके सिंह ऊर्जा मंत्री हो कर भी इन गरीबों का बिजली बिल माफ नहीं कर रहे हैं। धरना के माध्यम से हमारी मांग है कि बिजली बिल माफ हो और गरीबों को 200यूनिट बिजली मुफ्त में दिया जाए।

मनरेगा मजदूर सभा के प्रखंड संयोजक दिनेश राम ने कहा ग्रामीण मजदूरों को मनरेगा में काम नहीं मिल रहा है। इसके चलते भुखमरी की स्थिति पैदा हो रही है। मोदी सरकार लागातार मनरेगा के बजट में कटौती कर रही है।हमारी मांग है कि मनरेगा मजदूरों को 200 दिन काम और कार्यस्थल पर भुगतान की गारंटी हो।महंगाई के अनुसार वृद्धा झविधवा झविकलांगों का पेंशन राशि ऊंट के मुंह में जीरा के सामान है। इसलिये इनका पेंशन 3000रु किया जाए।

धरना को संबोधित करते हुए भाकपा (माले) के युवा नेता सुधीर यादव ने कहा कि तरारी के बराड़ी टोला, कुदरियां समेत कई स्कूल भवनों की स्थिति काफी जर्जर है। स्कूलों में बेंच, पंखा, शौचालय, पानी जैसी सुविधाओं का घोर अभाव है। तरारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सक नही है। स्वास्थ उप केन्द्रों का भवन जर्जर है। वही पिरो झतरारी गोविंदडीह मुख्य सड़क समेत दर्जनों सड़कों की स्थिति काफी जर्जर है। बिहार सरकार से हमारी मांग है कि तरारी के बेहतर विकास के लिए यहां की शिक्षा स्वास्थ और सड़कों को ठीक किया जाए। धरना में खेग्रामस के जिला सचिव कामता प्रसाद सिंह, प्रखंड सचिव सुरेन्द्र, मनरेगा प्रखंड प्रभारी दिनेश राम, खेग्रामस के प्रखंड कमिटी सदस्य विजय राम, सुदामा राम, रामनिवास राम, पारस राम, मंटू सिंह, हँसलाल राम, काशीनाथ राम, भाकपा (माले) के प्रखंड सचिव रमेश जी,किसान नेता कृष्णा प्रसाद गुप्ता, जमाल अशरफ, विजेन्द्र सिंह, युवा नेता सुधीर यादव ,इंकलाबी नौजवान सभा के नीतीश कुमार समेत सैकड़ों महिला झपुरुष मजदूर शामिल हुए।

आर्थिक/व्यापारिक विकास हेतु खाद्य प्रसंस्करण का प्रशिक्षण शुरू किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

आरा अंधेरी हिल्फ संम्पोषित भोजपुर महिला कला केंद्र के द्वारा महादलित, दलित समुदाय के वंचित ग्रामीण महिलाओं के स्वयं सहायता समूह के आर्थिक/व्यापारिक विकास हेतु खाद्य प्रसंस्करण का प्रशिक्षण पिपरहियां गांव में मीणा देवी के घर में शुरू किया गया। प्रशिक्षण की शुरूआत संस्था के सचिव सह महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित अनीता गुप्ता, कोषाध्यक्ष गीता देवी, संस्था के वरिष्ठ सदस्य कुसुम देवी, रूपा देवी एवं प्रशिक्षक अंजलि देवी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सचिव अनीता देवी ने महिलाओं को संबोधित करते हुये बतायी कि यह प्रशिक्षण 20 सितंबर 2023 से शुरू होकर 19 अक्टूबर 2023 तक चलेगी। इस प्रशिक्षण में चार तरह का पापड़, टमाटर, मिर्च, बडी, आचार, आवंला का मुरब्बा, ईख का सिरका आदि निर्माण करने के लिये अनुभवी प्रशिक्षक के द्वारा सिखाया जायेगा। सरकार के द्वारा महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में बतायी। प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के शुभ अवसर 17 सितंबर को विश्वकर्मा योजना के बारे में बताया गया। प्रशिक्षक अंजलि देवी ने प्रशिक्षुओं को पापड़ बनाने का गुरुर सिखाया।

आज के प्रशिक्षण में कुल 85 महिला उपस्थित हुयी। महिलाओं को पापड़ बेलने और पापड़ को सुखाने तथा कच्चे माल को तैयार करने के विधि को भी सिखाया गया। तैयार पापड़ को पैकिंग कर उसे सुरक्षित संग्रह करने का भी विधि बताया गया। परियोजना प्रबंधक रंजीत कुमार ने महिलाओं को संगठित रहकर कार्य करने और एकता बनाकर अपने व्यवसाय को चलाने के लिए तथा भविष्य में आने वाली समस्या पर चर्चा किया। रंजीत कुमार ने बताया कि हम बाजार में अपना उत्पाद को बेचने के पश्चात उनसे मिलकर फिडबैक लेंगे। ग्राहक के द्वारा मिले फिडबैक के आधार पर हम अपने उत्पादों में बदलाव भी करेंगे ताकि हमारे उत्पादों को ग्राहक के पसंद के हिसाब से तैयार करेंगे। भविष्य में उत्पादों को बेचने पर खरिदने वाले को इनाम या उपहार भी समय - समय देते रहेंगे ताकि हमारा उत्पादों का स्थायित्व बना रहे। बाजार में अपने प्रतिद्वंद्वी का भी ध्यान रखना होगा ताकि हमारे उत्पादों का निर्यात सही से हो सकें। प्रशिक्षण को सफल बनाने में संस्था के कार्यकर्ता शत्रुघ्न कुमार,सोनु कुमार, रूपा देवी, पुष्पा देवी, अंशु माला, मीणा देवी का महत्व पूर्ण योगदान रहा है।

श्रद्धापूर्वक पूजे गए प्रथम पूज्य, मंदिरों और घरों में गूंजे गणपति बप्पा मोरया

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गणपति बप्पा मोरया.... मंगल मूर्ति सोरया के जयघोष के साथ गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर पंडालों एवं घरों में भगवान गणेश जी की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। शहर के विष्णुपद स्थित पंचगणेश मंदिर, रामशिला स्थित मूंगे के गणेश मंदिर, मानपुर के मंझौली स्थित गणेश मंदिर आदि मंदिरों में भक्तों ने गणपति जी को फूलमाला और मोदक अर्पित कर पूजा अर्चना किया। गणेश भक्तों ने अपने घरों में भी भगवान गजानन की छोटी-बड़ी प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना किया।

श्री रामचरितमानस नवाहन पारायण यज्ञ समिति, धामी टोला के बैनर तले स्थानीय आजाद पार्क में 10 दिनों तक चलने वाले 13वें गणपति महोत्सव का शुभारंभ उत्सवी माहौल में हुआ। आजाद पार्क में बने और भव्य और आकर्षक पंडाल में भगवान गणपति जी की 11 फीट ऊंची भव्य और आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। सुबह 8:30 बजे भगवान गणपति जी का नेत्रोंमिन के साथ प्राण-प्रतिष्ठा की गई। उसके बाद आम श्रद्धालुओं के लिए भगवान का पट खोला गया। पट खुलते ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई दी। निपुण ब्राह्मणों के द्वारा गणेश मंत्रोच्चारण और गणेश स्तोत्र के साथ पूजा शुरू हुई, जो घंटे तक चलती रही। पहले दिन मुख्य यजमान के रूप में समिति के अध्यक्ष शिव कैलाश डालमिया ने अपने पत्नी रेणु डालमिया के साथ भगवान गणेश की विधिवत पूजा अर्चना पूरे विधि विधान से गणेश सहस्त्रनाम के साथ दुग्धाभिषेक, दुर्वाभिषेक, लावाभिषेक कर षोडषोपचार पूर्वक पूजा अर्चना किया गया। गणपति जी को प्रतिदिन 100 किलो लड्डू का भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। शाम4:00 बजे से मंगल आरती के बाद भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंक्ति में खड़े होकर होकर भगवान गणपति जी का दर्शन किया।अष्टमी तिथि को भगवान गणेशपति जी को 56 प्रकार का भोग और मिष्ठान अर्पित किया जाएगा। श्रद्धालु सिध्दीविनायक के दर्शन के साथ रासलीला का भी आनंद उठा रहे हैं। प्रतिदिन संध्या 7:00 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक श्रीधाम वृंदावन के पधारे रसाचार्य स्वामी राजबल्लभ शर्मा जी द्वारा आकर्षक रासलीला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन मगध प्रमंडल के पुलिस महानिरीक्षक छत्रनिल एवं समिति के अध्यक्ष शिव कैलाश डालमिया में संयुक्त रूप से पूरे वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच दीप प्रज्वलित कर किया।

नगर आयुक्त को विष्णु पद नाले के ढक्कन ठीक करने के निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

गया। पितृपक्ष मेला 2023 के सफल आयोजन के अवसर पर जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम एवं नगर पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुमार द्वारा संयुक्त रूप से विष्णुपद मंदिर एवं देवघाट का निरीक्षण किया गया है जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि विष्णुपद स्टेज के समीप यत्र तत्र ठेला को हटवाना सुनिश्चित करें। इस वर्ष पितृपक्ष मेला अवधि में अत्यधिक भीड़ होने की पूरी संभावना है, इस दृष्टिकोण से यात्रियों को कतारबद्ध पंक्ति में रखने हेतु अच्छे तरीके से क्यु-सिस्टम का प्लान तैयार करें जिससे यात्रियों को कोई भी असुविधा न हो और भीड़भाड़ की भी स्थिति ना बने। विष्णुपद मंदिर के सीढ़ी के माध्यम से उतर कर देवघाट जाने वाले रास्ते मे पड़ने वाले दुकानों के मालिकों के साथ बैठक कर उन्हें निर्देशित करे कि पब्लिक रास्ता को छोड़कर दुकान को और अपने अंदर में ही खोलें, रास्ते पर दुकान ना खुले एवं ग्राहक को भी रोड पर खड़ा होने ना दें। देवघाट जाने के रास्ते में कुछ निजी मकान मालिक ने रास्ते में ही सीढ़ी बनाकर रास्ता को अवरुद्ध कर रखा है। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि मकान मालिक से बात करके अवरुद्ध रास्ता को समतल करवाये। देवघाट द्वार पर ही खराब उबर खाबर सीढ़ी को समतल करवाने का निर्देश दिए हैं। जिला पदाधिकारी ने बताया कि 28 सितंबर को गणेश पूजा का प्रतिमा विसर्जन निर्धारित है। और उसी दिन पितृपक्ष मेला का उद्घाटन तिथि निर्धारित है। उक्त परिपेक्ष को देखते हुए सभी गणेश पूजा समिति से आग्रह किया है कि 28 सितंबर को हर हाल में दोपहर 12:00 तक प्रतिमाओं का विसर्जन करवा लें। गणेश प्रतिमा का विसर्जन हर हाल में रुकमणी तालाब के दक्षिणी ओर में जगह चिन्हित रखी गई है उसी में प्रतिमाओं का विसर्जन करें। इसके अलावा किसी अन्य तालाब में विसर्जन नहीं किया जाएगा। फल्गु नदी गयाजी डैम को स्वच्छ एवं निर्मल रखने में आप सभी प्रशासन का सहयोग करें। पितृपक्ष मेला के अवसर पर तीर्थ यात्रियों को तर्पण हेतु गया जी डैम बिंदु से लेकर के गजाधर घाट तक टेंट पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। इस पर जिला पदाधिकारी ने टेंट पंडाल के संवेदक को निर्देश दिया कि हर हाल में 24 सितंबर तक टेंट पंडाल निर्माण का कार्य पूर्ण कर लें। साथ ही पंडाल की चौड़ाई को प्रॉपर तरीके से रखें ताकि अधिक से अधिक यात्रियों को छांव में तर्पण कराया जा सके। गयाजी डैम से लेकर शमशान घाट तक कुल 13 सेक्टर में बांटा गया है घाट पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रॉपर व्यवस्थाओं की निगरानी रखी जा सके। इसके अलावा 12 वाच टावर भी बनाया जा रहा है। गया जी डैम के सीढ़ी के समीप खाली पड़े कच्चा रास्ता में यात्रियों का मुंडन हेतु मुंडन घाट नाम से फ्लेक्स के माध्यम से प्रदर्शित करवाया जा रहा है जिससे विभिन्न तीर्थ यात्रियों जिन्हें मुंडन करवाना रहेगा वह यहीं पर आकर के मुंडन कार्य करवाएंगे। अनुमंडल पदाधिकारी सदर को निर्देश दिया है कि सभी नाई समाज के लोगों से बैठक कर उन्हें अवगत करवाये की डैम के पास मुंडन हेतु जगह सुरक्षित रखी गई है।नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि बड़े आकार का अतिरिक्त डस्टबिन मुंडन घाट के समीप लगवाएं ताकि विभिन्न मुंडन कर कर रहे नाई प्रॉपर तरीके से डस्टबिन में यत्र तत्र सामग्री को डालें, नदी में बिल्कुल भी प्रवाहित न करे। घाट पर यत्र तत्र कई सारे गुमटी देखी गई, इस पर अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी गुमटी को अभिलंब हटवाना सुनिश्चित करवाये। बुधवार के निरीक्षण दौरान कुछ स्थानों पर नाली का ढक्कन सतह से नीचे देखा गया, जिस पर यात्रियों की सुविधा हेतु नाली का ढक्कन प्रॉपर करवाने का निर्देश दिए हैं। इस निरीक्षण के क्रम में श्मशान घाट के समीप विभिन्न लकड़ी के दुकान रास्ते में रहने पर नगर आयुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिए की पूर्व में बने पक्के स्ट्रक्चर के दुकान में इन सभी दुकानों को शिफ्ट करवाये।

फेक न्यूज चलाने वाले यूट्यूबर पे कर्रवाई करने के लिए शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड की टीम पहुची एस एसपी आफीस

प्रात : किरण संवाददाता

गया। बुधवार को शहीद भगत सिंह यूथ बिग्रेड को बदनाम कर रहे एक यूट्यूब चेनल पर करवाई करे प्रशासन इसके लिए आज गया एस एससपी कार्यलय में शहीद भगत सिंह यूथ बिग्रेड के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनी कुमार वर्मा ने बुधवार को एस एस पी से मिलकर सुशील शर्मा, पिता अजय शर्मा इमामगंज के द्वारा यूटूयुब के माध्यम से झूठा प्रचार प्रसार करके एक प्रतिष्ठित संस्था जो कि विगत लगातार 2010 से समाजहित में कार्य कर रहा है , पर संगठन के प्रति अनगर्ल आरोप लगाकर संगठन का चरित्र हनन करने का प्रयास किया जा रहा है जिसके कारणवस समाज में अविश्वास का माहौल उत्पन्न हो सकता है। जो समाजहित में काफी निराशाजनक के प्रतीक माना जाएगा। भारत देश के प्रतिष्ठित रक्तदान सामाजिक संस्था शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड के बदनाम करके अपनी ओरअपनी यूट्यूब चैनल की पब्लिसिटी बढ़ाना चाहता है बिना तथ्य के इस विषय को कानूनी प्रक्रिया में लाकर सुशील शर्मा पर सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की संबंध में। इस विषय में कहना है कि सुशील शर्मा, पिता अजय शर्मा उर्फ अजय मिस्त्री, ग्राम पथरा,पो+ थाना - इमामगंज, गया बिहार का यह लड़का यूट्यूब चैनल बनाया है। उसका नाम यूट्यूब रअउल्ल इक्लअफ 24*7 है। इसके माध्यम से देश के प्रतिष्ठित संस्था शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड के नाम से लेकर खून के कालाबाजारी में नाम लिया जो की वीडियो में दिख रहा है लेकिन मरीज के परिवार वाले का कहना है कि पैसा का डिमांड शराफत फाउंडेशन के द्वारा किया गया है लेकिन सुशील शर्मा रअउल्ल इक्लअफ 24*7 अपना पब्लिसिटी बटोरने के चक्कर में शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड का नाम लिया है वीडियो में जो शेयर भी किया गया है।

सेंसेक्स
66,800.84 पर बंद
निफ्टी
19,901.40 पर बंद

सोना
61,165.00
चांदी
75,500

भारतीय अर्थव्यवस्था : प्रतिकूल वैश्विक माहौल में भी प्रदर्शन अच्छा, एमपीसी सदस्य बोलीं- आर्थिक संकेतक बेहतर हुए

नई दिल्ली,एजेन्सी। भारतीय अर्थव्यवस्था प्रतिकूल वैश्विक माहौल के बीच अच्छा प्रदर्शन कर रही है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति की सदस्य आशिमा गोयल ने यह बात कही है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने पिछले नौ साल के दौरान कई सुधार लागू किए हैं, जिससे महत्वपूर्ण वृहद आर्थिक संकेतक बेहतर हुए हैं। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत को अभी अपनी पूरी क्षमता हासिल करने के लिए काफी लंबा रास्ता तय करना है। गोयल ने मीडिया से कहा, ''संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार को विरासत में एक मजबूत अर्थव्यवस्था मिली थी और साथ ही उस दौर की ऊंची वृद्धि से भी उसे लाभ हुआ था।'' उन्होंने कहा कि 2008 के बाद वैश्विक आर्थिक संकट के प्रभाव और भ्रष्टाचार से जुड़े घोटालों से अर्थव्यवस्था कमजोर हुई। उनसे पूछा गया था कि वह संप्रग सरकार के 10 साल (2004-14) और मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के नौ साल के कार्यकाल के प्रदर्शन की तुलना कैसे करेंगी।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को दोहरा घाटा (उच्च राजकोषीय घाटा और उच्च चालू खाते का घाटा), ऊंची मुद्रास्फीति और कमजोर बैंक विरासत में मिले थे लेकिन उन्होंने इन सभी में सुधार किया है, और अन्य सुधारों को भी लागू किया है। इसी कारण एक प्रतिकूल वैश्विक वातावरण में भारतीय अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही है। कुछ अमेरिकी अर्थशास्त्रियों के इस दावे कि भारत आर्थिक वृद्धि को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है, गोयल ने कहा कि तिमाही आंकड़ों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश नहीं किया जा सकता। ये आंकड़े मौसमी और आधार प्रभाव के साथ-साथ 'माप' के मुद्दों पर आधारित होते हैं। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही की वृद्धि दर आधार प्रभाव की वजह से ऊंची रही है। 2020-21 की पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था में 23.2 प्रतिशत की बड़ी गिरावट आई थी। उन्होंने कहा कि 2021-22 की पहली तिमाही में वृद्धि दर 21.6 प्रतिशत रही। 2022-23 की पहली तिमाही में यह 13.1 पतिशत और 2023-24 की पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत रही है। भारत की 2023-24 की अप्रैल-जून अवधि की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही है, जो पिछली चार तिमाहियों का सबसे ऊंचा स्तर है। गोयल ने कहा कि पिछले तीन वित्त वर्षों में वृद्धि दर क्रमश- नकारात्मक 6.6 प्रतिशत, 9.1 प्रतिशत और 7.2 प्रतिशत रही है। इससे पता चलता है कि आधार प्रभाव का असर धीरे-धीरे कम हो रहा है। उन्होंने कहा, ''सभी प्रकार के आंकड़े बताते हैं कि वृद्धि मजबूत है।'' उन्होंने कहा कि वैश्विक सुस्ती के बीच छह प्रतिशत की सालाना वृद्धि को काफी शानदार माना जाएगा।

चीन को झटका देगा भारत, विदेशी टेलीकॉम कंपोनेंट पर टैक्स लगाएगी सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की केंद्र सरकार ने टेलीकॉम इंडस्ट्री को मजबूत बनाने और ग्लोबल मैन्यूफैक्चरिंग हब बनाने के लिए नया प्लान बना लिया है। जानकारी के अनुसार भारत से इंपोर्ट को कम करने और डॉमेस्टिक सप्लाई चेन बनाने के लिए टेलीकॉम कंपोनेंट पर फेजवाइज कस्टम ड्यूटी लगाने की योजना बना रहा है। टेलीकॉम डिपार्टमेंट पैकेजिंग आइटम्स, एंटीना, वाईफाई स्विच, प्लास्टिक/मेटल हाउसिंग आइटम्स, वायर्स/केबल्स पर जनवरी से 10 फीसदी कस्टम ड्यूटी लगाने और अगले साल अक्टूबर तक इसे 15 फीसदी तक बढ़ाने के प्रस्ताव पर काम कर रहा है। इस कदम से चीन और उन देशों को झटका लगेगा जो भारत को टेलीकॉम कंपोनेंट काफी ज्यादा एक्सपोर्ट करते हैं।

क्या है सरकार का प्लान :मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों के अनुसार टेलीकॉम कंपोनेंट में यूएसबी पोर्ट/कनेक्टर, पावर एडॉप्टर और अन्य इलेक्ट्रिकल/मैकेनिकल आइटम भी शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि लोकल प्रोडक्शन को बढ़ावा देने और वैल्यू एडिशन को बढ़ाने के लिए सरकार के फेज्ड मैन्यूफैक्चरिंग प्रोग्राम (पीएमपी) के तहत इन पार्ट्स पर इंपोर्ट ड्यूटी और उसे लागू करने की टाइमलाइन पर विचार किया जा रहा है। फेज्ड मैन्यूफैक्चरिंग प्रोग्राम का लक्ष्य शुरू में लो वैल्यू कंपोनेंट और बाद में हाई वैल्यू कंपोनेंट के लोकल प्रोडक्शन को प्रोत्साहित कर भारत की टेलीकॉम गियर मैन्यूफैक्चरिंग को और ज्यादा गहराई देना है। इसमें ऐसी असेसिरीज/कंपोनेंट के इंपोर्ट पर बेसिक कस्टम ड्यूटी को बढ़ाकर टारगेट को हासिल करने का प्लान है।

क्रूड ऑयल के उबाल से परेशान भारतीय रुपया, 83.26 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी। क्रूड ऑयल की इंटरनेशनल मार्केट में कीमत में लगातार तेज रुझान भारतीय रुपए ो परेशान कर रहा है। क्रूड ऑयल की बढ़ी कीमत ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए को 83.26 के अब तक के रिकॉर्ड लो लेवल पर ले आया है। बताया जा रहा है कि रुपए में कमजोरी की संभावना अभी बनी हुई है। एक खबर के मुताबिक, क्रूड ऑयल की कीमत 95 डॉलर प्रति बैरल के आस-पास है। आगे रुपए की चाल पूरी तरह तेल की कीमतों पर निर्भर करेगा।

खबर के मुताबिक, भारतीय मुद्रा को सपोर्ट करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक बाजार में डॉलर जारी कर रहा है लेकिन यह बहुत मदद नहीं करेगा क्योंक भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत तेल आयात करता है, जिसके लिए डॉलर में तत्काल पेमेंट करना होता है। एक प्राइवेट बैंक के फॉरेक्स एक्सपर्ट ने बताया कि आरबीआई अपने विदेशी मुद्रा भंडार के पर्याप्त भंडार के साथ रुपए की रक्षा के लिए मौजूद रहेगा लेकिन यह एक पॉइंट से आगे नहीं जा सकता है।

एक्सपर्ट क्या कहते हैं :एक अन्य एक्सपर्ट ने कहा कि भारतीय शेयर बाजारों में विदेशी निवेश ने भी रुपये की अस्थिरता को कंट्रोल करने में मदद की है लेकिन यह हॉट मनी है जो अचानक बाहर निकल सकती है और इस पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। क्रूड ऑयल की कीमतें पिछले तीन सप्ताह से ऊपर की तरफ रुख किए है। इसके अलावा सऊदी अरब और रूस द्वारा इस साल के आखिर तक सप्लाई में कटौती का फैसला करने के बाद नवंबर के बाद से अपने मैक्सिमम लेवल पर पहुंच गई हैं। आने वाले दिनों में सप्लाई घटने की आशंका से भी कुछ बढ़ोतरी हुई है। घबराहट में खरीदारी करने से कीमतें बढ़ रही हैं।

सरकार जल्द ही दवा, कपड़ा, ड्रोन के लिए पीएलआई योजनाओं में कर सकती है बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार निवेश को प्रोत्साहित करने और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही दवा, ड्रोन तथा कपड़ा क्षेत्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) में बदलाव कर सकती है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। विभिन्न उत्पादों से जुड़ी योजना के प्रदर्शन पर अंतर-मंत्रालयी परामर्श के बाद इन क्षेत्रों की पहचान की गई है। अधिकारी ने कहा कि एसी व एलईडी लाइट जैसी वस्तुओं के उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) का वितरण इस महीने शुरू होगा। इससे वितरण की राशि बढ़ेगी, जो मार्च, 2023 तक केवल 2,900 करोड़ रुपए थी। इस योजना की घोषणा 2021 में दूरसंचार, एसी व एलईडी लाइट जैसी वस्तुओं, कपड़ा, चिकित्सकीय उपकरणों के विनिर्माण, वाहन, विशेष इस्पात, खाद्य उत्पाद, उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल, उन्नत रसायन विज्ञान सेल बैटरी, ड्रोन और दवा जैसे 14 क्षेत्रों के लिए की गई थी। इसके लिए 1.97 लाख करोड़ रुपए का बजट तय किया गया था। एक सरकारी अधिकारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर कहा, ''हमने कुछ क्षेत्रों की पहचान की है।

अमेरिका में संकट: फिर मंडरा रहा शटडाउन का खतरा, सांसदों में नहीं बनी सहमति तो बंद हो जाएगी कर्मियों की सैलरी

नई दिल्ली। संयुक्त राज्य अमेरिका संभावित सरकारी शटडाउन से दो सप्ताह से भी कम दूर है, इसकी आशंका इसलिए बढ़ गई है क्योंकि सांसद अल्पकालिक खर्च बिल पर सहमति नहीं बना पा रहे हैं। वाशिंगटन में वर्तमान में कई बजट विधेयकों पर चर्चा चल रही है, लेकिन डेमोक्रेट-बहुमत सीनेट और रिपब्लिकन-नियंत्रित प्रतिनिधि सभा किसी के पास दोनों को मंजूरी देने के लिए पर्याप्त वोट नहीं हैं।उसांसदों के पास किसी समझौते पर पहुंचने के लिए 30 सितंबर की मध्यरात्रि तक का समय है, अगर ऐसा नहीं होता है तो सरकारी सेवाओं के लिए धन समाप्त हो जाएगा। सरकारी शटडाउन की आशंका ने सैकड़ों हजारों कामगारों के वित्तीय भविष्य को खतरे में डाल दिया है, जिन्हें पार्क, संग्रहालय और अन्य संघीय संपत्तियों के बंद होने के कारण बिना वेतन के रहना पड़ा सकता है। हालांकि नीति निर्माता आम तौर पर इस स्थिति से बचने की उम्मीद जता रहे हैं, लेकिन पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ गठबंधन करने वाले कुछ समर्थकों ने अब तक टेबल पर हर बिल का विरोध किया है। व्हाइट हाउस ने मंगलवार को एक बयान में कहा, वित्त वर्ष खत्म होने में दो सप्ताह से भी कम समय बचा है और ऐसे में सदन के अतिवादी रिपब्लिकन लोगों के जीवन के साथ पक्षपातपूर्ण खेल खेल रहे हैं।

जून में आया था कर्ज का संकट

हाल के महीनों में यह दूसरी बार है जब दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्था वित्तीय संकट का सामना कर रही है। जून में, संयुक्त राज्य अमेरिका ने जैसे-तैसे संभावित ऋण चूक को टाल दिया, क्योंकि अमेरिकी सीनेटरों ने हफ्तों की तनावपूर्ण बातचीत के बाद संघीय ऋण सीमा को निलंबित करने के लिए मतदान किया था। अगर यह मतदान नहीं होता यह एक चूक अभूतपूर्व चूक होती।

पहले भी 35 दिनों तक रह चुका है अमेरिका में शटडाउन

संयुक्त राज्य अमेरिका में पहले भी शटडाउन की अवधि रही है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति काल के दौरान 2018 के आखिरी महीनों से 2019 के शुरुआती दिनों दौरान लगभग 35 दिनों तक ऐसे ही हालात थे। यह अमेरिका का अमेरिकी इतिहास में सबसे लंबा शटडाउन था।

यूक्रेन की सहायता पर भी अनिश्चितता :इस गतिरोध का यूक्रेन में युद्ध पर असर पड़ सकता है, क्योंकि व्हाइट हाउस को कीव की सैन्य और मानवीय सहायता में 24 बिलियन डॉलर जोड़ने के लिए सांसदों द्वारा पारित बजट का इंतजार है।हालांकि इस तरह की योजना को सीनेट में डेमोक्रेट और रिपब्लिकन दोनों ही ओर से समर्थित किया जाता है, हालांकि सदन के कुछ सदस्यों की ओर से इसका विरोध भी किया गया है। धुर दक्षिणपंथी प्रतिनिधि मार्जोरी टेलर ग्रीन ने एक्स (पहले ट्विटर) पर कहा, मैं यूक्रेन में युद्ध, कोविड-19 और राजनीतिक हथियारों से लैस सरकार के लिए एक भी पैसा देने के लिए मतदान नहीं करूंगी।अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन इस सप्ताह के अंत में वाशिंगटन में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से भी मुलाकात करने वाले हैं। सीनेट में डेमोक्रेटिक पार्टी के बहुमत के नेता चक शूमर ने कहा, ऐसे समय में जब राष्ट्रपति जेलेंस्की (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन) के खिलाफ मजबूती से खड़े होने के लिए अमेरिका आ रहे हैं, प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन नेतृत्व अनिवार्य रूप से उनसे कह रहा है कि आप अपने दम पर लड़ें।

ईवाई के मुख्य अर्थशास्त्री ग्रेगरी डाको ने इस सप्ताह कहा था कि इस बार शटडाउन अर्थव्यवस्था पर एक स्पष्ट छाप छोड़ सकता है। उनका अनुमान है कि सरकारी शटडाउन के प्रत्येक सप्ताह से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को 6 बिलियन डॉलर का नुकसान होगा और चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि में 0.1 प्रतिशत अंक की कमी आएगी। उन्होंने कहा, शटडाउन के प्रत्यक्ष व्यापक आर्थिक परिणामों के अलावा, वित्तीय बाजार और निजी क्षेत्र का विश्वास भी प्रभावित हो सकता है।

एफवाय24 में 6.3 प्रतिशत होगी भारत की जीडीपी ग्रोथ, ओईसीडी ने कहा- बढ़ रही महंगाई दर

नई दिल्ली, एजेंसी। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन ने वित्त वर्ष 2024 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ के अनुमान में इजाफा कर दिया है। ओईसीडी ने पहले अनुमान जताया था कि सकल घरेलू उत्पाद में 6 फीसदी का इजाफा होगा, मगर अब इसने अनुमान को 6 फीसदी से बढ़ाकर 6.3 फीसदी कर दिया है। ओईसीडी ने कहा कि भारत जी20 की उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, जहां विकास को लेकर ज्यादातर पॉजिटिव ग्रोथ देखने को मिली है और इसी वजह से अनुकूल मौसम संबंधी कृषि क्षेत्र में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि विश्व अर्थव्यवस्था (वर्ल्ड इकनॉमी) 2023 में 3 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है, जो 2024 में धीमी होकर 2.7 प्रतिशत हो जाएगी। ओईसीडी की रिपोर्ट में कहा गया है, 'चीन में उम्मीद से कमजोर आर्थिक रिकवरी के बावजूद, 2023-24 में वैश्विक विकास का अनुपातहीन हिस्सा एशिया से आना जारी रहने की उम्मीद है।'

ओईसीडी ने महंगाई दर में किया इजाफा :हालांकि ओईसीडी ने भारत की महंगाई दर को जून में अपने पहले के अनुमान 4.8 प्रतिशत से संशोधित करके 5.3 प्रतिशत कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 की पहली छमाही में खाद्य (फूड) और ऊर्जा की कीमतों में गिरावट के कारण कई देशों में हेडलाइन मुद्रास्फीति में कमी जारी रही है लेकिन मुख्य मुद्रास्फीति में बहुत बेहतर कमी नहीं आई है।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'एक प्रमुख रिस्क यह है कि मुद्रास्फीति उम्मीद से अधिक लगातार बनी रह सकती है, जिसका मतलब है कि ब्याज दरों को और सख्त करने की जरूरत है नहीं तो लंबे समय तक यह ऊंची बनी रहेगी।' रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत, इंडोनेशिया, मैक्सिको और दक्षिण अफ्रीका समेत कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अगले साल नीति में कुछ नरमी की गुंजाइश है।

अगले महीने से घट सकते हैं रिलायंस इंडस्ट्रीज के केजी-डी6 क्षेत्र से उत्पादित गैस के दाम

नई दिल्ली, एजेंसी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के केजी-डी6 जैसे कठिन क्षेत्रों से उत्पादित प्राकृतिक गैस के दाम में अगले महीने से करीब 14 प्रतिशत की कटौती की जा सकती है। वैश्विक स्तर पर ईंधन कीमतों में कमी के बीच प्राकृतिक गैस के दाम घटने की उम्मीद है। सूत्रों ने कहा कि एक अक्टूबर से शुरू छह महीने की अवधि के लिए गहरे समुद्री क्षेत्रों और उच्च दबाव तथा उच्च तापमान (एचपीटीपी) से उत्पादित गैस की कीमत घटाकर 10.4 डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट (प्रति इकाई) की जा सकती है। यह अभी 12.12 डॉलर प्रति इकाई है।

सरकार देश में उत्पादित प्राकृतिक गैस के दाम साल में दो बार तय करती है। प्राकृतिक गैस को सीएनजी और पीएनजी में बदला जाता है। सीएनजी का उपयोग वाहन ईंधन के रूप में, जबकि पीएनजी का उपयोग घरों में खाना पकाने में किया जाता है। इसके अलावा बिजली और उर्वरक उत्पादन में भी इसका इस्तेमाल होता है। गैस के दाम तय करने के लिए दो फॉर्मूले हैं। ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) और ऑयल इंडिया लि. (ओआईएल) से उत्पादित गैस तथा गहरे सागर जैसे कठिन क्षेत्रों में स्थित नए क्षेत्रों से उत्पादित गैस के लिए इन फॉर्मूलों का उपयोग किया जाता है।

दरों का निर्धारण हर साल एक अप्रैल और एक अक्टूबर को किया जाता है। इस साल अप्रैल में, पुराने क्षेत्रों से जुड़े फॉर्मूले में बदलाव किया गया। इसके तहत इसे मौजूदा ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत के 10 प्रतिशत पर मानकीकृत किया गया। हालांकि, दर के लिये 6.5 डॉलर प्रति यूनिट की सीमा तय की गई थी। पुराने क्षेत्रों की दरें अब मासिक आधार पर तय की जाती हैं। सितंबर महीने के लिए कीमत 8.60 डॉलर प्रति इकाई हो गई लेकिन सीमा तय होने के कारण उत्पादकों को केवल 6.5 अमेरिकी डॉलर ही मिलेंगे। ब्रेंट कच्चे तेल का औसत भाव इस महीने करीब 94 डॉलर प्रति बैरल है लेकिन सीमा तय होने से दर 6.5 डॉलर बनी रहेगी।

सूत्रों ने कहा कि कठिन क्षेत्र से उत्पादित गैस की कीमत के लिए पुराने फॉर्मूले का ही उपयोग किया जा रहा है। इसके तहत अंतरराष्ट्रीय एलएनजी की कीमतों का एक साल का औसत और कुछ वैश्विक गैस केंद्रों पर दरों को एक तिमाही के अंतराल के साथ लिया जाता है। उन्होंने कहा कि जुलाई, 2022 से जून, 2023 की संदर्भ अवधि में अंतरराष्ट्रीय कीमतों में गिरावट आई थी। इसीलिए कठिन क्षेत्रों से उत्पादित गैस के लिये कीमतें कम होंगी। एक अप्रैल से शुरू एक महीने की अवधि के लिए कठिन क्षेत्रों से उत्पादित गैस की कीमत घटाकर 12.12 अमेरिकी डॉलर प्रति इकाई कर दी गई, जो पहले रिकॉर्ड 12.46 डॉलर थी।

रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक बाजारों में ईंधन के दाम मजबूत हुए थे। इससे अक्टूबर, 2022 से मार्च, 2023 के बीच देश में पुराने क्षेत्रों से उत्पादित गैस के दाम भी चढ़कर रिकॉर्ड 8.57 डॉलर पर पहुंच गये। वहीं कठिन क्षेत्रों से उत्पादित गैस की कीमत 12.46 डॉलर हो गई। पुराने फॉर्मूले के आधार पर एक अप्रैल से पुराने क्षेत्रों से उत्पादित गैस के दाम बढ़कर 10.7 डॉलर प्रति इकाई किए जाने थे लेकिन सरकार ने कीमतों को काबू में रखने के लिए फॉर्मूले में बदलाव किया और दाम को लेकर सीमा तय कर दी। पूर्व में गैस के दाम बढ़ने से सीएनजी और पाइप के जरिए घरों में पहुंचने वाली रसोई गैस (पीएनजी) की दरें 70 प्रतिशत तक बढ़ी थीं।

ब्रिटेन में मुद्रास्फीति की दर अगस्त में घटकर 6.7 प्रतिशत पर, विश्लेषक हैरान

लंदन एजेंसी। ब्रिटेन में मुद्रास्फीति की दर में अगस्त में घटी है। इससे यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद से ब्रिटेन की महंगाई दर अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई है। विश्लेषक ब्रिटेन के मुद्रास्फीति के आंकड़ों से हैरान हैं। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद ब्रिटेन में ऊर्जा और खाने-पीने के सामान की कीमतों में उछाल आया था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति घटकर 6.7 प्रतिशत पर आ गई है, जो जुलाई में 6.8 प्रतिशत थी। इस गिरावट के बाद महंगाई दर फरवरी, 2022 के बाद अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई है। इसमें कहा गया है कि होटल और हवाई किराये की लागत घटने और खाद्य उत्पादों के दाम कम होने से ऊर्जा की कीमत में बढ़ोतरी की भरपाई करने में मदद मिली है। हालांकि, मुद्रास्फीति में गिरावट से विश्लेषक हैरान हैं।

भारत-कनाडा रार से बिगड़ेगा कारोबार

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और कनाडा के बीच राजनीतिक तनाव बढ़ने का बुरा असर दोनों देशों के आर्थिक संबंधों पर पड़ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि भले ही कोई तात्कालिक असर न हो लेकिन विवाद लंबा खिंचने पर कारोबार पर विपरीत असर पड़ेगा। राजनीतिक वजहों से दोनों देशों के बीच शुरुआती व्यापार समझौते पर चल रही बातचीत रद्द हो चुकी है, जो अंतिम अवस्था में थी।

दोनों देशों को उम्मीद थी कि इस साल के अंत तक समझौते को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भारत के राजदूत रह चुके जयंत दासगुप्ता ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पटरी से उतरने का दोनों देशों पर विपरीत असर पड़ेगा।

दासगुप्ता ने कहा, 'अगर दोनों देशों के बीच एफटीए (जिस पर बात हो रही थी) होता तो इससे कुछ क्षेत्रों को बाजार तक पहुंच बढ़ाने में मदद मिल सकती थी। अब इस अवसर का लाभ उठाने में देरी होगी। इस हिसाब से देखें तो नुकसान है। अगर तनाव जारी रहता है और आगे और प्रतिक्रियात्मक कार्रवाई की जाती तो कारोबार पर असर पड़ सकता है।'

कनाडा के साथ भारत का कारोबार कुल कारोबार के 1 प्रतिशत से कम है और वह वित्त वर्ष 23 में भारत का 35वां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था, जिसके साथ कुल व्यापार 8.16 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 23 के दौरान कनाडा को भारत का निर्यात 4.11 अरब डॉलर था, जो वित्त वर्ष 22 के 3.76 अरब डॉलर से अधिक है। इसका मतलब यह है कि अन्य देशों की तुलना में कनाडा को होने वाले निर्यात की हिस्सेदारी 1 प्रतिशत से भी कम है। भारत से कनाडा भेजे जाने वाले प्रमुख निर्यातों में दवाएं, परिधान, हीरे, रसायन, रत्न एवं आभूषण, समुद्री खाद्य, इंजीनियरिंग के सामान, चावल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व अन्य सामान शामिल हैं। बहरहाल निर्यातकों का कहना है कि लोहा और स्टील उत्पादों और मशीनरी जैसे इंजीनियरिंग के सामान पर असर पड़ सकता है।

चीन में नियम स्पष्ट नहीं होने, अमेरिका के साथ तनाव कारोबार में बाधा: सर्वे

बीजिंग एजेंसी। चीन में काम करने वाली अमेरिकी कंपनियां प्रौद्योगिकी, व्यापार तथा अन्य मुद्दों पर अमेरिका के साथ तनाव को अपने कारोबार के लिए एक बड़ी बाधा के रूप में देखती हैं। मंगलवार को जारी एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। शंघाई में अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के एक सर्वेक्षण के अनुसार, निवेश के लिए विदेशी गंतव्य के तौर पर चीन की साख में निरंतर गिरावट आ रही है। हालांकि, सर्वेक्षण में शामिल 325 कंपनियों में से दो-तिहाई ने कहा कि उनकी चीन को लेकर रणनीति को बदलने की तत्काल कोई योजना नहीं है।

सर्वेक्षण में शामिल पांच में से एक से अधिक कंपनियों ने कहा कि वे इस साल चीन में अपना निवेश कम कर रही हैं, जिसकी मुख्य वजह अमेरिका-चीन व्यापार संबंधों में अनिश्चितता और चीन की वृद्धि धीमी रहने का अनुमान है। कुल मिलाकर सर्वेक्षण से पता चलता है कि पिछले साल की तुलना में धारणा और अधिक खराब हुई है। उस समय कोविड-19 वैश्विक महामारी को लेकर चीन की सख्त नीतियों का असर इन कंपनियों पर पड़ा था। सर्वेक्षण में सामने आया कि इस तरह के व्यवधान प्रमुख वजह थे, जिनका हवाला कंपनियों ने चीन के बाहर अपने परिचालन का विस्तार करने के लिए दिया।

सर्वेक्षण में शामिल 52 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे चीन में अपने पांच साल के कारोबारी दृष्टिकोण को लेकर आशान्वित हैं। शंघाई में अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा 1999 में वार्षिक सर्वेक्षण शुरू करने के बाद से यह आंकड़ा अबतक का सबसे निचला स्तर है। करीब 10 में से नौ कंपनियों ने बढ़ती लागत को भी एक बड़ी चुनौती बताया। कंपनियों ने भू-राजनीतिक तनाव को एक बड़ी चिंता बताया। उनका कहना था कि इसके बाद आई आर्थिक सुस्ती ने वैश्विक महामारी के बाद एक तेज उछाल की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। अमेरिकी कंपनियां चीन के अधिकारियों से विभिन्न नियमों को स्पष्ट करने का आग्रह भी कर रही हैं।

उनका कहना है कि नियमों में बदलाव के कारण 'ग्रे एरिया कंपनियों में इस बात को लेकर अनिश्चितता उत्पन्न हो जाती है कि किस चीज की अनुमति है और क्या गैरकानूनी हो सकता है। सर्वेक्षण के बारे में पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि बीजिंग ने हाल ही में विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए कदम उठाए हैं और चीन विदेशी कंपनियों का स्वागत करता है। प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, ''मैं आपको यही बता सकता हूं कि चीन की अर्थव्यवस्था जुझारू तथा गतिशील है। दीर्घकालिक विकास के बुनियादी सिद्धांत नहीं बदले हैं। बड़े आकार के बाजार और संपूर्ण औद्योगिक प्रणाली से होने वाले लाभ भी वैसे ही बने हुए हैं।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2023 की पहली छमाही में चीन में विदेशी निवेश में सालाना आधार पर 2.7 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं चीन में ब्रिटिश चैंबर ऑफ कॉमर्स के एक सर्वेक्षण में पाया गया कि 70 प्रतिशत विदेशी कंपनियां नया निवेश करने से पहले ''अधिक स्पष्टता चाहती हैं। चीन में यूरोपीय संघ चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कहा कि उसके सदस्य निवेश को दक्षिण-पूर्व एशिया और अन्य स्थानों में स्थानांतरित कर रहे हैं।

सिराज बने नम्बर 1 गेंदबाज

आईसीसी रैंकिंग में बोल्ट, राशिद और स्टार्क जैसे दिग्गजों को पछाड़

दुबई (एजेंसी)। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज बुधवार को 5 अक्टूबर से शुरू होने वाले आईसीसी विश्व कप से पहले वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में 8 पायदान ऊपर चढ़कर नंबर एक स्थान पर पहुंच गए। एशिया कप फाइनल में श्रीलंका को 50 रन पर समेटने के लिए सिराज ने 21/6 के आंकड़े के साथ शानदार गेंदबाजी की थी जिससे ना सिर्फ भारत ने एशिया कप का खिताब जीता बल्कि सिराज को गेंदबाजी रैंकिंग चार्ट में शीर्ष पर पहुंचने में भी मदद की। सिराज ने 12.2 की औसत से 10 विकेट लेकर टूर्नामेंट का समापन किया। उन्होंने रैंकिंग में ट्रेंट बोल्ट, राशिद खान और मिशेल स्टार्क जैसे गेंदबाजों को पीछे छोड़ दिया है। मुजीब उर रहमान और राशिद खान की अफगान स्पिन जोड़ी भी अपनी रैंकिंग में सुधार करके क्रमशः नंबर 4 और नंबर 5 पर पहुंच गई है। वे शीर्ष 10 में जाने वाले एकमात्र अन्य व्यक्ति थे।

दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज ने अपनी चोट से वापसी के बाद जबरदस्त प्रदर्शन किया। महाराज ने प्रोटियाज को बैगी ग्रीन्स के खिलाफ पहले दो मैच हारने के बाद पांच मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला जीतने वाली पांचवीं टीम बनने में मदद की। पांचवें एकदिवसीय मैच में बाएं हाथ के स्पिनर के 4-33 रन ने उन्हें श्रृंखला में 16.87 की औसत और केवल 4.07 प्रति ओवर की इकॉनमी से 8 विकेट दिलाए। वह इस समय अपने पिछले करियर के उच्चतम स्तर से 10 स्थान ऊपर 15वें स्थान पर हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में अश्विन के चयन पर इरफान पठान ने उठाए सवाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 सितंबर से शुरू होने वाली भारतीय वनडे सीरीज में ऑफ-स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को अचानक शामिल किए जाने से खुश नहीं हैं और उन्होंने इस पर सवाल उठाए हैं। लंबे समय से भारतीय

वनडे टीम का हिस्सा नहीं रहे अश्विन ने अपना आखिरी वनडे मैच जनवरी 2022 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। पठान का मानना है कि प्लानिंग की कमी थी और अश्विन को ज्यादा मौके दिए जाने चाहिए थे।

पठान ने कहा, आपको पूरी दुनिया में अश्विन से बेहतर स्पिनर मिलता है। लेकिन विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में जहां अत्यधिक दबाव होता है, आप एक वरिष्ठ खिलाड़ी से उस प्रारूप में टीम के लिए खेलने की उम्मीद नहीं कर सकते हैं। उसने लंबे समय से नहीं खेला है और अपनी योग्यता साबित नहीं की है। इसलिए आप इसे पूरी तरह से भाग्य पर छोड़ रहे हैं। यहां कोई प्लानिंग नहीं है। अगर अश्विन के लिए कोई योजना थी, तो उन्हें विश्व कप से पहले कुछ खेल का समय देना चाहिए था। हां, वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेंगे लेकिन क्या यह काफी है? आपको 10 ओवर गेंदबाजी करनी होगी, टीम में भी तालमेल बिठाना होगा और भारत को वैसा परिणाम देना होगा। यह इतना आसान नहीं है। योजना बेहतर होनी चाहिए थी।

शाहीन अफरीदी की शादी में शामिल हुए बाबर आजम, अनबन की खबरों पर लगा विराम

करांची (एजेंसी)। क्रिकेट प्रशंसक एक बार फिर से उत्साह से भर गए हैं क्योंकि पाकिस्तान के स्टार तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने कराची में पूर्व क्रिकेट दिग्गज शाहिद अफरीदी की बेटी अंशा के साथ दोबारा शादी कर ली है। इस जोड़े का निकाह समारोह इस साल फरवरी में

हुआ था। अब क्रिकेट विश्व कप से ठीक पहले जोड़े ने अपने प्यार का खुले आम इजहार करने के लिए यह मौका बनाया है।

अफरीदी की शादी के दौरान प्रशंसकों को एक दिल छू लेने वाला पल भी महसूस हुआ जब टीम कप्तान बाबर आजम को शाहिद अफरीदी और दूल्हे (शाहीन) के साथ गले मिलते हुए देखा गया। इस साल की शुरुआत में, दिग्गज क्रिकेटर शाहिद अफरीदी ने पुष्टि की थी कि शाहीन की शादी का उत्सव इस साल सितंबर में शुरू होगा। निकाह समारोह में, एक रिसेप्शन आयोजित किया गया जहां शीर्ष क्रिकेटर बाबर आजम, सरफराज अहमद, नसीम शाह और शादाब खान और अन्य सेलेब्स मौजूद रहे। बाबर आजम के शाहीन की शादी में आते ही दोनों में अनबन की खबरों पर विराम लग गया है। पाकिस्तान जब एशिया कप से बाहर हुआ था तो ड्रेसिंग रूम में बाबर आजम और शाहीन के बीच अनबन की खबरें बाहर आई थीं। इस पर मंगलवार दोपहर को ही शाहीन ने बाबर के साथ एक तस्वीर साझा कर विराम लगा दिया था।

एशियाई खेलों के लिए टीम इंडिया तैयार

15 टीमों का पुरुष टूर्नामेंट 27 सितंबर से 7 अक्टूबर के बीच होगा

नईदिल्ली (एजेंसी)। एशियाई खेलों में 9 साल बाद क्रिकेट की वापसी हो गई है। टीम इंडिया की पुरुष और महिला टीम भी इस बार चाइना के हांगझू में महाद्वीपीय चुनौती के लिए उतरेंगी। 15 टीमों का पुरुष टूर्नामेंट 27 सितंबर से 7 अक्टूबर के बीच होगा। पुरुष टीम की अगुवाई जहां ऋतुराज गायकवाड़ कर रहे हैं तो वहीं, महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर करने वाली हैं।

ये हैं 15 टीमें

एशियाई खेल 2023 की महिला क्रिकेट स्पर्धा में 15 टीमें स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह टीमें हैं- अफगानिस्तान, मंगोलिया कंबोडिया, जापान, नेपाल, हांगकांग चीन, सिंगापुर, थाईलैंड, मलेशिया, बहरीन, मालदीव, भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश पहले ही क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं।

बनाए गए हैं चार ग्रुप

ग्रुप ए - अफगानिस्तान और मंगोलिया।
ग्रुप बी - कंबोडिया, जापान और नेपाल।
ग्रुप सी - हांगकांग चीन, सिंगापुर और थाईलैंड।
ग्रुप डी - मलेशिया, बहरीन और मालदीव।
क्वार्टर-फाइनल (सीधे प्रवेशकर्ता) - भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश।

पुरुष क्रिकेट इवेंट शेड्यूल

27 सितंबर- नेपाल बनाम जापान, सुबह 6.30 बजे
27 सितंबर- हांगकांग, चीन बनाम सिंगापुर, सुबह 11.30 बजे

28 सितंबर- मलेशिया बनाम बहरीन, सुबह 6.30 बजे
28 सितंबर- जापान बनाम कंबोडिया, सुबह 11.30 बजे
29 सितंबर- मालदीव बनाम मलेशिया, सुबह 6.30 बजे
29 सितंबर- सिंगापुर बनाम थाईलैंड, सुबह 11.30 बजे
1 अक्टूबर- अफगानिस्तान बनाम मंगोलिया, सुबह 6.30 बजे
1 अक्टूबर- कंबोडिया बनाम नेपाल, सुबह 11.30 बजे
2 अक्टूबर- थाईलैंड बनाम हांगकांग चीन, सुबह 6.30 बजे
2 अक्टूबर-बहरीन बनाम मालदीव, सुबह 11.30 बजे
3 अक्टूबर-भारत (पहली रैंक वाली टीम) बनाम टीबीडी, क्वार्टर फाइनल 1, सुबह 6.30 बजे
3 अक्टूबर-पाकिस्तान (दूसरी रैंक वाली टीम) बनाम टीबीडी, क्वार्टर फाइनल 2, सुबह 11:30 बजे
4 अक्टूबर- एसएल (तीसरी रैंक वाली टीम) बनाम टीबीडी, क्वार्टर फाइनल 3, सुबह 6.30 बजे
4 अक्टूबर- बांग्लादेश (चौथी रैंकिंग वाली टीम) बनाम टीबीडी, क्वार्टर फाइनल 4, सुबह 11:30 बजे
6 अक्टूबर-विजेता क्यूएफ 1 बनाम विजेता क्यूएफ 4, सेमीफाइनल 1, सुबह 6.30 बजे
6 अक्टूबर- विजेता क्यूएफ 2 बनाम विजेता क्यूएफ 3, सेमीफाइनल 2, सुबह 11.30 बजे
7 अक्टूबर- लूजर एसएफ 1 बनाम लूजर एसएफ 2, तीसरा/चौथा मैच (कांस्य पदक प्लेऑफ), सुबह 6.30 बजे
7 अक्टूबर- विजेता एसएफ 1 बनाम विजेता एसएफ 2, फाइनल (स्वर्ण पदक मैच), सुबह 11.30 बजे

एशियाई खेलों के लिए भारतीय पुरुष टीम (क्रिकेट)

भारत पुरुष टीम -रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, राहुल त्रिपाठी, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, अवेश खान, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, शिवम मावी , शिवम दुबे, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर)।

टी20 विश्व कप

अमेरिका में खेला जाएगा भारत-पाक मैच, इस जगह होगा ब्लॉकबस्टर मुकाबला

नई दिल्ली (एजेंसी)। 2024 टी20 विश्व कप वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में खेला जाएगा। अमेरिका के लिए विश्व कप की मेजबानी करने का यह पहला मौका होगा और इस पर चार चांद चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला लगाएगा। आईसीसी ने अमेरिका में इस ब्लॉकबस्टर मुकाबले के लिए एक स्थान तय कर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला ब्रोंक्स के वान कोर्टलैंड पार्क में खेला जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रोंक्स के वान कॉर्टलैंड पार्क में एक समान पॉप स्थल के निर्माण के लिए आईसीसी और न्यूयॉर्क शहर के अधिकारियों के बीच ठोस बातचीत के बाद कुछ महीनों के भीतर घोषणा की जाएगी। पार्क के आसपास रहने वाले कुछ स्थानीय लोगों और उसी पार्क में स्थित एक क्रिकेट लीग के भारी विरोध के बाद शहर के अधिकारियों को ब्रोंक्स छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। ब्रोंक्स का नुकसान नासाउ काउंटी का लाभ था क्योंकि आईसीसी नासाउ काउंटी के अधिकारियों, आइजनहावर पार्क के प्रशासकों के साथ बातचीत को मूर्त रूप देने में तत्पर साबित हुई।

हाल ही में समाप्त हुए एशिया कप में भारत और पाकिस्तान का आमना-सामना हुआ, जहां भारत ने रिजर्व डे पर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 228 रनों से हराया। अब भारत और पाकिस्तान दोनों आगामी वनडे विश्व कप 2023 में एक-दूसरे का सामना करेंगे, यह मुकाबला 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा और मुकाबला भारतीय समयानुसार दोपहर 2 बजे शुरू होगा।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो का ईरान में भव्य स्वागत, प्रशंसकों ने घेरी बस

तेहरान (एजेंसी)। एएफसी चैंपियंस लीग के तहत तेहरान स्थित क्लब पर्सेपोलिस के खिलाफ मुकाबले के लिए 5 बार के बैलन डी ओर विजेता क्रिस्टियानो रोनाल्डो सोमवार को ईरान की राजधानी पहुंचे तो उनका भव्य स्वागत हुआ। अल नासर को कतर के अल-दुहैल एससी, ताजिकिस्तान के एफसी इस्तिक्लोल और पर्सेपोलिस के साथ ग्रुप ई में रखा गया है। एसीएल के 21वें संस्करण का ड्रा 24 अगस्त को मलेशिया के कुआलालम्पुर में आयोजित किया गया था।

अल नासर ने सोशल मीडिया पेज पर एक वीडियो साझा की है जिसमें रोनाल्डो की एक झलक पाने के लिए भीड़ बेताब दिख रही है, इस कारण अल नासर टीम की बस को बहुत धीमी गति से आगे बढ़ाना पड़ा। एक युवा प्रशंसक बहुत भावुक था और रियल मैड्रिड के पूर्व खिलाड़ी का प्लेकार्ड पकड़कर रो रहा था। लोग इस पल को यादगार बनाने के लिए टीम बस की तस्वीरें भी खींच रहे थे।

38 वर्षीय पुर्तगाली स्टार खिलाड़ी ने क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड से चौंकाने वाले निकास के बाद जनवरी 2023 को अल नासर के साथ अनुबंध किया। सऊदी प्रो लीग में अपने पदार्पण के बाद रोनाल्डो ने अब तक 31 गोल किए हैं जबिक 27 एसिस्ट किए हैं। हाल ही में रोनाल्डो ने रियाद स्थित क्लब के लिए स्टार स्ट्राइकर सादियो माने और क्रोएशियाई स्ट्राइकर मार्सेलो ब्रोज़ोविक के साथ जोड़ी बनाई थी। बहरहाल, लीग में अस नासर का मुकाबला शुक्रवार को भारतीय समयानुसार रात 11.30 बजे होगा।

इंग्लैंड से सीरीज से पहले बोले पॉल स्टर्लिंग

यह दिखाने का अच्छा अवसर है कि हम क्या करने में सक्षम हैं

लंदन (एजेंसी)। आयरलैंड के अंतरिम कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के शुरुआती मैच से पहले टीम उत्साहित है जो बुधवार शाम से हेडिंग्ले में शुरू हुआ। स्टर्लिंग के पास पिछली बार एकदिवसीय मैच में दोनों टीमों के बीच हुई अच्छी यादें हैं। उन्होंने 2020

में साउथेम्प्टन में आयरलैंड के लिए 7 विकेट की जीत में 142 रन बनाए थे और उस एक रोमांचक खेल में आयरलैंड ने जीत के लिए 329 रनों का सफलतापूर्वक पीछा किया था।

स्टर्लिंग ने सीरीज शुरू होने से पहले कहा, यह बहुत समय पहले जैसा महसूस होता है, विशेष रूप से जब यह कोविड ??परिस्थितियों में था, लेकिन मुझे लगता है कि साउथेम्प्टन में उस दिन से वहां मौजूद खिलाड़ियों के लिए जीत की भावना है। मुझे पता है कि जब भी हम इंग्लैंड जाते हैं, आकर देखते हैं कि दुनिया में क्रिकेट के लिए सबसे अच्छे देशों में से एक में क्रिकेट क्या है, यह वास्तव में हमारे खिलाड़ियों को उत्साहित करता है। हम जानते हैं कि जो भी (इंग्लैंड के लिए) खेलेंगे वे गुणवत्तापूर्ण क्रिकेटर बनेंगे। मुझे लगता है कि इंग्लैंड हाल ही में इतनी अच्छी टीम इसलिए रही है क्योंकि गहराई में उनकी ताकत इतनी अधिक है। मुझे लगता है कि वे संभवत:-अपने शीर्ष एकादश में से किसी एक की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को ले सकते हैं और यह बहुत भिन्न नहीं होगा कि वे अपना काम कैसे करते हैं।

32 वर्षीय ने 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए क्वालीफाइ ना कर पाने के लिए निराशा के बाद एंडी बालबर्नी से पदभार संभाला है। उनका मानना है कि जैक क्रॉली के नेतृत्व वाले इंग्लैंड के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए आयरलैंड की टीम में काफी क्षमता है।

उन्होंने कहा, यह वह प्रारूप है जिसे हम सभी खेलना पसंद करते हैं, और व्यक्तिगत रूप से मैं बहुत उत्साहित हूं - यह शायद मेरा पसंदीदा प्रारूप है। हम वास्तव में परिचित परिस्थितियों में वहां जाने के लिए उत्सुक हैं भले ही कैलेंडर वर्ष में काफी देर हो चुकी है, हर कोई वास्तव में वहां जाने और खेलने के लिए उत्साहित है। यह हमारे लिए यह दिखाने का अच्छा अवसर है कि हम क्या करने में सक्षम हैं।

स्टर्लिंग को पता है कि 2027 पुरुष वनडे विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन की राह यहीं से शुरू होती है। उन्होंने कहा, हमने वास्तव में उस आखिरी चक्र के दौरान 50 ओवरों का कुछ अच्छा क्रिकेट खेला, यह बिल्कुल गलत समय पर था। मुझे लगता है कि विश्व कप के बीच में हम शायद दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रहे थे। हम काफी करीब आ रहे थे, खासकर घरेलू मैदान पर, लेकिन हम क्वालीफायर में उस पूरी गति को बरकरार नहीं रख सके।

उन्होंने कहा, अब यह हम पर निर्भर है कि हम संभवतः 2027 में अगले क्वालीफायर में अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में कैसे रहेंगे। लेकिन यह रोमांचक हिस्सा है - हम एक नए चक्र की शुरुआत में हैं। कि इस समय बहुत अधिक दबाव नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से हम सही समय पर सही जगह पर होना चाहते हैं।

मेरे खाते में केवल 900 यूरो बचे हैं, अच्छी जिंदगी नहीं जी पा रहा हूं: सुमित नागल

नई दिल्ली (एजेंसी)। एटीपी टूर में खेलने के लिए एक करोड़ रुपए के बजट की व्यवस्था करने के बाद भारत के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल के बैंक खाते में अब एक लाख रुपए से भी कम की धनराशि बची है और अच्छी जिंदगी नहीं जी पाने के कारण वह उदास हैं। वह पिछले कुछ वर्षों से जर्मनी की नानसेल टेनिस अकादमी में अभ्यास कर रहे थे लेकिन पैसों की कमी के कारण वह 2023 के सत्र के शुरुआती तीन महीनों में अपने पसंदीदा स्थान पर अभ्यास नहीं कर पाए। उनके मित्र सोमदेव देववर्मन और क्रिस्टोफर मार्कुइस ने जनवरी और फरवरी में उनकी मदद की थी।

वित्तीय समस्याओं से जूझना शायद प्रत्येक भारतीय टेनिस खिलाड़ी की कहानी है लेकिन सच्चाई यह है कि देश का नंबर एक एकल खिलाड़ी अपने और अपने परिवार के लिए पर्याप्त धनराशि नहीं जुटा पा रहा है जिससे अप्रभावी प्रणाली और एटीपी टूर से जुड़े संघर्ष का पता चलता है जहां खिलाड़ी को अपनी लड़ाई खुद लड़नी पड़ती है। एटीपी टूर में खेलने के लिए नागल ने अपनी सारी पुरस्कार राशि, आईओसीएल से मिलने वाला अपना वेतन और महा टेनिस फाउंडेशन से मिलने वाली सहायता राशि को खर्च किया है। उनका यह खर्च पाइन में अभ्यास केंद्र में रुकने तथा अपने कोच या फिजियो के साथ टूर्नामेंट के लिए यात्राओं पर होता है।

नागल ने कहा, 'अगर मैं अपने बैंक में जमा धनराशि की बात करूं तो मेरे पास इतनी ही राशि है जितनी की वर्ष के शुरुआत में थी। यह 900 यूरो (लगभग 80000 रुपए) है। मुझे थोड़ी मदद भी मिली। महा टेनिस फाउंडेशन के प्रशांत सुतार मेरी मदद कर रहे हैं तथा मुझे आईओसीएल से मासिक (वेतन) भी मिलता है लेकिन मेरे पास कोई बड़ा प्रायोजक नहीं है। नागल ने इस साल 24 टूर्नामेंटों में हिस्सा लिया जिनसे उन्होंने लगभग 65 लाख रुपए की कमाई की। उन्हें सबसे बड़ी पुरस्कार राशि अमेरिकी ओपन से मिली जहां वह क्वालीफायर

के पहले दौर में हार गए थे लेकिन इसके बावजूद उन्हें 22000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 18 लाख रुपए) मिले।

उन्होंने कहा, 'मैं जो भी कमाई कर रहा हूं उसे खर्च कर दे रहा हूं। मेरा वार्षिक खर्च लगभग 80 लाख से लेकर एक करोड़ रुपए तक है और यह भी तब है जबकि मैं केवल एक कोच के साथ यात्रा करता हूं। मैंने जो भी कमाया उसे खर्च भी कर दिया। नागल ने कहा, 'मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों से भारत का नंबर एक खिलाड़ी होने के बावजूद मुझे पर्याप्त सहयोग नहीं मिल रहा है। मैं ग्रैंड स्लैम के लिए क्वालीफाई करने वाला एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हूं तथा मैंने पिछले साल ओलंपिक में एक मैच भी जीता था इसके बावजूद सरकार ने मुझे टॉप्स में शामिल नहीं किया है।

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि चोटिल होने के कारण जब मेरी रैंकिंग गिर गई तो किसी ने भी मेरी मदद करना उचित नहीं समझा। किसी को भी विश्वास नहीं था कि मैं वापसी कर सकता हूं। यह निराशाजनक है क्योंकि मुझे लगता है कि मैं जो कुछ भी करता हूं वह पर्याप्त नहीं है। भारत में वित्तीय सहायता हासिल करना बहुत मुश्किल है। ईमानदारी से कहूं तो मुझे पता नहीं कि क्या करना है। मैंने हार मान ली है।

पंजाबी बाग में प्राइमरी स्कूल के शिक्षक के बेटे नागल को पिछले साल कोर्ट से बाहर की समस्याओं से भी जूझना पड़ा। उन्होंने अपने कूल्हे का ऑपरेशन करवाया और वह दो बार कोविड-19 की चपेट में भी आए। नागल ने कहा, 'मेरे पास बचत के नाम पर कुछ भी नहीं है और मैं टूट रहा हूं। मैं यह नहीं कह सकता कि मैं बहुत अच्छी जिंदगी जी रहा हूं जहां मुझे काम करने की जरूरत नहीं है। मैंने पिछले दो वर्षों में खास कमाई नहीं की है। नागल एटीपी एकल रैंकिंग में 159वें स्थान पर हैं जो भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ है। उनके बाद शशि कुमार मुकुंद का नंबर आता है जिनकी विश्व रैंकिंग 407 है।

महिला आरक्षण तो 2039 तक लागू नहीं होगा: योगेंद्र यादव

नईदिल्ली, एजेंसी। महिला आरक्षण के लिए संसद में बिल पेश तो हुआ लेकिन अधिनियम बनने तक उसकी राह में कई रोड़े हैं। कई रिपोर्ट्स इस बात का दावा कर रही हैं कि महिला आरक्षण बिल को मूर्त रूप देने में 2029 तक का इंतजार करना पड़ेगा। इस विधेयक के कानून बनने से पहले इसके आगे परिसीमन की शर्त है। जिसे लेकर यह प्रावधान है कि परिसीमन 2026 के बाद हुई जनगणना के बाद ही लागू होगा। यह बताना जरूरी है कि परिसीमन अगली जनगणना के बाद ही होगा और ऐसे आसार हैं कि जनगणना 2027 के में होगी। उसके बाद महिला आरक्षण कोटा लागू किया जाना शेष रह जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में 2029 तक का समय लग सकता है। मगर स्वराज अभियान संगठन के संस्थापक योगेंद्र यादव ने कहा कि इस बिल को लागू होने में साल 2029 के बजाए 2039 तक का समय लग जाएगा। एक ट्वीट के जरिए योगेंद्र यादव ने अपनी बात समझाने की कोशिश की है। योगेंद्र यादव ने अपने ट्वीट में कहा, मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि महिला आरक्षण 2029 में होगा। यह भ्रामक है। दरअसल साल 2039 तक इसे लागू नहीं किया जा सकता। अधिकांश मीडिया रिपोर्ट्स परिसीमन खंड के वास्तविक महत्व

को नजरअंदाज करती हैं। अनुच्छेद 82 के तहत 2026 के बाद पहली जनगणना के आंकड़ों से पहले परिसीमन नहीं लागू किया जा सकता। जनगणना अब 2031 तक ही संभव है। अपने ट्वीट में योगेंद्र यादव ने बताया कि जनगणना साल 2027 के बजाए साल 2031 में होगी। जिसके बाद परिसीमन को लागू किया जाएगा। उन्होंने तर्क दिया कि परिसीमन आयोग की अंतिम रिपोर्ट आने में 3 से 4 साल का समय लग जाएगा। योगेंद्र यादव ने ट्वीट में कहा, अधिकांश पर्यवेक्षकों को यह याद नहीं है कि परिसीमन आयोग को अपनी अंतिम रिपोर्ट देने में 3 से 4 साल लग जाते हैं (पिछले वाले को 5 साल लगे थे)। इसके अलावा, जनसंख्या अनुपात में बदलाव को देखते हुए आने वाला परिसीमन काफी विवादास्पद हो सकता है। इसलिए हम 2037 या उसके आसपास आयोग की रिपोर्ट आने तक विचार कर सकते हैं। इस मुताबिक इसे 2039 में ही लागू किया जा सकता है। बुधवार 11 बजे से शाम 6 बजे तक बुधवार को महिला आरक्षण बिल पर चर्चा होनी है। केंद्र सरकार ने संसद के निचले सदन, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण प्रदान करने से संबंधित इस ऐतिहासिक बिल को मंगलवार को लोकसभा में पेश कर दिया। विधि और न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने विपक्ष के शोर-शराबे के बीच संविधान (एक सौ अट्ठाईसवां संशोधन) विधेयक, 2023 पेश किया। इस विधेयक को पूरक सूची के माध्यम से सूचीबद्ध किया गया था। नए संसद भवन में पेश होने वाला यह पहला विधेयक है।

भाजपा सरकार ने 'महाझूठ' से शुरू की अपनी पारी : अखिलेश

लखनऊ, एजेंसी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महिला आरक्षण को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन?होंने कहा कि नयी संसद के पहले दिन ही भाजपा सरकार ने 'महाझूठ' से अपनी पारी शुरू की है।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि नयी संसद के पहले दिन ही भाजपा सरकार ने 'महाझूठ' से अपनी पारी शुरू करी है। जनगणना और परिसीमन के बिना महिला आरक्षण बिल लागू हो ही नहीं सकता, जिसमें कई साल लग जाएँगे, तो भाजपा सरकार को इस आपाधापी में महिलाओं से झूठ बोलने की क्या ज़रूरत थी। भाजपा सरकार न जनगणना के पक्ष में है न जातिगत गणना के, इनके बिना तो महिला आरक्षण संभव ही नहीं है।

उन?होंने कहा कि आधा-अधूरा बिल 'महिला आरक्षण' जैसे गंभीर विषय का उपहास है। इसका जवाब महिलाएं आगामी चुनावों में भाजपा के विरूद्ध वोट डालकर देंगी।

जयपुर में बढ़ने लगा डेंगू-मलेरिया का खतरा, हेल्थ स्कीम पर प्राइवेट हॉस्पिटल की मनमानी

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान की राजधानी जयपुर में बारिश के साथ ही जयपुर में डेंगू-मलेरिया के केस फिर से बढ़ने लगे हैं। जयपुर में रोज औसत 11 केस आ रहे हैं। वही दूसरे जिलों से भी मरीज जयपुर पहुंच रहे हैं, इसलिए अस्पतालों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ने लगी है।सरकारी आंकड़ों के अनुसार राजस्थान में हर रोज 125 से ज्यादा डेंगू के नए मरीज हॉस्पिटल पहुंच रहे हैं। स्थिति ये है कि मरीजों की भीड़ को देखते हुए छोटे-बड़े प्राइवेट हॉस्पिटल संचालकों ने आरजीएचएस (राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम) और चिरंजीवी हेल्थ स्कीम में मरीजों को भर्ती करने से मना कर दिया। डेंगू मरीजों को भर्ती करना बंद कर दिया है। रात में आने वाले मरीजों को बेड नहीं होने या स्थिति ज्यादा खराब होने का बहाना बनाकर वापस भेजा जा रहा है। इधर, मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण अब ब्लड बैंकों में भी प्लेटलेट्स की मांग बढ़ गई है। अब इसका संकट गहराने लगा है।जयपुर हेल्थ डिपार्टमेंट की रिपोर्ट के मुताबिक जयपुर में हर रोज डेंगू के औसत 11 केस ही आ रहे है। इससे पहले अगस्त में जयपुर में हर रोज औसतन 21 से ज्यादा केस आ रहे थे। अब दूसरे जिलों से मरीज आने के

कारण यहां हॉस्पिटल में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट से जारी रिपोर्ट देखे तो 1 सितंबर तक प्रदेश में कुल 2830 केस डेंगू के थे, जो 15 सितंबर तक बढ़कर 4674 से भी ज्यादा हो गए। सबसे ज्यादा केस जयपुर में 880 आ चुके हैं, जबकि सिरोही-जालोर में 3-3 केस आए हैं। अब तक डेंगू से राज्य में 6 मरीजों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य निदेशालय की रिपोर्ट देखे तो पिछले 15 दिनों में डेंगू का सबसे ज्यादा प्रकोप कोटा, झालावाड़, बीकानेर, बारां जिले में रहा, जहां केस डबल हो गए।

वाहनों की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, मौके पर मौत

नई दिल्ली, एजेंसी। पांडव नगर स्थित एनएच-9 पर मंगलवार तड़के वाहनों की जांच कर रहे दिल्ली पुलिस के सब इंस्पेक्टर और बोलेरो चालक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। दोनों को अस्पताल में भर्ती किया। जहां एसआई 59 वर्षीय गंगासरन की मौत हो गई। घायल राम गोपाल की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस उपायुक्त अमरुथा गुगुलोथ ने बताया कि एसआई गंगासरन परिवार के साथ नांगलोई इलाके में रहते थे। वह मूलत बुलंदशहर के बमरौली गांव के रहने वाले थे और कल्याणपुरी थाने में तैनात थे। सोमवार शाम वह घर से थाने आए थे। उनकी नाइट ड्यूटी थी। वह एएसआई अजय तोमर (चालक) के साथ ईआरवी पर पेट्रोलिंग पर थे। तड़के करीब 530 बजे गंगासरन ने एनएच-9 पर संदिग्ध बोलेरो पिकअप गाड़ी देखी, वह चारों ओर से बंद थी। उन्होंने ईआरवी वैन संदिग्ध गाड़ी के आगे लगाकर

उसे रुकवा लिया। वह गाड़ी के पीछे चालक रामगोपाल से दस्तावेजों की जांच कर रहे थे। गाड़ी को खोलकर देखा तो उसमें पौधे व गमले रखे थे, जिन्हें नैनीताल से लाया जा रहा था। रामगोपाल ने बताया कि वह गाड़ी को चंदर विहार, रणहौला लेकर जा रहा था। गंगासरन चालक से बात कर ही रहे थे कि इसी दौरान गाजियाबाद की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने दोनों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी अपनी कार मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। दोनों घायलों को एलबीएस अस्पताल में भर्ती कराया जहां एसआई को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी की कार कब्जे में ले ली है। पुलिस गाड़ी के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश में जुटी है। गाड़ी दिल्ली से ही रजिस्टर्ड है। गंगासरन अगले साल ही सेवानिवृत्त होने वाले थे। परिवार के सदस्यों ने बताया कि वह रिटायर होने के बाद गांव जाकर रहना चाहते थे। मगर शायद भगवान को कुछ और ही मंजूर था। गंगासरन वर्ष 1984 में दिल्ली पुलिस में हवलदार के तौर पर भर्ती हुए थे। बाद में तरक्की प्राप्त कर वह सब इंस्पेक्टर बन गए थे। दिल्ली में इनका परिवार चंचल पार्क, नांगलोई में रह रहा है। इनके परिवार में पत्नी उषा देवी के अलावा तीन बेटे हरेंद्र, संजीव राजीव के अलावा दो बेटी संतोष और वीना है। संतोष की शादी हो चुकी है। बाकी चारों की बच्चे अलग-अलग कंपनी में प्राइवेट नौकरी करते हैं। उधर, पुलिस ने मंगलवार दोपहर ही पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। शास्त्री पार्क इलाके में सोमवार रात किसी अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को पुलिस ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने 43 वर्षीय आदित्य कटारिया को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस बाबत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुटी है।

फरीदाबाद एनकाउंटर में आरोपी की मौत के बाद पुलिसकर्मियों पर ऐक्शन, लोगों के विरोध पर कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी। हरियाणा पुलिस के साथ कथित मुठभेड़ में मारे गए आरोपी के परिवार की ओर से हत्या का आरोप लगाए जाने के बाद एनकाउंटर में शामिल पुलिसकर्मियों पर गाज गिरी है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि पुलिस उपनिरीक्षक और उनकी टीम के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। फरीदाबाद में तीन दिन पहले हुई मुठभेड़ के सिलसिले में पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग को लेकर सोमवार को पाखल गांव में एक पंचायत बुलाई गई थी। लोगों ने इस मामले में केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता से मुलाकात की थी। इसके बाद पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई हुई है।

फरीदाबाद पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर 48 अपराध शाखा के प्रमुख उपनिरीक्षक राकेश कुमार और उनकी टीम के खिलाफ धौज थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 34 (साझा इरादा) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पावटा महबाताबाद गांव रहने वाला बलराज उर्फ बलविंदर उर्फ बल्लू डकैती के कई मामलों में पुलिस द्वारा वांछित आरोपी था। शनिवार को एक संक्षिप्त मुठभेड़ में उसकी मौत हो गई जबकि घटना के बाद उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

सोमवार सुबह महबाताबाद गांव के ग्रामीणों ने पास के पाखल गांव में एक पंचायत की और पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की। पंचायत में 35 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया और वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय प्रताप सिंह ने पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य से फोन पर बात कर पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की। इसके बाद सोमवार देर शाम ग्रामीणों ने केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर से दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की जिन्होंने आश्वासन दिया कि कोई अन्याय नहीं होगा। इस मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट नौरंग शर्मा द्वारा न्यायिक जांच के आदेश दिए गए हैं, लेकिन परिवार ने पोस्टमार्टम से पहले प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। प्राथमिकी मंगलवार को दर्ज की गई। पुलिस के मुताबिक, सेक्टर 48 की अपराध शाखा को शनिवार देर रात सूचना मिली थी कि बलराज और उसके दो साथी किसी वारदात को अंजाम देने जा रहे हैं।

दिल्ली में दृश्यम जैसा कांड, हत्या के बाद जमीन में गाड़ा शव; व्हाट्सऐप स्टेटस से सामने आया सच

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के आरकेपुरम इलाके में सर्वे ऑफ इंडिया के वरिष्ठ सर्वेयर महेश कुमार की हत्या का राज व्हाट्सऐप के स्टेटस से खुल गया। मामले में पुलिस ने आरोपी अनीस को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने सर्वेयर का शव जमीन में गाड़कर व्हाट्सऐप पर कर्जा चुकाने का स्टेट्स डाल दिया था। इससे सर्वेयर के भाई को शक हुआ तो आरोपी को दो सितंबर को पकड़ लिया।

आरोपी अनीस ने बताया कि 28 अगस्त को वह महेश को उधार लिए 9 लाख रुपये देने के बहाने अपने घर ले गया। वहां उसकी पाने से पीटकर हत्या कर दी। 29 अगस्त को गाड़ी में शव रखकर आरकेपुरम के सेक्टर-2 स्थित फ्लैट में पहुंचा। वहां गड्ढा खोदकर शव को गाड़ दिया। सर्वेयर की गाड़ी पार्किंग में खड़ी कर दी। उसने करीब 20 दिन पहले हत्या की साजिश रची थी।

आरोपी ने महेश के भाई मुनेश को बताया कि उसका भाई 28 अगस्त को उसके घर आया था और अपनी गाड़ी देकर चला गया। महेश के परिवार से बात करने के बाद आरोपी अनीस ने महेश के व्हाट्सऐप पर स्टेटस लगा दिया। लिखा कि मुझ पर 65 लाख रुपये का कर्जा है। मैं अपनी मर्जी से जा रहा हूं, लौटकर सभी के पैसे वापस करूंगा। कृपया मेरे परिवार को परेशान न किया जाए। इस पर मुनेश को शक हो गया और वह थाने पहुंच गया। आरोपी ने बताया कि महेश उसकी महिला मित्र से दोस्ती बढ़ा रहा था। साथ ही अनीस ने महेश से 9 लाख रुपये उधार लिए थे। वह उसके पैसे भी वापस नहीं करना चाहता था।

हिंडन से बठिंडा के लिए शुरू हुई उड़ान, पंतनगर और पिथौरागढ़ के लिए भी सेवा शुरू करने की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी। हिंडन हवाई अड्डा सिविल टर्मिनल से लुधियाना के बाद अब बठिंडा के लिए भी उड़ान शुरू हो गई है। लुधियाना-हिंडन-बठिंडा मार्ग पर 19 सीटर एयरक्राफ्ट पूरे सप्ताह उड़ान भरेगा। इसी छह सितंबर के फ्लाईबिग कंपनी ने यहां से 19 सीटर एयरक्राफ्ट की उड़ान शुरू की थी। यहां उड़ान देहरादून-हिंडन-लुधियाना शुरू की गई थी। कुछ तकनीकी खामी के कारण देहरादून जाने वाली उड़ान को रद्द कर दिया गया लेकिन लुधियाना जाने वाली उड़ान बरकार रही।

अब कंपनी ने लुधियाना साथ बठिंडा के लिए भी उड़ान शुरू कर दी है। अब हिंडन सिविल टर्मिनल से लुधियाना-हिंडन-बठिंडा नया एयर रूट शुरू किया गया है। इस रूट पर कंपनी ने किराया भी छूट के बाद 999 रुपये एक तरफ का रखा है। कंपनी के बिजनेस हेड रतन लक्ष्मण राव के मुताबिक कंपनी पिछले कई दिनों से ट्रांयल के रूप में इस रूट पर उडान भर रही थी। सोमवार से अधिकारिक रूप से बठिंडा के लिए उड़ान शुरू दी है।

सोमवार को भी उनकी उड़ान शेड्युल के अनुसार हिंडन पहुंची। मंगलवार को उनका 19 सीटर एयरक्राफ्ट सुबह 9:00 बजे लुधियाना से उडकर 10:40 बजे हिंडन पहुंचा। उसके बाद सुबह 11 बजे हिंडन से उडकर 12:40 बजे बठिंडा उतरा। बठिंडा से दोपहर एक बजे उड़ने के बाद 2:40 बजे हिंडन पहुंचा और फिर यहां से 3:00 बजे उडने के बाद फ्लाइ शाम 4:40 बजे लुधियाना पहुंची। उन्होंने बताया कि कंपनी पंतनगर और पिथौरागढ़ के लिए उड़ान शुरू करने की तैयारी कर रही है।

सिंगल पैरेंटिंग वाले बच्चों में व्यवहार संबंधित समस्याएं

स्कूल में भी परेशानी की आशंका, बच्चों के बेहतर विकास के लिए माता-पिता का साथ होना जरूरी

वाशिंगटन एजेंसी। अमेरिका में हर साल माता और पिता दोनों के साथ रहने वाले बच्चों की दर कम होती जा रही हैं। वहां के लगभग एक चौथाई बच्चें या तो माता या फिर पिता के साथ रहते हैं। ये ट्रेंड सिर्फ अमेरिका तक ही सीमित नहीं बल्कि दुनियाभर में बढ़ता जा रहा है। इसका कारण घरेलू विवाद से लेकर अलग-अलग जगहों पर काम करना हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि सिंगल पैरेंटिंग कोई सकारात्मक विकास नहीं है। सिर्फ माता या पिता के साथ रहने वाले बच्चों में व्यवहार से संबंधित समस्याएं अधिक होती हैं।

इनका (खासकर पिता के बिना पलने वाले लड़कों का) स्कूल में या फिर कानून व्यवस्था के साथ परेशानी में पड़ने की ज्यादा संभावना भी होती है। वहीं, ये बच्चें बाकी की तुलना में कम स्तर की ?शिक्षा प्राप्त करते हैं।

इस कारण बड़े होने पर कम आय से जुड़े काम ही कर पाते हैं।

आर्थिक तौर पर भी ज्यादातर एकल माता या पिता को घर की जरूरतों को पूरा करने के लिए जूझना पड़ता है। उच्च स्तर की आय एक प्रमुख तंत्र है जिसके माध्यम से माता-पिता अपने बच्चों को फायदा पहुंचा सकते हैं।

आम तौर पर एकल माता या पिता की दोनों माता-पिता के बराबर आय नहीं हो सकती है। इसके अलावा दोनों माता-पिता के होने से बच्चों की देखभाल के लिए ज्यादा समय, ध्यान और ऊर्जा भी लगाई जा सकती है। ऐसे में जरूरी है कि बच्चें स्वस्थ, स्थिर माता-पिता वाले घरों में पले-बढ़े। कारण चाहे जो भी हो माता-पिता को अलग-अलग रहने की वजह ढूंढने के बजाए अपने परिवार को मजबूत करने के प्रभावी तरीके खोजते रहने होंगे।

दोषी ठहराने के बजाए एकल माता-पिता की मदद करेंल सामाजिक तौर पर हमें एकल माता या पिता को दोषी ठहराने के बजाए उनकी मदद के लिए आगे आना चाहिए। ऐसा करने से लाखों बच्चों की भलाई में सुधार होगा।

भारत विरोधी बयान पर कनाडाई पत्रकार की ट्रूडो को सलाह- आरोप साबित करो वर्ना...

टोरंटो, एजेंसी। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत पर आरोप लगा कर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो बुरी तरह फंस गए हैं। इस मामले में भारत सरकार ने सख्त रवैया अपनाया है। इस बीच कनाडाई पत्रकार मिलेवस्की टेरी ने पीएम ट्रूडो के दावे पर प्रतिक्रिया दी है। पत्रकार मिलेवस्की टेरी ने कहा कि पीएम ट्रूडो ने जो दावा किया है अगर वह सही साबित नहीं होता है तो उन्हें शर्मिंदगी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही इस मामले से जुड़े तथ्य सामने आ पाएंगे। पत्रकार ने कहा कि कनाडा के पीएम का सिर्फ यह कहना कि हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों का हाथ हो सकता है। यह एक चिंता की बात है। इससे दोनों देशों के संबंध खराब होंगे, क्योंकि जो आरोप लगाए गए हैं। अभी तक वह साबित नहीं हुए हैं।पत्रकार मिलेवस्की टेरी ने कहा कि कनाडा ने भारत पर जो आरोप लगाए हैं।

मिस यूनिवर्स पाकिस्तान एरिका के खिलाफ जांच करेगी आईएसआई

इस्लामाबाद, एजेंसी। मालदीव में 14 सितंबर को मिस यूनिवर्स पाकिस्तान का खिताब जीतने वाली एरिका रॉबिन और इस इवेंट के खिलाफ जांच होगी। ब्रिटिश अखबार 'द इंडिपेंडेंट' की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के केयरटेकर प्राइम मिनिस्टर अनवार-उल-हक काकड़ ने इंटेलिजेंस एजेंसी आईएसआई को इन्वेस्टिगेशन के ऑर्डर दिए हैं।

24 साल की एरिका रॉबिन क्रिश्चियन हैं। उन्होंने 14 सितंबर को मालदीव में मिस यूनिवर्स पाकिस्तान का खिताब जीता था। वो नवंबर में अल साल्वाडोर में होने वाले मिस यूनिवर्स 2023 में पाकिस्तान को रिप्रेजेंट करेंगी। इस ब्यूटी पेजेंट में हिस्सा लेने वाली एरिका पहली पाकिस्तानी हैं। इस इवेंट को दुबई की कंपनी यूजेन ग्रुप ने ऑर्गनाइज किया था। इसी ग्रुप ने बहरीन और इजिप्ट में भी यह इवेंट ऑर्गनाइज किया था। पाकिस्तान के कई रिलीजियस लीडर्स और खुद प्रधानमंत्री काकड़ इस इवेंट को मुल्क के खिलाफ साजिश बता रहे हैं। पाकिस्तान सरकार के रवैये और मजहबी नेताओं के विरोध के बाद कई सवाल उठ रहे हैं। पहला- क्या एरिका मिस यूनिवर्स 2023 में हिस्सा ले पाएंगीं? अगर वो हिस्सा लेती भी हैं तो क्या पाकिस्तान का नाम और नेशनल फ्लैग इस्तेमाल कर पाएंगीं? अगर ऐसा हुआ भी तो क्या मुल्क लौटने के बाद वो महफूज रह पाएंगीं? कराची की रहने वाली एरिका पेशे से मॉडल हैं। मिस यूनिवर्स ब्यूटी पेजेंट हर साल अलग-अलग देशों में ऑर्गनाइज किया जाता है। मेन इवेंट के पहले हर देश में इंटरनल ब्यूटी कॉन्टेस्ट होता है। इसको जीतने वाली लड़की मेन इवेंट में अपने देश को रिप्रेजेंट करती है। यही इवेंट पाकिस्तान में विरोध के डर से मालदीव में ऑर्गनाइज किया गया था और एरिका ने यहां अवॉर्ड जीता था। 24 साल की एरिका के अलावा हीरा इनाम, जेसिका विल्सन, मालिका अल्वी और शबरीना वसीम ने भी मालदीव में हुए ब्यूटी पेजेंट में हिस्सा लिया था। इन लड़कियों के खिलाफ जांच होगी या नहीं, यह अभी साफ नहीं है।

ऑर्गनाइजर्स के खिलाफ फौरन एक्शन हो

इस इवेंट के बाद पाकिस्तान के मजहबी नेता विरोध पर उतर आए हैं। इस्लामिक स्कॉलर तकी उस्मानी ने कहा- सबसे पहले तो सरकार को इस इवेंट के ऑर्गनाइजर्स के खिलाफ एक्शन लेना चाहिए। हम ये कभी नहीं कबूल नहीं करेंगे कि इस तरह के इवेंट्स में कोई लड़की पाकिस्तान के नाम पर शिरकत करे।

लास वेगास में 2 किशोरों पर घातक हिट-एंड-रन के लिए हत्या का आरोप, कैमरे में कैद किया वीडियो

लास वेगास, एजेंसी। लास वेगास में एक साइकिल चालक को निशाना बनाने और सड़क के किनारे पैडल मारते हुए उस व्यक्ति पर हमला करने के क्षण का वीडियो बनाने के लिए दो किशोरों पर हत्या का आरोप लगाया गया है। इसकी जानकारी अधिकारियों ने मंगलवार को दी।

पुलिस के अनुसार, किशोर 14 अगस्त को कम से कम तीन हिट-एंड-रन में शामिल थे। बेल, कैलिफोर्निया के पूर्व पुलिस प्रमुख 64 वर्षीय एंड्रियास रेने प्रोबस्ट को आखिरी विक्टम माना गया। सामने की यात्री सीट से शूट किए गए वीडियो में वाहन को पीछे से प्रोबस्ट की ओर आते हुए देखा जा सकता है। जैसे ही कार में बैठे लोग हंसते हैं, वाहन प्रोबस्ट की ओर बढ़ता है और फिर साइकिल को टक्कर मारता है, जिससे प्रोबस्ट हुड पर और विंडशील्ड में जा टकरा जाता है। चलती कार की आखिरी फोटो में प्रोबस्ट को कर्ब के बगल में जमीन पर दिखाया गया है। उप पुलिस प्रमुख निक फारेसी ने चोरी हुए वाहन के अंदर की रिकॉर्डिंग को भयावह और कायरतापूर्ण कृत्य बताया। क्लार्क काउंटी के जिला अटॉर्नी स्टीव वोल्फसन ने कहा कि उन्होंने मामले में व्यक्तिगत रुचि ली है और दोनों किशोरों पर वयस्कों के रूप में आरोप लगाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि तब तक उनकी पहचान नहीं की जाएगी। वोल्फसन ने कहा, इस मामले में न्याय मिलेगा। मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में, टेलर प्रोबस्ट ने अपने पिता - जिन्हें एंडी के नाम से जाना जाता है - को एक सम्मानित और ईमानदार व्यक्ति के रूप में वर्णित किया, जिन्होंने कानून प्रवर्तन में 35 से अधिक वर्षों तक काम किया। उन्होंने कहा, एंडी की हत्या से हम तबाह हो गए हैं। 17 वर्षीय ड्राइवर को दुर्घटना के दिन घातक हिट-एंड-रन से संबंधित यातायात आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने कहा कि उन्हें शुरू में वीडियो के बारे में पता नहीं था, कुछ हफ्ते बाद जब एक स्कूल संसाधन अधिकारी ने इसे जांचकर्ताओं को प्रदान किया, तो ड्राइवर पर हत्या का आरोप लगाया गया।

मेक्सिको में दिखाए एलियन कंकालों से नहीं हुई छेड़छाड़

टेस्टिंग से साबित हुआ- इन्हें जोड़-तोड़कर नहीं बनाया गया, ये कभी जीवित थे

मेक्सिको, एजेंसी। मेक्सिको की संसद में पिछले हफ्ते दिखाए गए कथित एलियन के शवों का लैब टेस्ट हुआ है। इसकी रिपोर्ट्स में सामने आया है कि ममी को अलग-अलग हड्डियों से जोड़कर नहीं बनाया गया है। ये पूरा एक ही कंकाल है। टेस्ट में एलियन के कंकाल से छेड़छाड़ या जोड़-तोड़ के भी कोई सबूत नहीं मिले हैं।

एलियन पर ये टेस्ट नेवी के फोरेंसिक डॉक्टर जोश बेनिटेज ने किया। मेक्सिकन नेवी में हेल्थ साइंस रिसर्च इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर ने बताया- कंकालों की जांच से पता चलता है कि यह एक समय पर जीवित था और इनके शरीर में अंडे भी मौजूद हैं। संभावना है कि मौत से पहले

ये प्रेग्नेंट था। उन्होंने ये भी कहा है कि इन शवों का इंसानों से कोई लेना-देना नहीं है।

मेक्सिकन जर्नलिस्ट और यूफोलॉजिस्ट जेम मोसान ने दावा किया था कि इन कंकालों का इंसान के इवॉल्यूशन से कोई कनेक्शन नहीं है। मेक्सिको की संसद में पहली बार एलियन की ममी पेश करते हुए मोसान ने कहा था- ये शव पेरू की एक खदान से मिले थे, जो करीब 1 हजार साल पुराने हैं। मोसान के मुताबिक ये दुनिया के इतिहास में अब तक की सबसे अहम खोजों में से एक है।

हालांकि कई वैज्ञानिकों ने दुनियाभर में वायरल हो रहे कथित एलियन ममी को खारिज करते हुए इसे एक क्रिमिनल स्टंट बताया था। नासा के वैज्ञानिक डॉ. डेविड स्पर्गेल ने सवाल किया था कि मोसान कथित एलियन के शवों का डेटा पब्लिक क्यों नहीं कर रहे हैं। इन फोटोज में एलियन की इंसानों की ही तरह 2 आंखें, एक मुंह, 2 हाथ, 2 पैर मौजूद हैं। हालांकि इसके हाथों में सिर्फ 3 उंगलियां नजर आ रही हैं। मोसान के मुताबिक वो साबित कर सकते हैं कि ये बॉडीज पृथ्वी पर मौजूद किसी भी जीव से एकदम अलग हैं। संसद में सुनवाई के दौरान मोसान ने दावा किया था कि ये एलियन शव हजार साल पुराने हैं और इनका धरती के जीवों से कोई ताल्लुक नहीं है। मोसान ने यह भी बताया कि 2 बॉडीज में से एक फीमेल एलियन है, जिसके शरीर में एग भी थे। रॉयटर्स के मुताबिक, मोसान के दफ्तर में चारों तरफ एलियन और स्नह से जुड़े आर्टवर्क्स मौजूद हैं। मोसान ने इन दोनों शवों को क्लारा और मॉरीशियो नाम दिया है। मोसान ने सोशल मीडिया और सुनवाई के दौरान एलियन के शवों पर हुई डीएनए टेस्टिंग और कार्बन डेटिंग से जुड़े टेस्ट की रिपोर्ट भी साझा की।

मेक्सिको की नेशनल आटोनॉमस यूनिवर्सिटी के इंस्टिट्यूट ऑफ एस्ट्रोनॉमी की वैज्ञानिक जुलिएटा फिएरो के मुताबिक ये पूरा मामला कोई मिस्ट्री नहीं है। उन्होंने कहा कि सैंपल की जांच में कार्बन-14 पाया गया है। इससे साबित होता है कि ये सैंपल अलग-अलग टाइम पीरियड की ममीज के ब्रेन और स्किन टिश्यू के हो सकते हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129